दैनिक
# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 17 | जयपुर | मंगलवार , 19 नवम्बर, 2024 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष चतुर्थी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## एसआई भर्ती-2021 में सिलेक्ट एसआई की पोस्टिंग पर रोक

### पासिंग आउट परेड भी नहीं होगी; हाईकोर्ट ने यथास्थिति बनाए रखने के दिए आदेश



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में सिलेक्ट एसआई की पोस्टिंग रोक दी है। हाईकोर्ट ने ट्रेनी एसआई की पासिंग आउट परेड पर रोक लगाते हुए पूरे मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। अब 2021 की एसआई भर्ती में चयनित एसआई को पोस्टिंग नहीं दी जा सकेगी। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने रोक के आदेश दिए हैं।

कैलाश चंद शर्मा और अन्य की याचिका पर फैसला देते हुए हाईकोर्ट ने कहा- याचिका के लंबित रहने के दौरान 2021 के चयनित ट्रेनी एसआई की पासिंग आउट परेड नहीं होगी। याचिकाकर्ता की तरफ से एडवोकेट हरेंद्र नील ने पैरवी की।

**पुलिस मुख्यालय तक ने भर्ती रद्द करने की सिफारिश की, सरकार ने कमेटी बना दी :** हाईकोर्ट में याचिकाकर्ताओं के वकील ने तर्क दिया कि एसआई भर्ती में हुए भारी फर्जीवाड़े के बाद एसओजी और पुलिस मुख्यालय ने इसे रद्द करने की सिफारिश की, लेकिन सरकार ने एक कमेटी बना दी और कुछ नहीं किया। इस फर्जीवाड़े के कारण योग्य अभ्यर्थी चयन से वंचित रह गए।

**30 दिन पहले ही 150 लोगों को पेपर मिल गया था :** हाईकोर्ट में याचिकाकर्ताओं की तरफ से कहा गया कि एसआई भर्ती परीक्षा-2021 के एग्जाम से 30 दिन पहले ही 150 लोगों तक पेपर पहुंच गया था। अतिरिक्त महाधिवक्ता से लेकर हर एक्सपर्ट ने इस भर्ती को रद्द करने की सिफारिश की थी।

**अब तक 50 ट्रेनी एसआई हो चुके हैं गिरफ्तार :** दरअसल, एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में बड़े पैमाने पर धांधली सामने आ चुकी है। एसओजी इस धांधली की जांच कर रही है। एसओजी अब तक 50 ट्रेनी एसआई और पेपर लीक गैंग से जुड़े 30 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। अभी भी कई ट्रेनी एसआई एसओजी के रडार पर चल रहे हैं। एसओजी ने इसी साल अप्रैल में पहली बार इस एग्जाम से जुड़े ट्रेनी एसआई की गिरफ्तारी की थी। एसआई भर्ती पेपर लीक मामले में राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) के पूर्व सदस्य रामू राम राईका, उसके बेटे देवेश राईका और बेटी शोभा राईका की भी गिरफ्तारी हुई थी। रामूराम राईका ने अपने बेटे-बेटी के लिए एसआई परीक्षा से 6 दिन पहले ही पेपर की व्यवस्था कर दी थी। रामूराम जानता था कि बेटे-बेटी पेपर को भी एक-दो दिन में पढ़कर पास नहीं कर सकते थे। इसलिए छह दिन तक दोनों बच्चों को पेपर की तैयारी कराई गई थी।

#### फर्जीवाड़े के कारण नहीं हुआ योग्य अभ्यर्थियों का चयन

याचिकाकर्ताओं के वकील हरेंद्र नील ने कोर्ट में तर्क दिया कि एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में पहले दिन से ही फर्जीवाड़े को लेकर पाली में एफआईआर दर्ज हो गई थी। इसके बाद अलग-अलग जिलों में मुकदमे हुए। इसका पेपरलीक हो गया था। फर्जीवाड़े के मुकदमे होने के बावजूद सरकार ने 2023 में नियुक्तियां देकर एसआई की ट्रेनिंग शुरू करवा दी। कोर्ट में एसआई भर्ती परीक्षा के फर्जीवाड़े को सिलसिलेवार बताया गया। याचिकाकर्ताओं की तरफ से तर्क दिया कि 2024 में एसओजी ने इस फर्जीवाड़े पर मुकदमा दर्ज किया। इस फर्जीवाड़े में 2 आरपीएससी मेंबर शामिल थे। 50 से ज्यादा ट्रेनी एसआई अरेस्ट हो चुके हैं।

## राहुल ने एक हैं तो सेफ हैं का पोस्टर दिखाया

### धारावी प्रोजेक्ट अडाणी को देने पर कहा- मोदी-अडाणी और शाह एक हैं, ये सेफ हैं




बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की वोटिंग से 2 दिन पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने मुंबई के धारावी के रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट को लेकर भाजपा सरकार की नीति की आलोचना की। उन्होंने एक तिजोरी से 2 पोस्टर निकाले। एक पोस्टर में एक हैं तो सेफ हैं लिखा था। दूसरे पोस्टर में धारावी की तस्वीर लगाई थी।

राहुल ने दोनों पोस्टर लहराते हुए कहा- भाजपा धारावी की जमीन अडाणी को देना चाहती है। एक हैं तो सेफ हैं का मतलब एक- मोदी जी, अडाणी जी, शाह है। सेफ कौन हैं- मोदी जी, अडाणी जी हैं। नुकसान किसका होगा- जनता का होगा। नारा उन्होंने दिया है। यह बिल्कुल सही नारा है। राहुल ने कहा कि महाराष्ट्र का पैसा महाराष्ट्र के लोगों को मिलेगा या एक व्यक्ति को मिलेगा। कई प्रोजेक्ट्स महाराष्ट्र से छीनकर अन्य राज्यों में गए। 7 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट्स छीने गए। महाराष्ट्र की मौजूदा सरकार रोजगार चोरी कर रही है। 5 लाख लोगों का रोजगार छीना गया है। धारावी का भविष्य सेफ नहीं है।

किसी एक के लिए धारावी खत्म किया जा रहा है। राहुल बोले- मोदी की मदद के बिना अडाणी को सब कुछ नहीं मिल सकता धारावी की जमीन वहां रहने वाले लोगों की है। वे वहां सालों से रह रहे हैं। धारावी को कन्वर्ट करने में कई सारी समस्याएं हैं। मैंग्रोव की जमीन छीनी जा रही है। एक व्यक्ति के लिए सारे नियम बदल दिए गए। देश के पोर्ट, एयरपोर्ट, डिफेंस इंडस्ट्री, धारावी सारा कुछ उस एक व्यक्ति को सौंपा जा रहा है, जिसका प्रधानमंत्री से पुराना रिश्ता है। अडाणी ये काम अकेले नहीं कर सकते।





जी20 समिट में मोदी-बाइडेन के बीच मुलाकात

## अमेरिकी राष्ट्रपति से मिलकर खुशी होती है : पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान

**रियो डि जेनेरियो (एजेंसी)।** ब्राजील की राजधानी रियो डी जेनेरियो में सोमवार को 19वीं जी20 समिट की शुरुआत हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी और दुनिया के बाकी वर्ल्ड लीडर्स वेन्यू पर पहुंचे, जहां ब्राजीली राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा और उनकी पत्नी ने मेहमानों का स्वागत किया। समिट के दौरान पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हाथ मिलाकर एक दूसरे का अभिवादन किया। इस मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि बाइडेन से मिलकर हमेशा खुशी मिलती है। पीएम मोदी की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी मुलाकात हो सकती है। जी20 समिट के पहले सेशन का मुद्दा 'भुखमरी और गरीबी के खिलाफ एकजुटता' है। पहले सेशन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने जी20 के सफल आयोजन के लिए ब्राजीली राष्ट्रपति को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ब्राजील ने अपनी अध्यक्षता में नई दिल्ली समिट में लिए गए फैसले को आगे बढ़ाया है। 'एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य' इस समिट में भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना पिछले साल था। जी20 समिट दो दिन 18 और 19 नवंबर तक चलेगी। इस इकोनॉमिक संगठन में 19 देश और 2 संगठन (यूरोपियन यूनियन और अफ्रीकन यूनियन) शामिल हैं। पिछली बार जी20 समिट का आयोजन भारत में हुआ था। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार सुबह रियो डि जेनेरियो पहुंचे थे। यहां भारतीय समुदाय के लोगों ने संस्कृत मंत्रों से उनका स्वागत किया। इससे पहले मोदी दो दिन के लिए नाइजीरिया दौरे पर थे।

वहां उन्हें सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर से नवाजा गया। मोदी, ब्राजील के बाद गुयाना का दौरा करेंगे।



### संस्कृत मंत्रों से हुआ मोदी का स्वागत

**प्रधानमंत्री मोदी सोमवार सुबह रियो डि जेनेरियो पहुंचे थे। यहां भारतीय समुदाय के लोगों ने संस्कृत मंत्रों से उनका स्वागत किया। इससे पहले मोदी दो दिन के लिए नाइजीरिया दौरे पर थे। वहां उन्हें सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर से नवाजा गया। मोदी, ब्राजील के बाद गुयाना का दौरा करेंगे।**

## कांग्रेस भाजपा पर संविधान में बदलाव करने का झूठा आरोप लगा रही : नितिन गडकरी

**ठाणे (महाराष्ट्र)।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि यह कांग्रेस ही है जिसने 1975 में आपातकाल के दौरान संविधान में संशोधन किया, लेकिन अब वह बेबुनियाद दावे कर रही है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संविधान को बदलने की योजना बना रही है। गडकरी ने महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले रविवार रात ठाणे शहर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी संविधान की मुख्य विशेषताओं में बदलाव नहीं कर सकता।




## भाजपा और आरएसएस जहर की तरह, ऐसे जहरीले सांपों को मार देना चाहिए : मल्लिकार्जुन खड़गे

बढ़ता राजस्थान



**मुंबई (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा और आरएसएस की तुलना जहरीले सांप से की है। उन्होंने सांगली में चुनाव प्रचार के दौरान कहा- अगर भारत में राजनीतिक रूप से सबसे ज्यादा खतरनाक कोई चीज है तो वो है भाजपा और आरएसएस। वे जहर की तरह हैं। अगर सांप काटता है, तो जिस व्यक्ति (जिसे काटा गया है) की मौत हो जाती है। ऐसे जहरीले सांप को मार देना चाहिए। खड़गे के बयान पर भाजपा ने आपत्ति जताई है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा- खड़गे का बयान भड़काऊ है और चुनाव आयोग को इसका संज्ञान लेना चाहिए। चुनाव आयोग को इसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। कांग्रेस-रूक्क सरकार सत्ता में आती है, तो उनका समर्थन न करने वाले लोगों की जान को खतरा होगा।

#### खड़गे की स्पीच की 2 बड़ी बातें

**1. मोदी** की सत्ता की भूख खत्म नहीं हो रही है खड़गे ने कहा- मोदी की सत्ता की भूख खत्म नहीं हो रही है। मोदी कल तक यहीं थे। आज वे विदेश में हैं। मणिपुर जल रहा है, लोग मर रहे हैं, आदिवासी महिलाओं का अपमान हो रहा है और महिलाओं के साथ बलात्कार हो रहा है, लेकिन मोदी कभी मणिपुर नहीं गए। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि पहले अपने घर का ख्याल रखें। बाद में कहीं भी जा सकते हैं।

**2. झांसी** में 10 बच्चे मर गए, लेकिन योगी का प्रचार नहीं रुक रहा महाराष्ट्र चुनाव में प्रचार करने वाले नेताओं की संख्या, मैदान में उतरे उसके उम्मीदवारों की संख्या से अधिक है। प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और अन्य नेता यहां आए हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी यहां थे। पता नहीं उन्हें क्या हुआ। उत्तर प्रदेश में झांसी के एक अस्पताल में आग लगने से 10 बच्चे मर गए। इसके बावजूद महाराष्ट्र में उनकी जनसभाएं नहीं रुकीं।

#### 2019 की तुलना में कांग्रेस कम सीटों पर लड़ रही

2019 के विधानसभा चुनाव की तुलना में कांग्रेस इस बार कम सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस ने पिछली बार 147 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। इस बार 44 उम्मीदवार कम उतारे हैं। एमवीए से कांग्रेस ने 103, उद्धव गुट ने 89, शरद पवार गुट ने 87 उम्मीदवार उतारे हैं।

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# विजयवर्गीय वैश्य समाज समिति मालवीय नगर जयपुर का अन्नकूट मनोरथ महोत्सव सआनन्द सम्पन्न हुआ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मीडिया प्रभारी बनवारीलाल विजयवर्गीय ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य संयोजक महेश रामस्नेही द्वारा गिरजा धरण ,महाप्रभु रामचरण जी महाराज के जय कारें के साथ कार्यक्रम शुभारंभ किया । सर्व प्रथम मुख्य अतिथि राकेश विजयवर्गीय थली वाले, महासभा अध्यक्ष अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा विशिष्ट अतिथि रामगोपाल गुप्ता, मुख्य संयोजक जयपुर प्रदेश कमलेश विजयवर्गीय डोडवाडी प्रदेशाध्यक्ष जयपुर प्रदेश, अति विशिष्ट अतिथि महेन्द्र कुमार थाना राजगढ़ ,श्यामलाल टहला अध्यक्ष सभी को गिरजा धरण की पूजन हेतु समिति के अध्यक्ष अभिषेक विजयवर्गीय के साथ आमंत्रित किया सभी का स्वागत समिति के अध्यक्ष एवं उनकी कार्यकारणी द्वारा किया गया। सभी ने पूजन अर्चन करते हुए भजनों का आनन्द लेते हुए लगभग 2150 समाज बंधुओं ने अन्नकूट मनोरथ प्रसादी का आनन्द लिया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राकेश विजयवर्गीय महासभा अध्यक्ष ने भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए 51000 /-की घोषणा की। टोंक, निवाई, कोटा,दौसा, बांदीकुई, चौमु,कौथून मालवीय विश्वकर्मानगर, विधाधर नगर, सांगानेर मानसरोवर महेश नगर, वैशाली, आगरा रोड, बास बदन पूरा जगतपुरा सम्पूर्ण जयपुर एवं बाहर पधारे हुए समाज बंधु ने आनन्द लेते हुए गिरजा धरण की आरती के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । सम्पूर्ण कार्यक्रम खण्डेलवाल वैश्य सभा भवन मालवीय नगर सेक्टर 10 मे सम्पन्न हुआ।







बनवारीलाल विजयवर्गीय को सम्मानित करते हुए।



श्याम विजय बिजाली को सम्मानित करते हुए।

## मस्तिष्क रोगों में यूनानी चिकित्सा से प्राकृतिक विकास देखा गया : डॉ. लियाकत अली मंसूरी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** चित्तौड़गढ़ जिले के बेगू में रहने वाला मोहम्मद अर्श नाम का तीन साल का बच्चा जो एन्सेफ़ेलोमैलेशिया और ग्लियोसिस से पीड़ित था ऐसे रोगी में केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र में नुकसान होने की वजह से उसमें कई बदलाव आते हैं । मस्तिष्क में यह एक न्यूरो सेल्युलर प्रतिक्रिया है जिसमें मस्तिष्क के ऊतक मुलायम हो कर उनमें सूजन आ जाती हैं जिससे मस्तिष्क के कई कार्य बाधित हो जाते हैं जैसेट्ठउनींदापन, चलने फिरने में कठिनाई, बोल नहीं पाना, चक्कर आना , सिर दर्द , दौरे आना , शरीर का विकास का रुकना , डरना , भूलना, सुस्त रहना, आँखें और गर्दन का नहीं ठहरना, ठीक से नहीं बैठना आदि समस्याएं होने लगती हैं । बच्चे के पिता आशिफ ने कई जगह ईलाज करवाया मगर कोई फ़ायदा नहीं मिला था। इन्होंने सवाई मानसिंह अस्पताल, जयपुर के बांगड़ परिसर में संचालित राजकीय यूनानी औषधालय में कार्यरत डॉ.लियाकत अली मंसूरी से आठ महीना यूनानी चिकित्सा कारवाई जिससे बच्चें को काफ़ी आराम होने लगा जैसे अब खूब बोलने लगा है, दौरे आना बन्द हो गए है, डरना भी बन्द हो गया, अब याददाश्त भी अच्छी हो गई है, सुस्त नहीं रहता हैं पहले से ज्यादा शैतानी करने लगा है, आँखें भी ठहरने लगी है , गर्दन का लटकना बन्द हो कर गर्दन को खुद संभालने लगा है, अब ठीक से बैठने भी लगा है।

## जयपुर के सुशील कुमार मीना ने जीता 5वीं राष्ट्रीय पैरा शूटिंग चैंपियनशिप 2024 में रजत पदक

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान के केशुपुरा, तुंगा, बस्सी में सरकारी स्कूल के एक समर्पित शिक्षक, सुशील कुमार मीना ने पुणे, महाराष्ट्र के में आयोजित 5वीं नॉर्थ जोन नेशनल पैरा शूटिंग चैंपियनशिप 2024 के ट्रैप वर्ग में रजत पदक हासिल करके एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। चैंपियनशिप में देश भर के 8 शीर्ष निशानेबाजों ने भाग लिया, जिससे यह उपलब्धि और भी सराहनीय हो गई। इस पदक के साथ ही सुशील वर्ल्ड पैरा चैंपियनशिप के ट्रायल के लिए योग्य हो गए हैं। कोच महिपाल सिंह शेखावत के कुशल मार्गदर्शन में सुशील राजस्थान राइफल एसोसिएशन के तत्वाधान में जगतपुरा स्थित जेडीए शूटिंग रेंज में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। खेल के प्रति उनके समर्पण और लगातार प्रयासों ने उन्हें राष्ट्रीय टीम के ट्रायल के लिए भी योग्यता दिलाई है, जो उनके शूटिंग करियर में एक और महत्वपूर्ण कदम है। सुशील की यात्रा दृढ़ता और कौशल की शक्ति का उदाहरण है। उनकी सफलता न केवल भारत में पैरा-स्पोर्ट्स की बढ़ती प्रमुखता को उजागर करती है, बल्कि चुनौतियों के बावजूद अपने सपनों का पीछा करने के लिए दूसरों के लिए प्रेरणा का काम भी करती है।

## दिगर व्यक्तियों के फ्लैट की फर्जी रजिस्ट्री कराने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार

### आरोपी धोखाधड़ी संबंधी मामलों में आधा दर्जन मामलों में वांटेड

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दिगर व्यक्तियों के फ्लैट की फर्जी रजिस्ट्री करवाने वाले एक शातिर आरोपित को धर-दबोचा है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दिगर व्यक्तियों के फ्लैट की फर्जी रजिस्ट्री करवाने वाले एक शातिर आरोपित करण गुप्ता निवासी महेश नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित करण गुप्ता ने अपने दोस्त के फ्लैट के कागज प्राप्त कर अन्य लोगों के साथ मिलकर स्वयं के नाम से फर्जी रजिस्ट्री तैयार कर ली और उसकी फर्जी रजिस्ट्री से उक्त फलेट के बेच दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी के खिलाफ मानसरोवर थाने में तीन सहित जयपुर शहर के विभिन्न थानों में धोखाधडी के कई मामले दर्ज है। इसके अलावा मानसरोवर ,प्रताप नगर और बनीपार्क थाने में धोखाधड़ी मामले में वांछित चल रहा है। आरोपित पुलिस से बचने के लिए कोटा शहर में फरारी काट रहा था।

## रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहे दो हुक्का बार पर पुलिस ने मारी रेड

### बड़ी मात्रा में हुक्के, चिलम, पाइप, कटोरी व फ्लेवर सहित तंबाकू उत्पाद जब्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** गांधी नगर और बजाज नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहे दो हुक्का बार पर कार्रवाई करते हुए तीन बार कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही पुलिस ने वहां से कई हुक्के, चिलम, पाइप, कटौरी व फ्लेवर जब्त किया है। इसके अलावा कई लोगों को हुक्का पीते मिलने पर कोटपा एक्ट के तहत चालान किया गया। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्विनी गौतम ने बातया कि यह कार्रवाई गांधी नगर और बजाज नगर थाना इलाके में संचालित स्काईफॉल रेस्टोरेंट और मरकरी रेस्टोरेंट में की गई है जो रेस्टोरेंट की आड़ में हुक्कार बार चल रहा था। पुलिस को पिछले कुछ दिनों से दोनों रेस्टोरेंट की आड़ में हुक्का पिलाने की सूचना मिल रही थी। जिस पर पुलिस ने एक टीम का गठन किया और दोनों जगहों पर एक-एक पुलिसकर्मी को सादा वर्दी (बोगस ग्राहक) बना कर भेज कर इसकी तस्दीक करवाई।

इसके बाद पुलिसकर्मियों के इशारा मिलने पर छापा मारा गया। जहां मौके दोनों हुक्का बारों में कई व्यक्ति हुक्का पीते हुए मिलने पर कोटपा एक्ट में चालान किया गया। वहीं बिना लाइसेंस के हुक्का पिला रहे बार कर्मचारी पंकज जोशी और भारत सिंह सहित उज्ल सरकार कुमार निवासी को रेस्टोरेंट में नौजवान लोगों को हुक्का पिलाते हुए गिरफ्तार किया है। वहां से बड़ी मात्रा में हुक्के, चिलम, पाइप, कटोरी व फ्लेवर सहित तंबाकू उत्पाद जब्त किए गए है।

## संतोष कुमार मीरवाल को 'मदर टेरेसा' समर्पण समाज गौरव अवॉर्ड 2024 से नवाजा गया

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** वूमेन पावर सोशलिटी फाउंडेशन इंडिया राजस्थान के राष्ट्रीय संयोजक संतोष कुमार मीरवाल को 'मदर टेरेसा' समर्पण समाज गौरव अवॉर्ड 2024 से नवाजा गया है। संतोष कुमार पिछले दस वर्षों से निरंतर, महिला शक्तियों के हितों में शिक्षा, अधिकार, संरक्षण सुरक्षा, शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, सशक्तिकरण के साथ ही प्रति वर्ष दस लाख जरूरतमंद, गरीब, असहाय लोगों को फ्री भोजन कैंप द्वारा लाभान्वित कर, कन्या जन्म गौरव स्वाभिमान सम्मान योजना से आमजन में जागरुकता लाकर लाभान्वित करना, समाजसेवी नामी हस्तियों को प्रतिवर्ष 101 'नारी शक्ति वंदन सम्मान समारोह' में सम्मानित करना भी मुख्य लक्ष्य रहा। इसी के साथ साथ ही रेकी प्राण ऊर्जा द्वारा आमजन में जागरूकता के कैंप लगाने और पीड़ित परिवारों को लाभान्वित करने में मदद/योगदान देते रहने के क्रम में मानव जीवन की उत्कृष्टता का परिचय दिया, मानव सेवा ही परमोधर्म की भावना को ध्यान में रखते हुए 'मदर टेरेसा समर्पण समाज गौरव अवॉर्ड 2024 ' द्वारा देशभर से आई 54 विभूतियों में से संतोष कुमार को सम्मानित किया गया। समर्पण संस्था का 9वॉं राष्ट्र स्तरीय ''समर्पण समाज गौरव 2024'' अवार्ड समारोह जयपुर के त्रिवेणी नगर स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। देशभर से चयनित 54 विभूतियों को 15 श्रेणियों में समर्पण समाज गौरव 2024 एवं 20 युवा प्रतिभाओं को समर्पण युवा जाग्रति 2024 अवार्ड दिया गया। समारोह में देशभर से चयनित 54 उत्कृष्ट कार्य करने वाले महान व्यक्तियों को 'समर्पण समाज गौरव 2024' अवार्ड से सम्मानित किया गया। विशेष आमंत्रित अतिथि डॉ. बी. एल. जाटावत (सेवानिवृत्त आईएएस व प्रधान पथ प्रदर्शक, समर्पण संस्था ), आर.पी. बैरवा (विशेष आयुक्त राज्य वस्तु एवं सेवा कर विभाग व अध्यक्ष राजस्थान राज्य कर सेवा संघ), ज्योति कुमार माहेश्वरी (वरिष्ठ समाजसेवी व चेयरमैन, इस्कॉन मंदिर, जयपुर)।

इसके साथ ही अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तियों को विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्तिथि दी गई। इस अवसर पर संस्था पदाधिकारियों ने समारोह में पधारें सभी अतिथियों और आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

## शिवानी सैनी को मिला वायुसेना का सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर के वायु सेना विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका शिवानी सैनी को एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह पीवीएसएम, एवीएसएम ने पी आर टी श्रेणी में अखिल भारतीय वायु सेना विद्यालय सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार-2023 से सम्मानित किया। शिवानी सैनी को यह सम्मान नई दिल्ली स्थित वायु सेना ओडिटोरियम में 13 नवंबर, 2024 को आयोजित एक रंगारंग कार्यक्रम स्पन्दन-2024 में प्रदान किया गया। शिवानी सैनी को शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए इस पुरस्कार स्वरूप एक स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और 25 हजार रुपये का चैक प्रदान किया गया। इस समान के साथ ही वायु सेना ने शिवानी सैनी का कार्यकाल में विस्तार देते हुए 60 से 62 वर्ष कर दिया। यह रगांरग कार्यक्रम भारतीय वायु सेना शैक्षिक एवं सांस्कृतिक सोसायटी द्वारा आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह पीवीएसएम, एवीएसएम के अलावा एयर वाइस मार्शल राजीव शर्मा और भारतीय वायु सेना शैक्षिक एवं सांस्कृतिक सोसायटी के चैयरमैन आर के आनंद मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह, पीवीएसएम, एवीएसएम भारत के 28वें वायुसेना प्रमुख हैं, उन्होंने 30 सितंबर, 2024 को एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी की जगह ली थी।

## दूदू में फूड लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन कैंप का सफल आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर द्वितीय।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान जयपुर के निर्देश पर सोमवार को दूदू स्थित खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कार्यालय में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉक्टर हंसराज भदालिया की ओर से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर द्वितीय की टीम द्वारा फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस संबंध में समाचार पत्र एवं सोशल मीडिया के माध्यम से फूड बिजनेस ऑपरेटर्स को सूचना दी गयी, जिससे जागरूक फूड विजनेस ऑपरेटर्स ने सुविधा का लाभ उठाने के लिये बढ चढकर हिस्सा लिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉक्टर हंसराज भदालिया ने बताया कि सुबह से ही लोग लगातार फूड रजिस्ट्रेशन लाइसेंस बनवाने के लिये आना शुरू हो गये और सायंकाल तक यह सिलसिला लगातार जारी रहा। इस कैंप में कुल 38 आवेदन रजिस्ट्रेशन के लिये तथा 3 आवेदन लाइसेंस रिन्यूअल के लिये प्राप्त हुये, जिन्हें मौके पर ही बनाकर खाद्य व्यापार से जुडे आवेदनकर्ताओं को वितरित किया गया। इस शिविर से राज्य सरकार को कुल 27000 रपये का राजस्व प्राप्त हुआ। मौके पर ही हाथों हाथ इस सुविधा का लाभ उठाने वाले लोगों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। कैंप का प्रबंधन खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चंद यादव एवं अवधेश गुप्ता द्वारा किया गया उन्होंने बताया कि आगामी शिविर 21 नवम्बर, गुरुवार को सीएचसी बाँसखोह में आयोजित किया जाएगा। शिविर मे वे खाद्य कारोबारकर्ता, जिनका वार्षिक टर्न ओवर 12 लाख से कम है, उन्हें फ़ूड रजिस्ट्रेशन हेतु आवश्यक दस्तावेज के रूप मे आधार कार्ड, पेन कार्ड की फोटो कॉपी एवं स्वयं की एक पासपोर्ट साइज की फोटो साथ लानी अनिवार्य है। जिन खाद्य कारोबारकर्ता का वार्षिक टर्न ओवर 12 लाख से ज्यादा है, उन्हे फ़ूड लाइसेंस हेतु आधार कार्ड की कॉपी, पेन कार्ड, बिजली बिल, जीएसटी रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता होगी। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि शिविर का लाभ उठाकर कोई भी व्यापारी लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन के बिना नहीं रहे। ध्यान रखें कि बिना लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन खाद्य सामग्री बेचना गैर कानूनी है। इसके लिए सजा व जुर्माने का प्रावधान है।

## ज्ञानशाला जयपुर का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** महाप्रज्ञ इंटरनेशनल स्कूल में 17 नवंबर 2024, रविवार को जयपुर ज्ञानशाला का वार्षिकोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन मुनि तत्त्वरूचि तरुण एवं मुनि संभव कुमार के पावन सान्निध्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार महामंत्र के साथ हुआ। ज्ञानशाला जयपुर संयोजिका रितु जैन ने अपने स्वागत वक्तव्य से किया। इस समारोह में 150 से अधिक ज्ञानार्थियों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से धार्मिक ज्ञान, नैतिक मूल्यों और संस्कारों का परिचय दिया। इन प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में श्रावक-श्रविकाओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में चौमू की उपखंड अधिकारी कनक छाजेड़ ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने ज्ञानशाला से प्राप्त संस्कार एवं इसकी कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।सभाध्यक्ष शांतिलाल जी गोलछा एवं मंत्री सुरेंद्र सेखानी ने भी ज्ञानशाला के महत्व को उजागर किया एवं सभी अभिभावकों को अपने बच्चों को ज्ञानशाला में भेजने की प्रेरणा दी। मंगल उद्बोधन में मुनि तत्त्वरूचि 'तरुण' ने अपने प्रवचनों में संस्कार, अनुशासन और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए नैतिक शिक्षा को जरूरी बताया। इस अवसर पर ज्ञानशाला के ज्ञानार्थियों और प्रशिक्षिकाओं को उनके ज्ञानशाला में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित भी किया गया। ज्ञानशाला से संबद्ध सभी प्रशिक्षिकाओं एवं सभी संयोजकों का कार्यक्रम को सफल बनाने में अथक श्रम रहा।

## दो बीघा भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-05 न्यू आतिष मार्केट के पास द्रव्यवती नदी के बहाव क्षेत्र निजी खातेदारी करीब 02 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाष चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-05 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित न्यू आतिष मार्केट के पास, द्रव्यवती नदी के बहाव क्षेत्र निजी खातेदारी करीब 02 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-05 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्ष चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, प्रवर्तन अधिकारी जोन-05 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा माह अक्टूबर वर्ष 2024 से आज तक कुल 58 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।



# कोहरे की चादर में लिपटा बयाना, ठंड और कोहरे का डबल अटैक ऊनी कपड़ों में लिपटे नजर आए लोग

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाशअग्रवाल)।** राजस्थान में सर्दी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। भरतपुर के बयाना में सोमवार सुबह सीजन का पहला कोहरा छाया। इससे पहले रात से ही सर्द हवाएं शुरू हो गईं। मॉर्निंग वॉक पर जाने वाले लोग लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। इससे मौसम में ठंडक बढ़ गई और आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट का अनुमान है। इससे पहले रविवार देर रात मौसम ने अचानक करवट ली और पूरे उपखंड में कोहरा छा गया। जो कि इस सीजन का पहला कोहरा है। यह कोहरा सामान्यतः 15 दिसंबर के आस-पास दिखाई देता है, लेकिन इस बार यह करीब एक माह पहले ही दस्तक दे चुका है। रविवार शाम से मौसम में बदलाव दिखने लगा, हल्की ठंडी हवाएं चलने लगीं और शाम होते-होते कोहरे की चादर फैल गई।

सोमवार सुबह घना कोहरा छा जाने के कारण तापमान में अचानक गिरावट देखी गई। लोग सर्दी के कपड़ों में लिपटे हुए नजर आए। सरसों अनुसंधान निदेशालय के मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री तक गिरने की संभावना जताई गई है। कोहरे की वजह से आर्द्रता में भी बढ़ोतरी हुई है, जो सोमवार को 91% तक पहुंच सकती है। कोहरे के कारण बयाना-भरतपुर स्टेट हाइवे पर वाहन धीमी गति से चले और कई जगहों पर विजिबिलिटी कम होने के कारण ड्राइवरों को हेडलाइट का सहारा लेना पड़ा।

**फसलों के लिए फायदेमंद कोहरा :** वहीं, किसानों के लिए यह कोहरा एक वरदान साबित हो सकता है। ओस की हल्की बूंदों के गिरने से गेहूं, सरसों और सब्जियों की फसलों पर सकारात्मक असर पड़ेगा। किसानों के मुताबिक आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है, जो फसलों के लिए लाभकारी साबित हो सकती है।

# अपने विभागों के जनसुनवाई प्रकरणों की पेंडेंसी समाप्त करें अधिकारी : सुराणा

## जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बिजली, पानी, चिकित्सा सहित आवश्यक सेवाओं व 20 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**चूरू( सुरेश शर्मा )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी वीसी सभागार में वीसी के जरिए जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर बिजली, पानी, चिकित्सा सहित आवश्यक सेवाओं व 20 सूत्री कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों से संबंधित जनसुनवाई प्रकरणों की पेंडेंसी समाप्त करें। प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें तथा विभागीय कार्यशैली को त्वरित व संतुष्टि स्तर पर विकसित करें। उन्होंने कहा कि गत गुरुवार को जिले के सभी ब्लॉकों में आयोजित अटल जन सेवा शिविरों में प्राप्त प्रकरणों प्रकरणों को देखें तथा अपनी व्यक्तिगत मॉनीटरिंग के साथ यथाशीघ्र निस्तारित करें। इसी के साथ आगे भी प्रतिमाह आयोजित किए जाने वाले अटल जन सेवा शिविरों में जिला स्तरीय अधिकारी भी आवंटित ब्लॉकों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। इसी क्रम में सभी अधिकारी फील्ड विजिट के दौरान कार्यालयों का निरीक्षण करें तथा अपने अधीनस्थ कार्यालयों में प्राप्त शिकायतों का भी समुचित निस्तारण सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने विभाग में किसी अन्य विभाग से संबंधित कार्यों में लापरवाही न बरतें। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों में समुचित कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र निस्तारण करें। शिकायतों में पेंडेंसी दुरूस्त करें तथा पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों में रिजेक्शन व जवाब भिजवाने वाले मामलों में परिवादियों को संतुष्ट करें। सभी अधिकारियों का एवरेज डिस्पोजल टाइम कम करें तथा सेटिस्फेक्शन परसेंटेज बढ़ाएं। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उपनिदेशक से कहा कि पालनहार योजना में लाभार्थी बच्चों के जनाधार अपडेशन करवाएं। इसके लिए शिक्षा विभाग का अपेक्षित सहयोग लें। सीएमएचओ को मौसमी बीमारियों व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के समुचित प्रबंधन के निर्देश दिए। सुराणा ने 20 सूत्री कार्यक्रम, बजट घोषणाओं, पीएलपीसी प्रकरणों, सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों, प्रोजेक्ट कार्यों, रतनगढ़ में जिला अस्पताल के नए भवन, पीएम सूर्यघर योजना, डीएपी व एसएसपी आपूर्ति व वितरण, अवैध खनन, एनएफएसए ई-श्रम पोर्टल, नवाचार निधि, नेशनल वाटर अवॉर्ड, सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर समुचित निर्देश दिए। एडीएम अर्पिता सोनी ने सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के बारे में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ श्वेता कोचर, चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह, एडीपीआर कुमार अजय, डीएफओ भवानी सिंह, एसीईओ दुर्गा ढाका, कृषि संयुक्त निदेशक डॉ जगदेव सिंह, पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश, पीएचईडी एसई रमेश कुमार राठी, डीएसओ सुरेन्द्र महला, डीईओ माध्यमिक गोविंद सिंह राठौड़, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, पीएचईडी प्रोजेक्ट एसई राममूर्ति, एपीआरओ मनीष कुमार, उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया, रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू, सानिवि एक्सईएन बीएल सोनी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नगेंद्र सिंह राठौड़ सहित ब्लॉक स्तर से उपखंड अधिकारी व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी वीसी के जरिए जुड़े रहे।

# सरकारी उपेक्षा किडनी रोगियों पर पड़ रही भारी

## पिछले एक साल से इन्स्टॉलेशन की बाट जोह रही डायलिसिस मशीन

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर( सत्यप्रकाशअग्रवाल )।** बयाना का सरकारी अस्पताल कागजों में तो 100 बेड़ क्षमता वाले चिकित्सालय में क्रमोन्नत कर दिया है। यहाँ पर अब तक सिर्फ जिला स्तर पर ही मिलने वाली सुविधायें मिलने की लोगों में आस जगी। मरीजों व उनके परिजनों की यह आस जल्द ही निराशा में बदलने लगी है। क्षेत्र में किडनी फेल्योर और संक्रमण के मरीजों को राहत देने के लिए प्रदेश स्तर पर करीब 364 डायलिसिस की मशीनें पिछले वर्ष 38 करोड़ 57 लाख रुपए की लागत से खरीदी गईं थीं। करीब 10 महीने पहले इनमें से एक मशीन बयाना भी पहुंच चुकी है। किडनी के मरीजों के लिये जीवनदायी यह मशीन यहाँ पर अनुपयोगी साबित हो रही है। बयाना क्षेत्र में किडनी फेलियर से जूझ रहे करीब 20 मरीज हैं। सरकारी टेण्डर प्रक्रिया में उलझी यह मशीन अभी तक इन्स्टॉल नहीं हो सकी है। किडनी संक्रमण के चलते डायलिसिस की जरूरत वाले मरीजों में एक बार तो खुशी की लहर दौड़ पड़ी थी लेकिन उनकी यह खुशी जल्दी ही धूमिल होने लगी है। एक ओर तो मशीन को इन्स्टॉल करना ही सरकारी प्रक्रिया के जंजाल में होकर टेढ़ी खीर साबित है रहा है। दूसरी ओर इन्स्टॉलेशन के बाद भी मशीन चालू हो पाने की सम्भावना अभी न के बराबर नजर आ रही है। डायलिसिस की पूरी प्रक्रिया को सरकार द्वारा आउटसोर्स किया जायेगा। जिसके लिये अभी तक तकनीकी रूप से प्रशिक्षित स्टाफ भी नियुक्त नहीं किया जा सका है। हैरत की बात तो यह है कि मशीन को अभी तक पॉली कवर से भी बाहर नहीं निकाला गया है। बता दें कि डायलिसिस करने के लिए टेक्निकल स्टाफ और डायलिसिस बेड की जरूरत होती है। इनमें से अस्पताल में एक भी डायलिसिस बेड नहीं है, जिससे किडनी की गंभीर बीमारी जूझ रहे मरीजों का इलाज किया जा सके। परेशानी यह है कि सीएचसी बयाना से मरीजों और उनके परिजनों को भरतपुर, जयपुर, आगरा आदि स्थानों पर अस्पतालों में जाने को मजबूर होना पड़ रहा है।



टैक्नीकल स्टाफ की नियुक्ति नहीं होने से मशीन बनी शोपीस

# छाजेड़ रोटरी सहायक प्रान्तपाल मनोनीत

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 की वर्ष 2025-26 की प्रान्तपाल रो. प्रज्ञा मेहता ने रोटरी क्लब उदयपुर के अध्यक्ष अनिल छाजेड़ को वर्ष 2025-26 के लिये सहायक प्रान्तपाल मनोनीत किया है। और क्लब ट्रेनर निर्मल सिंघवी ने बताया कि छाजेड़ क्लब में सचिव सहित विभिन्न पदों पर 37 वर्षो से रह कर समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की है।



# इंजिनियर विराग मालाती 900 किमी की पैदल यात्रा कर उदयपुर पंहुचे, आज नाकोड़ा जी के लिये निकलेंगे

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** नवी मुबंई से नाकोड़ा जी की ग्रीन वोकाथोन की 1200 किमी की पदयात्रा के तहत अब तक 900 किमी की यात्रा कर इंजिनियर विराग मालाती आज उदयपुर पंहुचे। जहां उनका स्वागत किया गया। राकेश धनावत ने बताया कि संगीतकार इजि. विराग को मुबंई से पदयात्रा कर यंहा पंहुचनें में 66 दिन लगे है। वे कल मंगलवार प्रातः 6 बजे नाकोड़ा जी के लिये शेष 300 किमी. की यात्रा करने के लिये पैदल रवाना होंगे। विराग मालाती नाकोड़ा जी के भजनों की प्रस्तुति देते है।

विराग वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर एवं समााजिक कार्यकर्ता है। विराग धरती मां को बचानें के लिये उद्देश्य लेकर यह पदयात्रा कर रहे है।

### बयाना में बीजेपी की संगठनात्मक कार्यशाला

# कमेटियों का पुनर्गठन कर बूथों को मजबूत करने पर जोर, महिलाओं को मिलेगी 50 फीसदी हिस्सेदारी

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाशअग्रवाल)।** बीजेपी बंध बारैठा बयाना मंडल की कार्यशाला मंडल अध्यक्ष मानसिंह पटेल की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी अभयवीर सिंह सोलंकी रहे और किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मसिंह चौधरी मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि तोताराम पहलवान रहे। कार्यशाला में बूथ कमेटियों के पुनर्गठन करने के बारे में बताया गया।

प्रत्येक बूथ कमेटी में 50% महिला सदस्य बनाने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से आमजन में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है। कार्यकर्ताओं की निष्ठा और समर्पण की बदौलत बीजेपी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। कार्यशाला में शक्ति केंद्र प्रभारियों की नियुक्ति कर शक्ति केंद्रों का विभाजन किया गया। शक्ति केंद्रों पर जाकर बूथों को मजबूत करने पर बल दिया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री सतीश तिवारी ने किया। बैठक में गंगाराम, शिवचरण, सत्यप्रकाश, कुलदीप, ओमप्रकाश शर्मा, महाराज सिंह, गंगाराम, प्रेम सिंह त्रिलोकी, अशोक पटेल, भारत निरंजन, लालाराम शेरगढ़ आदि कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# तीसरी राजस्थान जुजुत्सु प्रतियोगिता में उदयपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर 16 स्वर्ण सहित 26 पदक जीते

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** राजस्थान के जयपुर जिले के सवाई मान सिंह स्टेडियम में 15 और 16 नवम्बर को आयोजित 3 री राजस्थान जुजुस्तु चौपियनशिप 2024 उदयपुर के 19 खिलाड़ियों ने अलग अलग इवेंट में 16 स्वर्ण, 5 रजत और 5 काँस्य पदक जीते। उदयपुर टीम के कोच एवम उदयपुर जुजुत्सु एसोसिएशन के सचिव रेंशी हरीश सांवरिया ने बताया की भारतीय युवा खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त जुजुत्स मार्शल आर्ट्स खेल के इस टूर्नामेंट मे खिलाड़ियों ने जुजुत्सु की फाइटिंग और नेवाजा स्पर्धा मे अलग अलग केटेगरी मे पदक हासिल किए।

मनीष सालवी सीनयर केटेगरी -69 किग्रा. फाइट इवेंट मे गोल्ड मेडल, फूल कॉन्टेक्ट मे गोल्ड और निवाजा मे ब्रौंज मेडल,राहुल सुहालका 18 केटेगरी 50 किग्रा. फाइट इवेट में गोल्ड मेडल,देवांश चौरसिया -16 केटेगरी -60 किग्रा. फाइट इवेंट मे सिल्वर मेडल ,धारा बंदवाल -16केटेगरी -52 किग्रा. फाइट इवेंट मे ब्रौंज मेडल, विकास सालवी सीनयर केटेगरी -56 किग्रा. फूल कॉन्टेक्ट इवेंट मे गोल्ड, फाइटिंग मे ब्रौंज और निवाजा मे सिल्वर मेडल जीता, हरी सिंह देवड़ा सीनयर केटेगरी -62 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे गोल्ड और फूल कॉन्टेक्ट मे गोल्ड मेडल, साकेत सांवरिया अन्डर-12 केटेगरी -30 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे गोल्ड और निवाजा मे गोल्ड मेडल , हर्षिल राठौड़ अन्डर -10 केटेगरी -25 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे सिल्वर मेडल, लेखांश कावड़िया अन्डर-8 केटेगरी 28 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे गोल्ड मेडल जीता, रूद्र मीणा अन्डर-8केटेगरी -21 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे गोल्ड मेडल जीता, हर्षित चौधरी अन्डर-10 केटेगरी -25 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे ब्रौंज मेडल , धृत जैन अन्डर-10 केटेगरी -25 किग्रा. निवाजा इवेंट मे सिल्वर मेडल ,युवान जैन अन्डर-12 केटेगरी -38 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे गोल्ड मेडल ,देवराज सिंह अन्डर-14 केटेगरी -38 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे ब्रौंज मेडल , लक्ष्यवीर सालवी अन्डर-14 केटेगरी -38 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे सिल्वर मेडल , मेघांशी कावड़िया अन्डर-12 केटेगरी 40 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे गोल्ड मेडल , कियोष्का कुमावत अन्डर-10 केटेगरी 30 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे गोल्ड मेडल, टीशा बन्दवाल अन्डर-14 केटेगरी -36 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे गोल्ड मेडल, आरुषि चौरसिया अन्डर-14 केटेगरी -44 किग्रा. फाइटिंग इवेंट मे गोल्ड मेडल जीता। उदयपुर जुजुत्सु टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे राजस्थान में तीसरा स्थान हासिल किया। सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को राजस्थान ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष अरुण के द्वारा सम्मानित किया गया।



# प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली पूर्व सीएम अशोक गहलोत के निजी सचिव ऋषभ शर्मा के टीका लगन समारोह में पहुंचे बयाना : कहा भजनलाल सरकार पूर्णतय फैलियर

बढ़ता राजस्थान

**बयाना (सत्यप्रकाशअग्रवाल)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सोमवार शाम बयाना पहुंचे। उन्होंने यहां एक मैरिज होम में पूर्व सीएम अशोक गहलोत के निजी सचिव ऋषभ शर्मा के टीका लग्न समारोह में शिरकत की। जूली का कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सूत की माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए टीकाराम जूली ने देवली उनियारा में उपचुनाव की वोटिंग के दौरान समरावता गांव में निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा द्वारा एसडीएम को थप्पड़ मारने और उसके बाद फैली हिंसा को सरकार का फेलियर बताया।जूली ने घटनाक्रम पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बयान देकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच करने और घटना में दोषी पुलिस अफसरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि समरावता गांव में पुलिस ने निर्दोष ग्रामीणों को घरों में घुसकर मारा, आग लगाई, लाठी चार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे। पुलिस ने पूरी तरह से गांव में तांडव किया। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति क्यों बनी, इसकी पूरी जांच होनी चाहिए। जूली ने कहा कि पुलिस लॉ एंड ऑर्डर संभालने के बजाय भू माफियाओं, शराब माफिया, खनन माफिया, बजरी माफियाओं से सांठगांठ कर मिली हुई है। जूली ने कहा कि खुद मुख्यमंत्री के गृह जिले भरतपुर में क्राइम रेट लगातार बढ़ रही है। प्रदेश में रोजाना 27 मामले एट्रोसिटी एक्ट के और 19 मामले रेप के दर्ज हो रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री निवेश लाने का ढिंढोरा पीट रहे हैं। जबकि पहले से लगे उद्योग सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं। टीकाराम जूली ने कहा कि उपचुनाव में कांग्रेस के पक्ष में सकारात्मक परिणाम आएंगे। चुनाव के दौरान जनता का मन पूरी तरह से कांग्रेस के प्रति रहा। इससे पहले दिन में पूर्व मंत्री विश्ववेंद्र सिंह ने भी शादी समारोह में पहुंचकर ऋषभ शर्मा को बधाई दी। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा, बयाना के पूर्व विधायक अमर सिंह जाटव, अहमदाबाद (गुजरात) के पूर्व विधायक हिम्मत सिंह पटेल, वयोवृद्ध कांग्रेस नेता विष्णु दत्त शर्मा, जिला महामंत्री योगेश सिंघल, नदबई के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष प्रशांत उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष मनोज पटेल, ओम प्रकाश गुप्ता आदि कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सेंट ग्रिगोरियस स्कूल का वार्षिक उत्सव केडेन्स-अ रिदम ऑफ चेंज का दो दिवसीय आयोजन 21 से

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** सेंट ग्रिगोरियस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उदयपुर में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव केडेन्स- अ रिदम ऑफ चेंज का आयोजन 21 और 22 नवंबर को किया जाएगा। विद्यालय की प्राचार्या शुभा जोस ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अधिकारी, सीबीएसई, अजमेर के श्याम कपूर, संभागीय आयुक्त एवं आयुक्त जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग ,उदयपुर की सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, उदयपुर डॉ.लोकेश भारती गोस्वामी होंगे जबकि अध्यक्षता अहमदाबाद डायसिस के बिशप डॉ. गीवर्गीस मार थियोफिलोस करेंगे। अनिल गोस्वामी उप प्राचार्य एवं वार्षिकोत्सव के प्रभारी आशीष अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय द्वारा आयोजित इस वार्षिकोत्सव में विद्यालय के लगभग 1000 से अधिक विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जाएगी साथ ही राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित होकर विद्यालय का गौरव बढ़ाने वाले एवं बोर्ड परीक्षाओं में उच्चांक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का भी सम्मान एवं अभिनंदन किया जाएगा।

# भागवत कथा सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** वाकल माता चौराहे पर स्थित पुष्पांजलि विहार कॉलोनी में ईश्वर प्रेम आश्रम में भक्ति प्रिया भक्त मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह ईश्वर प्रेम पीठाधीश्वर महंत भक्ति प्रिया के शिष्य कन्हैया महाराज द्वारा अंतिम दिवस की सुदामा चरित्र की भव्य प्रस्तुति के साथ संपन्न हुआ। सभी भक्त श्रोता गणों ने कथा श्रवण का आनंद लिया व महाप्रसादी भी हुई।



## सम्पादकीय

# किफायती वितरण की आवश्यकता

केंद्र सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत देश के 81.35 करोड़ लोगों को नि:शुल्क खाद्यान्न मुहैया कराती है। यह अनाज अंत्योदय अन्न योजना के तहत आने वाले परिवारों तथा अन्य प्राथमिकता वाले परिवारों को देश भर में मौजूदा पांच लाख से अधिक उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से बांटा जाता है। यह कहना उचित ही है कि जैसे-जैसे देश विकसित हो रहा है और आय बढ़ रही है, ऐसे सरकारी समर्थन पर निर्भर लोगों की तादाद कम होनी चाहिए। परंतु हमारे देश में ऐसा नहीं हुआ।

अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी तथा अन्य ने एक नए अध्ययन में बताया है कि कैसे सार्वजनिक वितरण प्रणाली का विकास हुआ और कैसे खपत के आंकड़े इसके प्रभाव के बारे में बताते हैं। यह व्यापक चर्चा और नीतिगत ध्यान का विषय होना चाहिए। अध्ययन के अनुसार योजना के तहत वितरित 28 फीसदी अन्न लक्षित लाभार्थियों तक नहीं पहुंच सका जबकि राजकोष को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी।

देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का पुराना इतिहास है लेकिन लक्षित पीडीएस की शुरुआत 1997-98 में की गई। गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवारों के लिए इश्यू कीमत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के 50 फीसदी के बराबर तय की गई थी। गरीबी रेखा से ऊपर के परिवारों के लिए यह कीमत एमएसपी के 90 फीसदी के बराबर तय की गई थी। इस व्यवस्था में मूल्य समायोजन की एक प्रणाली अंतर्निहित है। बीते वर्षों के दौरान संशोधन किए गए लेकिन 2013 में एनएफएसए के पारित होने के साथ ही व्यवस्था में सुधार हुआ। यह अधिनियम देश की 67 फीसदी आबादी को अपने दायरे में लेता है। इसमें से 75 फीसदी लोग ग्रामीण तथा 50 फीसदी शहरों में रहते हैं। चूंकि इश्यू मूल्य कम था इसलिए समग्र लागत बढ़ती गई।

सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत पात्र लोगों को अतिरिक्त अनाज दिया और यह समाज के वंचित वर्गों के लिए बहुत मददगार साबित हुआ। कई विस्तारों के बाद इसे एनएफएसए में मिला दिया और पात्र लोगों को खाद्यान्न नि:शुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। ऐसे में अर्थव्यवस्था की प्रगति के बावजूद विगत कुछ सालों में पीडीएस का दायरा और पैमाना दोनों बढ़े हैं। चालू वर्ष के लिए केंद्र सरकार का खाद्य सब्सिडी बिल 2.05 लाख करोड़ रुपये का है। पीडीएस जितने बड़े पैमाने पर लागू है, उसे देखते हुए उसके असर का आकलन करना आवश्यक है। यद्यपि विगत कुछ वर्षों में प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल बढ़ा है और लीकेज में कमी आई है लेकिन अभी भी यह काफी अधिक है। वर्ष 2011-12 की खपत संख्या के आधार पर शांता कुमार समिति (2015) ने कहा था कि इस व्यवस्था में करीब 46 फीसदी लीकेज है। नवीनतम घरेलू उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण के आंकड़ों के आधार पर उपरोक्त अध्ययन में पाया गया कि भारतीय खाद्य निगम और राज्य सरकारों द्वारा आपूर्ति किए गए अनाज का 28 फीसदी लाभार्थियों तक नहीं पहुंच रहा है।

### अन्तर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस पर विशेष

# पुरुषों के अस्तित्व एवं सुरक्षा की मांग क्यों उठने लगी?

**कुछ वर्ष पूर्व भारत में सक्रिय अखिल भारतीय पुरुष एशोसिएशन ने भारत सरकार से एक खास मांग की कि महिला विकास मंत्रालय की भांति पुरुष विकास मंत्रालय का भी गठन किया जाये। इसी तरह यूपी में भारतीय जनता पार्टी के कुछ सांसदों ने यह मांग उठाई थी कि राष्ट्रीय महिला आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय पुरुष आयोग जैसी भी एक संवैधानिक संस्था बननी चाहिए। इन सांसदों ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था। पत्र लिखने वाले एक सांसद हरिनारायण राजभर ने उस वक्त यह दावा किया था कि पत्नी प्रताड़ित कई पुरुष जेलों में बंद हैं, लेकिन कानून के एकतरफा रुख और समाज में हंसी के डर से वे खुद के ऊपर होने वाले घरेलू अत्याचारों के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं।**

ललित गर्ग



दुनिया में अब महिला दिवस की भांति पुरुष दिवस प्रभावी रूप में बनाये जाने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। अब पुरुष भी अपने शोषण एवं उत्पीडित होने की बात उठा रहे हैं। महिलाओं की ही भांति अब पुरुषों पर भी उपेक्षा, उत्पीड़न एवं अन्याय की घटनाएं पनपने की बात की जा रही है। महिला दिवस की तर्ज पर ही पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस भी मनाया जाने लगा है। पहला अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस 1999 में 19 नवंबर को डॉ. जेरोम टीलकसिंह ने त्रिनिदाद और टोबैगो में मनाया था। पुरुष दिवस दुनिया के 30 से अधिक देशों में मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम 'सकारात्मक पुरुष रोल मॉडल' है। यह ऐसा एक वैश्विक उत्सव है जो पुरुषों के सकारात्मक योगदान और उपलब्धियों का जश्न मनाता है, साथ ही पुरुषों के स्वास्थ्य, कल्याण और लैंगिक समानता को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है। यह दिन पुरुषों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का समर्थन करने वाली चर्चाओं और कार्यों को बढ़ावा देने, सकारात्मक रोल मॉडल को प्रोत्साहित करने और अधिक समावेशी समाज की वकालत करने का अवसर प्रदान करता है। प्रश्न है कि आखिर पुरुष इस तरह की अपेक्षाएं क्यों महसूस कर रहे हैं? लगता है पुरुष अब अपने ऊपर आघातों एवं उपेक्षाओं से निजात चाहता है। तरह-तरह के कानूनों ने उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाया है। जबकि आज बदलते वक्त के साथ पुरुष अब अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील हो चुका है। कई युवा पुरुष समाज-निर्माण की बड़ी जिम्मेदारियों को उठा रहे हैं और अपनी काबिलीयत व जुनून से यह साबित भी कर रहे हैं।

आज का पुरुष सिर्फ खुद को नहीं बल्कि महिलाओं के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ता है। वह यह सुनिश्चित कर रहा है कि उन्हें भी आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें व उन्हें किसी भी भेदभाव का सामना न करना पड़े। यह परिवर्तन आज सभी इंडस्ट्री जैसे मीडिया, हॉस्पिटैलिटी, बैंकिंग, उद्योग, व्यापार आदि में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, जहां महिलाएं शीर्ष पदों पर काम कर रही हैं। सिर्फ यही नहीं पुरुषों को अब महिलाओं के नेतृत्व में कार्य करने में भी झिझक नहीं महसूस होती। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी इस दिवस को मान्यता देते हुए इसकी आवश्यकता को बल दिया और पुरजोर सराहना एवं सहायता दी है। एक तरफ जहां महिलाएं सशक्त हो रही हैं, वहीं पुरुषों की भी छवि समाज में बदलती जा रही है। कुछ वर्ष पूर्व की बात करें तो पुरुषों को लेकर समाज में ढेरों रुढ़िवादी विचार थे, महिलाओं के शोषण एवं उसे दोयम दर्जा दिये जाने का आरोप उस पर लगता रहा है। जिनमें अब तेजी से परिवर्तन हो रहे हैं। पुरुष एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। नारी जहां जीवन को परिपूर्णता देती है तो वहीं पुरुष ही इसका आधार है। नारी जन्मदात्री है तो पुरुष जीवन-निर्माता है। भारतीय समाज में मर्द को दर्द नहीं होता या फिर जब कोई पुरुष रोता है तो 'मर्द बनो और रोना बंद करो' जैसी बातें बोली जाती हैं। पिछले कई सालों से पुरुषों की समाज में संघर्षशील व कठोर छवि को प्रस्तुत किया गया है। लेकिन मुख्य सवाल है कि आखिर मर्द या पुरुष हैं कौन? जो घोड़े दौड़ाता है, शिकार करता है, या फिर जो अच्छे सूट में, चमचमाती कार में ऑफिस जाता है और घर पर भी अपनी तारीफ ही सुनना चाहता है। एक रौबदार छवि, आक्रांता, शोषक, असंवेदनशीलता एवं अत्याचारी वाली उसकी छवि क्या वास्तविक छवि है? असल में पिछले कुछ वर्षों में मर्द की परिभाषा में एक उदारवादी एवं संवेदनशील बदलाव देखने को मिला है। अब पुरुष या मर्द वो नहीं जो हमें अब तक पूर्वाग्रही रूढ़िवादी मानसिकता बताती हैं, बल्कि उससे कहीं ज्यादा वो है ऐसा आधारस्तंभ है जो जिम्मेदारी उठाता है, जो सिर्फ चमकदार जूते एवं कपड़े ही नहीं पहनता बल्कि समाज व देश को भी चमकदार बनाने के लिए आगे आता है, परिवार की जिम्मेदारियों को ढोता है। अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस एक वार्षिक कार्यक्रम है जो पुरुषों और लड़कों की चुनौतियों और अनुभवों को पहचानने और उनका समाधान करने के महत्व पर प्रकाश डालता है। यह पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक पुरुषत्व और लैंगिक समानता के बारे में बातचीत को प्रोत्साहित करता है। पुरुषों के मुद्दों को संबोधित करने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि लैंगिक समानता एक सामूहिक प्रयास है, जिससे पुरुष और महिला दोनों को लाभ होता है, तथा पुरुषों की भलाई पर ध्यान देना इस यात्रा का एक अनिवार्य हिस्सा है। समाज रूपी गाड़ी को सही से चलाने के लिए यह बेहद जरूरी है कि महिलाएं उसका विरोधी होने के बजाय सहयोगी बने। उन्हें किसी भी भेदभाव का सामना न करना पड़े। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां के रूप में नारी को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता के रूप में पुरुष का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। महिला ममता का सागर है पर पुरुष उसका किनारा है। महिला से ही बनता घर है पर पुरुष घर का सहारा है। महिला से स्वर्ग है महिला से बैकुंठ, महिला से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पुरुष ही है। उन्हीं पुरुषों के सम्मान में पुरुष दिवस मनाया जाता है। दुनिया के दूसरे देशों की तरह भारत भी घरेलू हिंसा की समस्या से जूझ रहा हैं।

महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को रोकने के लिए कठोर कानून भी बने हैं, लेकिन पुरुष भी घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं। भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थान इस दिशा में जरूर काम कर रहे हैं। 'सेव इंडियन फैमिली फाउंडेशन' और 'माई नेशन' नाम की गैर सरकारी संस्थाओं के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि भारत में नब्बे फीसद से ज्यादा पति तीन साल की रिलेशनशिप में कम से कम एक बार घरेलू हिंसा का सामना कर चुके होते हैं। इस रिपोर्ट में यह भी तथ्य सामने आया है कि पुरुषों ने जब इस तरह की शिकायतें पुलिस में या फिर किसी अन्य प्लेटफॉर्म पर करनी चाही तो लोगों ने इस पर विश्वास नहीं किया और शिकायत करने वाले पुरुषों को हंसी का पात्र बना दिया गया।

लेकिन यह एक सच्चाई है कि अब महिलाओं की भांति पुरुष भी हिंसा, उत्पीडन एवं उपेक्षा के शिकार है। वे भी अपने अस्तित्व की सुरक्षा एवं सम्मान के लिये आवाज उठाना चाहते हैं। बड़ा सच है कि जीवन में जब भी निर्माण की आवाज उठेगी, पौरुष की मशाल जगेगी, सत्य की आंख खुलेगी तब हम, हमारा वो सब कुछ जिससे हम जुड़े होंगे, वो सब पुरुष का कीमती तौहफा होगा, इस अहसास को जीवंत करके ही हमें पुरुष-दिवस को मनाने की सार्थकता पा सकेंगे।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

गृहस्थ जीवन में सुख- शांति का अनुभव होगा। मित्रों से मुलाकात होगी। आय में वृद्धि होगी। उत्तम वैवाहिक सुख की प्राप्ति होगी। अविवाहितों का रिश्ता पक्का होने की संभावना बनी रहेगी। आज आपके हरेक कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे।

**वृष**

किसी के साथ गलतफहमी होने के कारण मनमुटाव हो सकता है। पारिवारिक वातावरण खराब हो सकता है। अत्यधिक धन खर्च होगा। भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ निर्णय के कारण आज आप कोई भी काम त्वरित निर्णय लेकर पूरा करेंगे।

**मिथुन**

विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। संतान के अध्ययन या अन्य मामलों के पीछे धन खर्च या पूंजी निवेश होगी। कलाकारों तथा खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का उत्तम समय है। सरकार से लाभ होने की संभावना है।

**कर्क**

कोर्ट-कचहरी का कामों को आज टाल देना हितकर है। आज विविध क्षेत्र में लाभ मिलने से आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। मित्रों के साथ मुलाकात, रमणीय स्थानों पर प्रवास पर्यटन का आयोजन होगा। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**सिंह**

व्यवसाय करने वालों को सरकार की तरफ से लाभ मिलने और नौकरीपेशा को उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि मिलेगी। नौकरी-धंधे में उच्च अधिकारी या भागीदार के क्रोध का शिकार बनना पड़ेगा।

**कन्या**

कोर्ट-कचहरी का कामों को आज टाल देना हितकर है। आज विविध क्षेत्र में लाभ मिलने से आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। मित्रों के साथ मुलाकात, रमणीय स्थानों पर प्रवास पर्यटन का आयोजन होगा। भाई-बंधुओं और पड़ोसियों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे।

**तुला**

आप पूरे दिन शारीरिक और मानसिक थकान महसूस करेंगे। परिश्रम की अपेक्षा कम सफलता मिलने से निराशा रह सकती है। नौकरी और व्यापार के संबंध में थोड़ा चिंतित रहेंगे। काम की भागदौड़ में परिवार की तरफ ध्यान नहीं दे पाएंगे।

**वृश्चिक**

पिता तथा अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा। मन आनंदित रहेगा। फिर भी स्वभाव में उग्रता का असर आपकी वाणी पर न पड़े, इसका ध्यान रखें। वैवाहिक जीवन में प्रेम बना रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी मामूली शिकायत रहेगी।

**धनु**

आज यात्रा को टालना हित में होगा। पाचन तंत्र संबंधी कोई तकलीफ हो सकती है। आपके व्यवहार से किसी को हानि न पहुंचे, इसका ध्यान रखें। आज आप सभी काम दृढ़ आत्मविश्वास और मनोबल से पूरा करेंगे।

**मकर**

गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी-व्यवसाय में प्रगति होगी। अधिकारी और घर में बड़ों से लाभ मिलेगा। धन लाभ होगा। व्यापारियों को उधार दिया पैसा मिलेगा। संतान की प्रगति से मन खुश रहेगा।

**कुंभ**

शारीरिक स्वास्थ्य बना रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों से लाभ होगा। शरीर में थकान और बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। मन चिंता से व्याकुल रहेगा। आज यात्रा स्थगित रखने की सलाह दी जाती है। संतान के विषय में चिंता रहेगी।

**मीन**

लंबे प्रवास का आयोजन संभव होगा। विरोधियों से विजय प्राप्त करेंगे। दिन के दौरान आकस्मिक घटनाओं में व्यस्त रहेंगे। आज आप शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। परिणामस्वरूप मन में नकारात्मक विचार पैदा होंगे। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम की स्टार हैं अलवर शहर की अतिरिक्त जिला कलक्टर राजस्थान प्रशासनिक सेवा की अधिकारी बीना महावर जी। 7 सितंबर सन 1985 को जयपुर में जन्मी बीना महावर शुरू से ही सिविल सर्विसेज में आने की आशा के साथ अपना अध्यापन शुरू किया। एज्यूकेशन इन्होंने एम.ए कर अपने सपनों को साकार करे। आज अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर अलवर के पद की शोभा बढ़ा रही हैं। बहुत बेहतरीन अधिकारी के रूप में जानी जाती हैं। पिड़ित परिवादियों की वेदनाओं को भावपूर्ण तरीके से समझ कर उनके निस्तारण की प्रक्रिया को सरल बनाकर उन्हें न्याय दिलाना इनके व्यक्तित्व को दर्शाता है। इससे पूर्व ये कई अन्य बड़े पदों पर भी रही हैं। जैसे अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट लालसोट दौसा। आयुक्त नगर निगम भरतपुर। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर भरतपुर। उप निदेशक क्षेत्रीय स्थानीय निकाय विभाग, भरतपुर। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, भरतपुर। उप निबन्धक, राजस्व मण्डल, अजमेर-।। जिला रसद अधिकारी, भरतपुर ग्रामीण। उपखण्ड अधिकारी, लक्ष्मणगढ़ अलवर। आयुक्त, नगर परिषद भरतपुर।

सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट मुख्यालय भरतपुर। सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट प्रशिक्षणाधीन अलवर। सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट प्रशिक्षणाधीन बीकानेर रही। ऐसे ही सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँच सके और जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके ऐसे ही आपके प्रयास आपको आगे तक ले जाएं ये दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम की कामना है।



श्रीमती बीना महावर
( एडीएम अलवर सिटी )

रूपक शर्मा

## आज का इतिहास

### 19 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- रुस के सेंट पीटर्सबर्ग शहर में 1824 में आये बाढ़ से दस हजार लोगों की मौत।
- फ्रेडरिक ई ब्लेसडेल ने 1895 में पेंसिल का पेंटेट कराया।
- तुर्की के युवराज अब्दुल मजीद द्वितीय को 1922 में खलीफा चुन लिया गया।
- यूरोपीय देश स्पेन में 1933 में महिलाओं को मताधिकार का अधिकार मिला।
- स्पेन 1952 में यूनेस्को का सदस्य बना।
- नौवें एशियाई खेल 1982 में दिल्ली में शुरु।
- पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 में लागू हुआ।
- भारत की ऐश्वर्या राय 1994 में मिस वर्ल्ड चुनी गईं।
- कर्णम मल्लेश्वरी ने 1995 में भारोत्तोलन में विश्व कीर्तिमान बनाया।
- कल्पना चावला 1997में अंतरिक्ष जाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।
- पाकिस्तान की एक अदालत द्वारा पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की माँ नुसरल भुट्टो को 2000 में 2 वर्ष के कठिन कारावास की सज़ा।
- आस्कर पुरस्कार से सम्मानित अभिनेता जेक्स कोबर्न का 2002 में लास एंजिल्स में निधन।
- पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ़ ने 2005 में भारत को भूकम्प पीड़ितों के हित में कश्मीर समस्या सुलझाने का सुझाव दिया।
- भारत ने 2006 में परमाणु ऊर्जा और यूरेनियम सप्लाई के लिए ऑस्ट्रेलिया का समर्थन मांगा।
- अफगानिस्तान के दक्षिण पश्चिम प्रान्त निमरोज में 2007 में हुए आत्मघाती हमले में गवर्नर के बेटे समेत सात लोग मारे गए।
- संयुक्त राष्ट्र की अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख मो. अलबरदेई को वर्ष 2008 के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड देने की घोषणा की गई।

### 19 नवंबर को जन्मे व्यक्ति

- 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का जन्म 1828 में हुआ।
- एक प्रसिद्ध धार्मिक व सामाजिक सुधारक, जो 'ब्रह्म समाज' के संस्थापकों में से एक केशव चन्द्र सेन का जन्म 1838 में हुआ।
- जाने-माने एक प्रसिद्ध पुरातत्त्ववविद रामकृष्ण देवदत्त भांडारकर का जन्म 1875 में हुआ।
- ग्रैंड स्लैम जीतने वाली पहली दक्षिणी अमेरिकी अनीता लिजाना का जन्म 1915 में हुआ।
- भारत की चौथी प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी का जन्म 1917 में हुआ।
- भारत के प्रसिद्ध इतिहासकार देवीप्रसाद चट्टोपाध्याय का जन्म 1918 में हुआ।
- हिन्दी फिल्मों के प्रसिद्ध भारतीय संगीतकार सलिल चौधरी का जन्म 1923 में हुआ।
- हिन्दी और भोजपुरी भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार विवेकी राय का जन्म 1924 में हुआ।
- विश्व प्रसिद्ध पहलवान और हिन्दी फिल्मों के अभिनेता दारा सिंह का जन्म 1928 में हुआ।
- हिन्दी फ़िल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री जीनत अमान का जन्म 1951 में हुआ।
- भारत की प्रथम मिस यूनिवर्स और प्रसिद्ध अभिनेत्री का सुष्मिता सेन जन्म 1975 में हुआ।

### 19 नवंबर को हुए निधन

- प्रसिद्ध उपन्यासकार वाचस्पति पाठक का निधन 1980 में हुआ।
- समाज सुधारक एवं सर्वोदय आश्रम टडियांवा के संस्थापक रमेश भाई का निधन 2008 में हुआ।

### विशेष आलेख

# युग के साथ पेरेंटिंग का तरीका भी बदला

विवेक वैश्णव



पेरेंटिंग अपने आप में एक बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है क्योंकि यह बच्चों की परवरिश और जीवन के विकास से सम्बंधित होता है। आज का यह दौर कोई कोमिक्स या नावेल अथवा पारम्परिक खेल खेलकर मनोरंजन करने का नही है। आज का युग डिजीटल युग है और बच्चों का नालेज बढ़ रहा है जिसके चलते आपके बच्चे इंटरनेट और टैक्नोलॉजी को आपसे बेहतर समझते है। आज के इस बदलते माहौल में जहाँ स्मार्टफोन और टेबलेट, इन्टरनेट हर जगह पहुँच गया है। विशेष रूप से शहरी क्षेत्र में तो यह हर हाथ में दिख ही जाता है। टेक्नोलॉजी के बढ़ते चलन और डिजिटल उपकरणों के व्यापक उपयोग के साथ, डिजिटल युग में बच्चों के पालन-पोषण में और ज्यादा सावधानी बरतने की आवश्यकता हो गई है। डिजिटल दुनिया में बच्चों की गतिविधियों को समझना एवं नियंत्रित करना जरूरी होता है। आज घर घर की कहानी हो चुका है कि बच्चा मोबाईल और टीवी में ही घुसा रहता है। आज के बच्चे डिजीटल दुनिया से ज्यादा जुड़े हुए हैं। उनके लिए हर चीज अब टेक्नोलॉजी पर आधारित है। खाना मंगवाना हो तो फोन से ऑर्डर कर दो, दोस्तों को देखना या बात करनी हो तो वीडियो या वॉइस कॉल कर दो। दिनभर में जाने कितनी बार वो टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हैं। डिजीटल एरा पेरेंट्स के लिए कुछ चुनौतियां लेकर आया है। बच्चों को अपने माता-पिता से ही प्रेरणा मिलती है और अगर आप अपने बच्चे की डिजीटल तकनीकों के साथ परवरिश करेंगे, तो इससे उसका और बेहतर विकास हो पाएगा। ऐसे में खुद को जानकारी से लैस करके और सक्रिय दृष्टिकोण अपनाकर बच्चों को जिम्मेदारी से डिजिटल दुनिया में नेविगेट करने के लिए सशक्त बनाते हुए उनके लिए एक स्वस्थ और संतुलित डिजिटल वातावरण बना सकते हैं। एक जिम्मेदार माता-पिता के रूप में, आप बच्चे द्वारा अपने उपकरणों पर उपयोग किए जाने वाले एप्लिकेशन की सेटिंग्स और नियंत्रणों की नियमित रूप से जांच कर लें और हर तरह की लिमिट को बरकरार रखें। डिजीटल दुनिया की वजह से बच्चों को फायदे के साथ-साथ नुकसान भी हुआ है और इसे कंट्रोल करने के लिए पेरेंट्स की जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। डिजिटल जानकारी और स्क्रीन टाइम 21वीं सदी में पैदा हुए बच्चों के बचपन के मुख्य घटक बन गए हैं जिससे बच्चों द्वारा डिजिटल डिवाइस के साथ बिताए जाने वाले समय में तेज़ी से वृद्धि हो रही है। डिजिटल मीडिया पर बच्चों की बढ़ती एक्टिविटी के चलते साइबर बुलिंग का शिकार होने की शिकायत बढ़ती जा रही है। इंटरनेट का इस्तेमाल बढ़ने की वजह से बच्चों को साइबर बुलिंग और साइबर हैरेसमेंट जैसी परेशानियों का सामना कर रहे हैं और अगर आप बच्चों को नहीं सुनेंगे तो उन्हें दुख हो सकता है। जब पेरेंट्स बच्चों की नहीं सुनते हैं तो उनके गलत रास्ते पर जाने का खतरा भी बढ़ जाता है। इसलिए अपने बच्चों की बात सुनें और उनकी प्रॉब्लम को सुलझाने की कोशिश करें।

# प्रसंगवश : जीवन या नुमाईश



हमारा जीवन सच में एक नुमाईश बन गया है। दूसरों को दिखाने के लिए जीने वाला जीवन, सच में किसी नुमाईश से कम नहीं। यह समाज भी नुमाइश का बाजार मात्र ही तो है यहां कपड़े पहनकर आदमी दूसरे से पूछता है कि कैसा लग रहा हूं ? कभी खुद से पूछने का प्रयास ही नहीं किया कि मैं कैसा लग रहा हूँ , क्योंकि खुद तो खुद से झूठ बोल ही नहीं पाएगा इसलिए यह झूठ की नुमाइश के जीवन का सर्टिफिक्रेट भी दूसरे से चाहिए कि मैं कैसा लग रहा हूं। बन ठन लिए रंग रोगन कर लिया शरीर की दुर्गंध ना आए इसलिए सेंट लगा लिया कई बार लगता है कि हम जी नहीं रहे बल्कि लोगों को दिखा रहे हैं कि भाई मैं तो ऐसे ही जीता हूं,जीने में गहराई दिखती नहीं बल्कि खुद में खुद ना होकर एक अभिनेता ज्यादा नजर आने लगा है। हमारी जेब में बहुत से मुखोटे हैं मित्रों जब जिसकी जरूरत होती है तुरंत प्रभाव से वैसा मुखौटा हम हाथों-हाथ लगा लेते हैं। धनपति और पद- प्रतिष्ठा मान सम्मान वाले के सामने पूंछ हिलाने वाला मुखौटा लग जाता है। गरीब असहाय और तन व धन से निर्धन के आगे दानवीर वाला मुखौटा लगा लेते हैं और खुद से कमजोर,निर्बल और शांत व्यक्तित्व के आगे गुर्राने वाला मुखौटा लगा लेते हैं। जिंदगी नहीं बल्कि झूठ की नुमाईश है , जिन चीजों की हमें आवश्यकता नहीं उन्हें खरीद कर हम यह साबित करते हैं कि हम यह चीज चाहे कर्ज लेकर खरीद रहे हो लेकिन दूसरों को दिखाने के लिए खरीद रहे हैं तो इस बात की कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि हमारी ये जिन्दगी जीवन नहीं बल्कि एक नुमाईश है और हम उसे नुमाईश में एक किरदार बनकर,एक फ्लॉप अभिनेता बनकर अपनी फिल्म को हिट करने का असफल प्रयास कर रहे हैं।

**रूपक शर्मा**
**बढ़ता राजस्थान, अलवर**

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# कई मर्तबा बुकिंग के बाद भी नहीं आते पर्यटक

## वन विभाग की नई कवायद, टॉप सीजन में भी कोई नहीं रहे वंचित

राकेश शर्मा

**सवाईमाधोपुर (बढ़ता राजस्थान)।** रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में पर्यटकों को आकर्षित करना मानो या फिर वन विभाग की नई कवायद, विभाग इस बात पर जोर दे रहा है कि पर्यटन सत्र पीक पर चलने के दौरान अधिक से अधिक पर्यटकों को भ्रमण पर भेजा जा सके यानी कोई पर्यटक वंचित नहीं रह सके। गौर तलब है कि इन दिनों बड़ी संख्या में देशी विदेशी पर्यटक पार्क भ्रमण के लिए यहां पहुंच रहे हैं। खासकर वीकेंड और अवकाश के दिनों में पर्यटकों की आवक अधिक रहती है। ऐसे में अब अधिक से अधिक पर्यटकों को नेशनल टाइगर कनजर्वेशन अथोरिटी (एनटीसीए) की ओर से नई गाइड लाइन निर्धारित की जाने की तैयारी चल रही है कि गाइडलाइन के पार्क भ्रमण पर भेजा जा सके। इसके तहत एडवांस बुकिंग होने के बाद भी खाली रहने वाली सीटों पर अब विभाग की ओर से अन्य पर्यटकों को टिकट जारी कर उन्हें पार्क भ्रमण भेजने की तैयारी की जा रही है। हालांकि अब तक




विभाग की ओर से इस संबंध में आदेश जारी नहीं किए गए हैं।

### पर्यटकों को मिलेगा फायदा

अधिक से अधिक पर्यटकों को पार्क भ्रमण पर भेजने के लिए एडवांस बुकिंग के बाद पर्यटकों के पार्क भ्रमण पर नहीं आने की स्थिति में खाली रहने वाली सीटों पर अब विभाग की ओर से अन्य पर्यटकों को भेजने की तैयारी की जा रही है।

**पूर्व सीसीएफ ने भी शुरू की थी वैकल्पिक व्यवस्था :** इस संबंध में करीब एक साल पहले रणथम्भौर के तात्कालीन सीसीएफ पी काथिरवेल ने इस संबंध में निर्देश भी जारी किए थे और इसके बाद वन विभाग की ओर से खाली रहने वाली सीटों पर करंट में टिकट जारी कर पर्यटकों को पार्क भ्रमण पर भेजने के निर्देश जारी किए गए थे और इसके बाद करंट में टिकट जारी कर पर्यटकों को पार्क भ्रमण पर भेजा गया था हालांकि बाद में तत्कालीन सीसीएफ का तबादला होने के बाद मामला एक बार फिर से अटक गया था।

**बुकिंग के बाद भी नहीं आते पर्यटक :** दरअसल रणथम्भौर में एडवांस ऑनलाइन बुकिंग होने के कारण अधिकतर पर्यटक रणथम्भौर भ्रमण की बुकिंग पूर्व में ही करा लेते हैं, लेकिन कई बार कई पर्यटक नियत तिथि पर अपिहार्य कारणों के कारण पार्क भ्रमण पर नहीं आ पाते हैं। वहीं एडवांस बुकिंग होने के कारण वन विभाग की ओर से पर्यटकों से राशि को पहले ही वसूल कर ली जाती है। ऐसे में वर्तमान में कई बार पर्यटकों के नहीं आने पर कैंटर व जिप्सियों में सीटे खाली रह जाती हैं।

**भ्रमण कराने की कोशिश :** टॉप सीजन में अधिक से अधिक पर्यटकों को पार्क भ्रमण पर भेजने के लिए वन विभाग की ओर से एडवांस बुकिंग के बाद खाली रहने वाली सीटों पर अब करंट में टिकट जारी कर पर्यटकों को पार्क भ्रमण कराने की योजना बनाई जा रही है।

**प्रमोद धाकड़, डीएफओ( पर्यटन ),**
**रणथम्भौर बाघ परियोजना,**
**सवाई माधोपुर**

# अधिक उत्पादन के लिए बीजोपचार आवश्यक : सोलंकी

## शत-प्रतिशत बीजोपचार करने की दी सलाह, ककोड़ में बीजोचार का किया सजीव प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**उनियारा/ टोंक/ ककोड़।** उपखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत ककोड़ में कृषि विभाग के तत्वावधान में फसलों में उत्पादकता बढ़ाने के लिए बीजोपचार कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कृषकों को शत-प्रतिशत बीजोपचार एवं डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फॉस्फेट उर्वरक काम में लेने की सलाह दी गई। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीरेन्द्र सिंह सोलंकी ने कहा कि अधिक उत्पादन के लिए बीजोपचार आवश्यक है बीज उपचार करने से रोगों व कीटों से बीज की सुरक्षा के साथ बीज की अंकुरण क्षमताव फसल उत्पादन में भी वृद्धि होती हैं। फसलों को रोगों व



कीटों से बचाने के लिए विभागीय सिफारिश अनुसार बीजोपचार अवश्य करें एवं संयुक्त निदेशक सोलंकी ने बताया कि मानसून की अच्छी वर्षा के कारण जिले के बांधों, जलाशयों एवं फॉर्म पौंड में पानी की पर्याप्त उपल्ब्धता में रबी फसलों की बुवाई के समय किसानों द्वारा फास्फेटिक उर्वरक के रूप में डीएपी के उपयोग का प्रचलन अधिक है। किसानों द्वारा फॉस्फेटिक उर्वरक के रूप में केवल डीएपी पर अधिक निर्भरता मांग एवं आपूर्ति का अनुपात बिगड़ जाता है कृषि अधिकारी कजोड़ मल गुर्जर ने बताया कि भूमि में संतुलित उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिले के किसानों को कृषि विभाग की तरफ से आवश्यक सलाह दी गई है कि सिंगल सुपर फॉस्फेट एक फॉरफोरस युक्त उर्वरक है, जिसमें 16 प्रतिशत फॉस्फोरस एवं 11 प्रतिशत सल्फर की मात्रा पाई जाती है। सहायक कृषि अधिकारी शंकर लाल मीणा ने कहा कि सिंगल सुपर फॉस्फेट मे सल्फर होने के कारण यह उर्वरक तिलहनी एवं दलहनों फसलों के लिए डीएपी उर्वरक की अपेक्षा अधिक लाभदायक होता है। सिंगल सुपर फॉस्फेट उर्वरक का उत्पादन राज्य में होने के कारण आसानी से उपलब्ध है। इस अवसर पर कृषि पर्यवेक्षक लव कुमार गुर्जर, रामबिलास गुर्जर, रविन्द्र बैरवा, आशाराम प्रजापत, रामदेव धाकड़.जगदीश धाकड़ सहित अनेक कृषक मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

# गर्भवतियों की हुई जांच, वितरित किए मां वाउचर योजना के कूपन



राकेश शर्मा

**सवाईमाधोपुर (बढ़ता राजस्थान)।** जिले में सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच व निजी सोनोग्राफ़ी केंद्रों पर निःशुल्क सोनोग्राफ़ी की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीना ने राज्य की प्रत्येक गर्भवती महिला की गर्भावस्था के अंतर्गत आवश्यक रूप से एक बार सोनोग्राफी सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मां वाउचर योजना को प्रारंभ किया है। गर्भवती महिला की दूसरी या तीसरी तिमाही में गर्भकाल के दौरान सोनोग्राफी निःशुल्क कराई जा रही है। इसमें जिले के निजी सोनोग्राफी सेंटरों को जोड़ा गया है, ताकि गर्भवती महिलाओं को उन्हीं के क्षेत्र में सोनोग्राफी करवाने की सुविधा मिल सके। इसके अंतर्गत गर्भवती महिला अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी पंजीकृत सोनोग्राफी केन्द्र पर जांच करवा सकती है। प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान दिवस पर माह की 9, 18 व 27 तारीख को आवश्यक जांच के साथ-साथ सोनोग्राफी जांच करवाने के लिए क्यूआर कोड युक्त कूपन गर्भवतियों के रजिस्ट्रर्ड मोबाइल नंबर पर जारी किया जा रहा है। इस कूपन के माध्यम से गर्भवती महिला विभाग से अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी केंद्र पर अपनी सोनोग्राफी जांच निःशुल्क करवा सकती है।

**9,18 और 27 को आयोजित हो रहा पीएमएसएमए :** गर्भवतियों की प्रसव पूर्व जांच कर वजन, उंचाई, पेट की जांच, खून की जांच, हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, शुगर, एचआईवी, सिफलिस, हदय स्पंदन, यूरिन, सोनोग्राफी आदि जांच कर आवश्यक दवाएं उपलब्ध करवाई गई। चिकित्सकों द्वारा विभिन्न चिकित्सा संस्थानों पर गर्भवतियों की जांच के साथ ही गर्भावस्था के दौरान किसी भी गर्भवती में जटिलता पाए जाने पर उच्च संस्थानों पर भी रेफर किया गया। साथ ही चिकित्सकों ने गर्भावस्था में आने वाली जटिलताओं के बारे में जागरूक किया। साथ ही सभी को भोजन की अच्छी आदतों को अपनाने, पोषक तत्वों युक्त भोजन करने, हरी सब्जियों, फलों, आयरन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करने की संबंधी जानकारी दी गई।

# कलशयात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरू



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा (नि.स.)।** मंडावर ग्राम पंचायत के ढाणी देवगंज में भव्य कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया है। पहले दिन कथा महात्मय का व्याख्यान करते हुए कथावाचक आचार्य धर्मेंद्र अवस्थी महाराज ने कहा कि रामायण महापुराण हमें आदर्श के साथ जीवन जीने के तरीके सिखाती है और श्रीमद् भागवत महापुराण हमें मरना कैसे है ये सिखाती है। भागवत महापुराण में भक्त को मरने से पहले क्या कर्म करे कि अपनी मुक्ति को प्राप्त कर कर सके उस सुगम मार्ग का मार्गदर्शन केवल भागवत महापुराण में मिलता है। भगवान की भक्ति से मोक्ष की प्राप्ति करने का सबसे सरल उपाय राम नाम संकीर्तन है। ढाणी देवगंज में विशाल संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। जिसकी शुरुआत सोमवार को कलश यात्रा के साथ हुई। कथा के पहले दिन पूरे गाँव की महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा में अपनी सहभागिता दी गई। आयोजन स्थल से गाँव के मुख्य मार्ग होते हुए तेजाजी धाम तक गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान गाँव के लोगो द्वारा घर-घर दरवाजे पर कलश आरती का आयोजन कर उनका स्वागत किया गया। पहले दिन देवी पूजन पोथी पूजन व भागवत महात्मय का व्याख्यान करते हुए भक्ति ज्ञान वैराग्य का बहुत ही सुन्दर वर्णन करते हुए अवस्थी महाराज ने बताया कि इस कलयुग में केवल भगवान का नाम जपने भर मात्र से सहज ही भक्ति की प्राप्ति हो जाती है। श्रीमद् भागवत कथा में रोजाना सुबह 8 बजे से सामूहिक महा रुद्राभिषेक का आयोजन यज्ञाचार्य पं.हनुमान प्रसाद शर्मा के द्वारा कराया जा रहा है। साथ ही सात दिनों तक चलने वाले सप्ताह ज्ञान यज्ञ में श्रीमद्भागवत महापुराण का मूल पाठ भी कराया जा रहा है। जिसमें दर्जनों जोड़े भाग लेंगे। इस अवसर पर बद्री लाल जाट, रामस्वरूप जाट, केदार जाट, जगदीश जाट, श्योजीराम जाट, हीरा लाल जाट, शंकर लाल, रामेश्वर प्रसाद, महेंद्र पाल, भँवर लाल, रामजी लाल, दीनदयाल, राजेंद्र, विष्णु, अजय चौधरी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# अवकाश को लेकर एचएम व चौकी प्रभारी में तनातनी

राकेश शर्मा

**सवाईमाधोपुर (बढ़ता राजस्थान)।** मलारना डूंगर थाने में अवकाश स्वीकृति की बात को लेकर थाने में तैनात एचएम और भाड़ौती पुलिस चौकी प्रभारी के बीच तनातनी की हो गई। मामला बढ़ता इससे पहले ही थानाधिकारी ने दोनों के बीच समझाइश कर मामले को सम्भाल लिया। खबरें मारपीट की भी आ रही है। हालांकि मारपीट की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई। सूत्रों की माने तो भाड़ौती पुलिस चौकी प्रभारी हेड कांस्टेबल राकेश रविवार शाम अवकाश का प्रार्थना पत्र लेकर थाने पहुंचे थे। जहां थाना एचएम ने नफरी कम होने की बात कहकर एसएचओ को अवकाश स्वीकृत नहीं करने की बात कही। इस बात को लेकर दोनों के बीच कहा सुनी के बाद तनातनी हो गई। इस पर थानाधिकारी ने दोनों को समझाइश कर मामले को शांत कर दिया। इस संबंध में थाना एचएम से बात नहीं हो सकी। इस संबंध में भाड़ौती पुलिस चौकी प्रभारी राकेश का कहना है कि अवकाश मेरा अधिकार है।

### इनका कहना है

कहासुनी हुई थी। मारपीट नहीं हुई। मेने समझा दिया है। अभी अवकाश स्वीकृत नहीं किया है। उच्च अधिकारियों से चर्चा के बाद निर्णय लेंगे।

**संपत सिंह**
**थानाधिकारी, मलारना डूंगर**

# नाली तोडक़र अतिक्रमण करने के मामले में उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** उपखंड अधिकारी कार्यालय में सोमवार को नाली तोडक़र अतिक्रमण करने के मामले में उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में सन्तरा देवी ने बताया कि वार्ड नम्बर 34 गली नम्बर 14 में प्रभावशाली व्यक्तियों ने नाली को तोडक़र करीब एक फीट आगे पक्की दिवार का निर्माण कर लिया है जिससे आम रास्ता 16 फीट से कम हो गया है। उन्होंने अतिक्रमण करने की जानकारी नगरपालिका को दी लेकिन उचित कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने एसडीएम से किए गए अतिक्रमण को शीघ्र हटवाने की मांग की है जिससे रास्ते की चौडाई बनी रहे।

# राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष 20 को सर्किट हाउस में करेंगी जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (नि.स.)।** महिला उत्पीड़न रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष (राज्य मंत्री) रेहाना रियाज चिश्ती की अध्यक्षता में 20 नवंबर को प्रातः 11 बजे सर्किट हाउस सवाई माधोपुर में जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय जनसुनवाई राज्य महिला आयोग के सदस्य एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# राजकीय शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय चौथ का बरवाड़ा के भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटित

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (नि.स.)।** सम्भागीय आयुक्त रश्मि गुप्ता ने जिला कलक्टर सवाई माधोपुर के प्रस्ताव पर ग्राम चौथ का बरवाड़ा की 0.05 हैक्टेयर भूमि राजस्थान भू-राजस्व नियम, 1963 के नियम 4 व राज्य सरकार की अधिसूचना 2011 में प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुए राजकीय शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय चौथ का बरवाड़ा के भवन निर्माण के लिए निःशुल्क आवंटित की है।

# जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित, गलवा बांध से सिंचाई के लिए पानी छोड़ा



बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में सोमवार को कृषि मंडी परिसर उनियारा में जिले के गलवा बांध से रबी वर्ष 2024-25 की फसल के लिए सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने को लेकर जल वितरण समिति की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान अतिरिक्त संभागीय आयुक्त अजमेर दीप्ति शर्मा मौजूद रही। बैठक में जिला कलेक्टर को जल उपयोक्ता संगम एवं क्षेत्र के किसानों ने बांध की नहर खोलने को लेकर अपने सुझाव दिये। किसानों की सहमति से गलवा बांध से सोमवार को दोपहर तीन बजे सिंचाई का पानी देने के लिए छोड़ा गया। इससे ग्रामीण बेहद खुश नजर आए। जिला कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग सर्किल अजमेर के अधीक्षण अभियंता महेश राठी एवं अधिशाषी अभियंता टोंक देवानंद से गलवा बांध की नहरों की मरम्मत व सफाई की जानकारी लेते हुए इसे शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि टेल तक पानी आसानी से पहुंच सके। साथ ही, नहर संचालन के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन, पुलिस एवं जल संसाधन विभाग को निर्देश दिए कि नहरों पर काश्तकारों द्वारा लगाए गए अवैध इंजनों को हटाने एवं जब्त करने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। बैठक में उपखंड अधिकारी शत्रुघन गुर्जर, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीरेंद्र सिंह सोलंकी, जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता कालूराम मीना, तहसीलदार प्रवीण सैनी, विकास अधिकारी विजय सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### बांध की वर्तमान स्थिति

जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि वर्तमान में गलवा बांध में 19 फिट 8 इंच पानी उपलब्ध है। जिससे तहसील उनियारा के 35 गांवों की 12915.09 हेक्टेयर भूमि एवं सवाई माधोपुर जिले के ग्राम पावाडेरा की 475.91 हेक्टेयर कुल 13391 हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इस परियोजना की मुख्य नहर 39.32 किमी 1 ब्रांच एवं 7 माईनर सिस्टम की कुल लंबाई 107.44 किमी है।

# विधायक ने लिया श्री बद्री विशाल धाम मंदिर व्यवस्थाओं का जायजा

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा (नि.स.)।** निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा ने सोमवार को गांव नटवाड़ा में स्थित श्री बद्री विशाल धाम मंदिर में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गांव में पहुंचकर विधायक वर्मा ने श्री बद्री विशाल भगवान के मंदिर में पूजा अर्चना कर भगवान के दरबार में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होने भगवान की विशेष पूजा कर प्रदेश में सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर उन्होने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी।



ग्रामीणो की मांग पर विधायक वर्मा ने मंदिर में मीठे पानी के लिए ट्यूबवेल मय पाइप लाइन लगवाने की घोषणा की। वही शीघ्र ही यात्रियो के लिए टीन डूम सेट लगवाने का प्रस्ताव लिया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार में न्याय के साथ विकास किया जा रहा है। सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओ को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाना ही सरकार का मुख्य उद्धेश्य है। पूर्व सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश के सभी सरकारी कार्यों और कार्यालयों में भ्रष्टाचार का बोलबाला था लेकिन भाजपा के शासन काल में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट कह दिया गया है कि सीट पर वही रहेगा जो जनता का काम करेगा। इस अवसर पर रामप्रसाद शर्मा, रामदेव प्रजापत, बद्री विजय, श्याम जोशी, मुकेश कीर, शंकर मोठिया, सांवरा जोशी, राजेंद्र कुकशवाल, जगदीश प्रजापत, गंगाबिशन प्रजापत, केदार प्रजापत, रामू सैन, भरत जाट सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# जिले के पशु चिकित्सा प्रभारी पशुपालकों को एंटी माईक्रोबियल रेजिस्टेंस के प्रति जागरूक करें : डॉ. छोटू लाल बैरवा

## पशुपालन विभाग में एंटीमाईक्रोबियल रेजिस्टेंस सप्ताह का आरंभ



बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** एंटी माईक्रोबियल रेजिस्टेंस (ए.एम.आर) सप्ताह का आरंभ एजुकेट, एडवोकेट एक्ट नॉउ की थीम के साथ सोमवार को पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा ने किया। संयुक्त निदेशक ने बताया कि विश्व एंटी माईक्रोबियल रेजिस्टेंस सप्ताह हर वर्ष 18 से 24 नवंबर तक संपूर्ण विश्व में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि जिले के समस्त पशु चिकित्सा प्रभारियों को एएमआर सप्ताह के दौरान पशु चिकित्सालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर पशुपालकों को एंटी माईक्रोबियल रेजिस्टेंस के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए है। एएमआर सप्ताह का उद्देश्य पशुपालकों और किसानों को एंटी बायोटिक्स के अनुचित उपयोग से होने वाले खतरों के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर विभाग के संयुक्त निदेशक, डॉ. बैरवा ने जिले के पशुपालकों, पशुचिकित्सकों एवं पशुधन सहायकों को संबोधित करते हुए कहा कि एंटी माईक्रोबियल रेजिस्टेंस सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक बढ़ता हुआ खतरा है। जिस पर तत्काल ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने इसके बढ़ते खतरे और इसके नकारात्मक प्रभावों के बारे में सभी को अवगत करवाया।

### एंटी बायोटिक्स के अधिक उपयोग से रोगाणुओं में प्रतिरोधक क्षमता विकसित होती है : डॉ. चंद्रशेखर अरोड़ा

वरिष्ठ पशुचिकित्सक चंद्रशेखर अरोड़ा ने कहा कि एंटी बायोटिक्स के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इसका अधिक उपयोग करने से पशुओं के सामान्य संक्रमणों का उपचार करना भी मुश्किल होता है। डॉ. अरोड़ा ने सभी पशुपालकों से अपील कहा कि एंटी बायोटिक्स का उपयोग पशुचिकित्सक की सलाह पर करें। साथ ही, पशुओं को विभिन्न रोगों से बचाव के लिए उनका समय-समय पर टीकाकरण करवाते रहे। संयुक्त निदेशक ने बताया कि इस दौरान उपनिदेशक डॉ. दिलीप गिदवानी, डॉ. सोनल ठाकुर, डॉ. विजय अग्रवाल, डॉ. सौभाग सिंह चौधरी, डॉ. शिवराज शर्मा, डॉ. दीप्ति मीणा, डॉ. सुनीता रावत, डॉ. आलोक गौड़, डॉ. लक्ष्मण सिंह, डॉ. अविनाश जैन, डॉ. हरीश मीणा, डॉ. विवेकानंद, डॉ. फहीम अख्तर, डॉ. अतुल जैन, डॉ. रामवतार गोयल, पशुधन सहायक दिव्या सैनी, मेघना गौतम, देशराज गुर्जर, नेहा चौधरी, तबस्सुम बानो, प्रवीण चौधरी, टीना सैनी, अमित चौधरी, मोहम्मद फारुख खान, कैलाश चौधरी, दिग्विजय सिंह मीणा, मुकेश चौधरी, रूपवति वर्मा, आरती सैनी, वरिष्ठ सहायक अनिल कुमार बैरवा, संदीप तसेरा, घनश्याम नायक, दीपक बैरवा एवं सालिक खान समेत विभागीय कार्मिक मौजूद रहें।

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013 के सम्बन्ध में किया शिविर आयोजित

# विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के तहत महिलाओं को नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने का अधिकार : अनिल कुमार

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश (जिला जज) हरेंद्र सिंह एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मोहन लाल सोनी एवं तालुका विधिक सेवा समिति एडीजे लक्ष्मणगढ़ गोपाल सैनी के आदेश पर पंचायत समिति गोविंदगढ़ के रामबास में राजीविका के ब्लॉक कार्यालय अमर सीएलएफ रामबास पर गोविंदगढ़ में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया नालसा थीम सॉन्ग एक मुट्ठी आसमान पर हक़ हमारा भी तो है। के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पीएलवी अनिल कुमार ने बताया गया कि भारतीय कानून में महिलाओं को कार्यस्थल(दफ्तर) पर यौन शौषण के विरुद्ध सुरक्षा का अधिकार, किसी घटना की स्थिति में ज़ीरो एफ आई आर दर्ज करने का अधिकार एवं समान वेतन प्राप्त करने का अधिकार, गरिमापूर्ण और शालीनता से जीवन जीने का अधिकार तथा ऑफिस दुदफ्तर और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से सुरक्षा का अधिकार प्राप्त है। इक्कल रिमुनरेशन एक्ट में दर्ज प्रावधानों के अनुसार महिलाओं को पुरुषों के समान सैलरी, पे, या मेहनताना प्राप्त करने का अधिकार है। महिला को गरिमा और शालीनता से जीवन जीने का अधिकार है किसी मामले में महिला आरोपी है। और उसका मेडिकल परीक्षण हो रहा है। तो यह काम किसी दूसरी महिला की मौजूदगी में ही होना चाहिए। भारतीय कानून के अनुसार अगर किसी महिला के साथ दफ्तर या कार्यस्थल पर मानसिक,शारीरिक या यौन शौषण होता है तो है तो महिला को शिकायत दर्ज करने का अधिकार है इस कानून के तहत अवधि 3 माह के भीतर ब्रांच ऑफिस में इंटरनल कंप्लेंट कमेटी को लिखित शिकायत दे सकती है।

भारतीय न्याय संहिता की धारा 85,86(दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 498 ए) के अंतर्गत पत्नि, महिला लिव इन रिलेशन या किसी घर में रहने वाली महिला के साथ जुबानी, जज़्बाती,आर्थिक, या यौन हिंसा करने पर आरोपी को 3 वर्ष के कारावास की सजा या जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। लीगल सर्विसेज ऑथोरिटी एक्ट 1987 के अनुसार यौन शौषण की शिकार महिला को मुफ़्त कानूनी सलाह एवं सहायता प्राप्त करने का अधिकार है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं सहायता हेतु टोल फ्री नंबर 15100 जारी किया है। एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा 9928900900 टोल फ्री नंबर जारी किया है। इस अवसर पर पीएलवी अनिल कुमार, बीपीएम संतोष मीना,सुमन,पिंकी, वंदना आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।




# मानव से प्रेम ही ईश्वर प्रेम है : माता सुदीक्षा जी महाराज

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** 77वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का भव्य आयोजन, संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा हरियाणा में बड़े ही हर्षोल्लासपूर्वक किया जा रहा है जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालुगण सम्मिलित होकर सुखद आनंद की दिव्य अनुभूति प्राप्त कर रहे है।समालखा के विशाल मैदानों में शनिवार की रात्रि को मंगलकारी प्रवचनों की रसधारा प्रवाहित करते हुए सतगुरु माता जी ने अपने दिव्य संदेश में फरमाया कि संसार में विचरण करते हुए जब हम अपने सीमित दायरे से सोचते हैं तो केवल कुछ ही लोगों से रुबरु हो पाते हैंए किन्तु ब्रह्मज्ञान की दिव्य रोशनी से जब हम इस परमपिता परमात्मा संग जुड़ते है तब हम सही अर्थो में सभी से प्रेम करने लगते हैं। यही प्रेमाभक्ति ईश्वर प्राप्ति का सरलतम मार्ग है। भक्ति की परिभाषा को एक नया दृष्टिकोण देते हुए सतगुरु माता जी ने कहा कि यदि जीवन के हर क्षण को भक्ति में बदल दिया जाएए तो अलग से पूजा का समय निकालने की आवश्यकता ही नहीं रहती। यही विचारधारा जब व्यापक रूप ले लेती है तो सबके प्रति निस्वार्थ सेवा और प्रेम की भावना को जाग्रत करती है। सतगुरु माता जी ने उदाहरण स्वरूप समुद्र की गहराई और शांति को सहनशीलता और विनम्रता का सुंदर प्रतीक बताया। जिस प्रकार समुद्र अपने अंदर सब कुछ समेटे हुए होता है फिर भी शांत अवस्था में रहता है ठीक उसी प्रकार मनुष्य को भी अपने भीतर सहिष्णुता और विशालता विकसित करनी चाहिए। संत समागम का द्वितीय दिन सेवादल रैली को समर्पित है जिसका आयोजन भव्य रूप में हुआ। इस आकर्षक रैली में देश एवं दूर.देशों से आए हुए सेवादल के भाई एवं बहनों ने भाग लिया और मिशन की शिक्षाओं एवं आध्यात्मिकता पर आधारित लघु नाटिकायें प्रस्तुत की गईं। सतगुरु माता जी ने सेवादल रैली में उपस्थित श्रद्धालुओं को सेवा, समर्पण और विनम्रता का दिव्य संदेश देते हुए कहा कि सेवा का भाव न केवल पवित्र है अपितु यह जीवन के हर क्षेत्र में संतुलन और अनुशासन का सुंदर प्रतीक है।

# बाईस वर्षीय आजाद ने लगाया मौत को गले, शाहपुर गाँव का है मामला

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** उपखण्ड क्षेत्र के गाँव शाहपुर निवासी आजाद उर्फ़ राहुल पुत्र राजेन्द्र यादव आयु 22 साल ने फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त करली। फांसी की सुचना मिलने पर बानसूर थाना पुलिस हैडकांस्टेबल रामरतन के नेतृत्व में शाहपुर पहुँची। हैडकांस्टेबल रामरतन ने बताया कि शाहपुर के मोठूका रोड़ से करीब एक सौ मीटर की दूरी पर आजाद उर्फ़ राहुल का शरीर पेड़ से लटक रहा था।

पुलिस की मौजूदगी में आजाद की बॉडी को नीचे उतारा गया और रोटी बैंक की नि:शुल्क एम्बुलेंस से बानसूर उपजिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहाँ चिकित्सकों ने आजाद उर्फ़ राहुल को मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। उल्लेखनीय है कि मृतक के पिता राजेन्द्र यादव पुत्र सुबेसिंह यादव ने करीब 5-6 वर्ष पूर्व आत्महत्या करली थी।

वहीं आपातकालीन सेवा के इंचार्ज डॉ सुखिराम ने बताया कि शाहपुर निवासी राहुल उर्फ़ आजाद की बॉडी को उपजिला अस्पताल लाया गया था जिसे मृत घोषित कर दिया गया है।

# बानसूर के विकास को मिले एक नई गति, हमारा प्रयास और आपका साथ बुलंदियों पर जाएगा बानसूर : शेखावत



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधायक देवीसिंह शेखावत ने उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा से बानसूर के विकास को लेकर विशेष शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने कहा कि भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार विकास की ओर बढ़ रहा है, वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश लगातार विकास की ओर अग्रसर है। शेखावत ने उपमुख्यमंत्री बैरवा से शिष्टाचार भेंट में कहा कि कोटपूतली से रामपुर के लिए पर्याप्त बस चलावें। जिससे विधानसभा क्षेत्र के लोगों का भला हो सके। शेखावत ने उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा को बानसूर विधानसभा क्षेत्र के विकास में कैसे गति मिले और विकास हो उस पर भी चर्चा की।

बजट घोषणाओं व सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रमों की तैयारियों के लिए निर्देश दिए

# 12 से 15 दिसंबर तक जिलों में भी विविध कार्यक्रमों का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने मुख्य सचिव सुधांश पंत द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के समस्त अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।कलेक्टर ने बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि राज्य सरकार की मंशानुरूप बजट घोषणाओं की जल्द से जल्द व प्रभावी क्रियान्विति करें जिससे आमजन को बजट घोषणाओं का लाभ मिले सके। कलेक्टर ने बजट घोषणाओं से जुड़े भूमि आवंटन के प्रस्ताव या अन्य कार्यों में आ रही समस्याओं के बारे में अवगत कराने को कहा जिससे उनका समय रहते जल्द निस्तारण हो सके। उन्होंने सरकार के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर राज्य सरकार से मिले दिशा निर्देशों के अनुरूप तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 12 से 15 दिसंबर तक जिलों में भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसकी तैयारियों से जुड़े कार्य सभी संबंधित विभागीय अधिकारी शुरू करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सभी विभाग आवश्यक तैयारियां शुरू कर दें।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओम प्रकाश सहारण संपर्क पोर्टल सहित विभिन्न आयोगों द्वारा आए हुए प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों का समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग के एवरेज डिस्पोजल टाइम अधिक होने पर नाराजगी जाहिर की तथा उन्हें सभी सीबीईओ के साथ यथाशीघ्र एक मीटिंग का आयोजन करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास सहित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला कलेक्टर ने ली बैठक



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** राज्य में बढती नशे की प्रवृति एवं इसके दुष्प्रभावों के रोकथाम हेतु नशामुक्त अभियानान्तर्गत जिला कलक्टर महोदया कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की 11 बजे कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी रमेश कुमार दहमीवाल ने नशामुक्त भारत अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए बताया की भारत सरकार द्वारा अभियान को निरन्तर जारी रखते हुए कार्यक्रम को अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करते हुए सफल बनाना है। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिये की 50 मास्टर ट्रेनर की सूचि जिला समाज कल्याण अधिकारी को भिजवाने, स्कूलों में शनिवार को बच्चों से नशे की बढ रही लत और इसके दुष्प्रभावों पर चर्चा की जावे साथ ही स्कूल, कालेज इत्यादि शैक्षणिक संस्थानों से 200 मीटर के दायरे में नशीले वस्तुओं की बिक्री वाली दुकानों को बन्द करावें। पुलिस विभाग द्वारा कालेज, शिक्षा विभाग ऐसे कार्यक्रमों मे स्थानीय पुलिस अधिकारी को भी बुलावें। चिकित्सा विभाग को मेडिकल स्टोर आदि पर नशीली दवा आदि पर रोक लगाने 18 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों को किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ, ड्रग्स आदि का बेचान नहीं करे।

कालेज शिक्षा ने बताया की जल्दी 30 ट्रेनी के द्वारा वर्कशाप आयोजित की जावेगी।मीटिंग के दौरान कोटपूतली अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,आईसीडीएस विभाग से कीर्ति बरोलिया, समाज कल्याण विभाग के सहायक निदेशक रमेश दहमीवाल डीएनओ रविकांत जांगिड़ भी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन

देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव के दौरान हुई घटना को लेकर सोपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय् )।** देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के दिन ग्राम समरावता में 23 नवंबर 2024 को हुई घटना को लेकर क्षेत्र के अनेक लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी भुसावर को ज्ञापन सोपा है सौपे गए ज्ञापन में बताया है समय रहते हुए राज्य सरकार एवं प्रशासन द्वारा समरावता गांव के लोगों की जायज समस्या को समझ लिया जाता तो यह घटना नहीं होती। ज्ञापन में समाज की मांगों का समर्थन करते हुए सम्बंधित कार्मिकों पर आराधिक मामला दर्ज किए जाकर कार्रवाई करने, नरेश मीणा एवं निर्दोष लोगों को रिहा किया जाने, जिला कलेक्टर एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाकर मामले की निष्पक्ष जाँच कराई जाने, निर्दोष लोगों की चल अचल संपत्ति के नुकसान का मुआवजा देने जैसी बातों का उल्लेख किया गया है।

# साधारण सभा की बैठक में प्रस्तावों का हुआ अनुमोदन तकमीना बनवाकर स्वीकृति हेतु भेजे जाएंगे जिला परिषद

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय् )।** महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत पंचायत पौधशाला, अमृत सरोवर व खेल मैदान को लेकर वार्षिक कार्य योजना 2024 -25 हेतु साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई! पंचायत समिति प्रधान सफेदी देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ग्राम पंचायत से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार विमर्श उपरांत अनुमोदन किया गया विकास अधिकारी गिर्राज प्रसाद बुनकर ने बतलाया कि प्राप्त प्रस्तावों का तकलीना बनाकर स्वीकृति हेतु जिला परिषद भेजा जाएगा जहां से सक्षम स्वीकृत एवं बजट मिलने पर कार्य प्रारंभ किए जाएंगे इन कार्यों में वहां की स्थिति जैसे पानी की सुविधा खेल मैदान के लिए जगह आदि का विशेष ध्यान रखा गया है साधारण सभा की बैठक में कर्मचारियों के उपस्थित नहीं होने पर आसन की स्वीकृति से उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किए जाएंगे।

# हवा हुई जहरीली, बुजुर्ग-बच्चों व स्वांस रोगियों पर भारी, बचाव ही एक उपाय

बढ़ता राजस्थान




**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय् )।** वर्तमान में वायु प्रदूषण के कारण हवा जहरीली हो चुकी है हवा का क्वालिटी स्तर बड़ा ही खतरनाक स्तर पर पहुँच चुका है जिसका असर वायु मंडल में देखा जा सकता है। चारो ओर धुंध (स्मॉग) ने अपना आवरण बना लिया है। जिससे दृश्यता भी कम हो गयी है। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों,बच्चों एवं स्वांस के रोगियों को हो रही है। जिन्हें सांस लेने में तकलीफ तो ही रही है साथ ही खांसी व दमा के साथ आखों में जलन की शिकायत भी बढ़ रही है।

## क्या है एयर क्वालिटी इंडेक्स

एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) यानी वायु गुणवत्ता सूचकांक से पता चलता है कि हवा कितनी साफ है.एक्यूआई एक तरह से प्रदूषण मापने का थर्मामीटर है। इस पैमाने के जरिए हवा में मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड, ओजोन, नाइट्रोजन ऑक्साइड, पीएम 2.5 (पार्टिकुलेट मैटर) और पीएम 10 पोल्यूटेंट्स की मात्रा को चेक किया जाता जाता है। एक्यूआई की माप 0 से 500 तक होती है। दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र में हवा का स्तर पैमाने के करीब पहुँच चुका है तो वही कामां में हवा का स्तर 200 के आसपास है। कई दिनों से हवा का स्तर गिरता ही जा रहा है जीरो से 50 का स्तर सबसे अच्छा समझा जाता है उसके बाद जैसे ही स्तर बढ़ने लगता है तो वह हानिकारक होता चला जाता है और 500 के बाद तो नापने का पैरामीटर भी बंद हो जाता है।

## क्यो बढ़ रहा है प्रदूषण

सर्दियों में हवा ठंडी हो जाती है. ठंडी हवा, गर्म हवा की तुलना में अधिक सघन होती है और धीमी गति से चलती है। हवा का घनत्व ज्यादा होने के कारण धूल के कण जैसे प्रदूषण को बढ़ाने वाले कारक हवा में फंस जाते हैं।हवा धीमी गति से भी चल रही होती है इसलिए ये प्रदूषण को दूर भी नहीं ले जाती. यही कारण है कि आसमान में धुंध (स्मॉग) छा जाती है और सर्दियों में वायु प्रदूषण बहुत लंबे समय तक बना रहता है। तापमान उलटना या टेंपरेचर इनवर्जन, जिसके कारण प्रदूषण की मात्रा बढ़ जाती है। आमतौर पर ऊंचाई के साथ जैसे-जैसे हम ऊपर जाते हैं, हवा ठंडी होती जाती है. लेकिन सर्दियों में इसका उलटा हो जाता है. जमीन के पास की हवा ठंडी होती है जबकि उसके ऊपर की लेयर गर्म हो जाती है। इस स्थिति में, गर्म हवा की लेयर हमारे ऊपर बोतल के ढक्कन की तरह काम करती है, जो निचली ठंडी हवा को ऊपर उठने नहीं देती। ऐसे में प्रात: कालीन वॉक बंद कर देनी चाहिए व बुजुर्गों बच्चों वह रोगियों को मास्क लगाकर रहना चाहिए, बचाव ही एक उपाय है।

# अफ्रीका महाद्वीप के सबसे ऊँचे पहाड़ किलिमंजारो (गिलमन पॉईट) को फतह कर लौटी इप्सा दा फ्लाई गर्ल

कोटपूतली पहुँचने पर जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के वार्ड नं. 17 गढ़ कॉलोनी निवासी 11 वर्षीय इप्सा पुत्री अजय यादव ने अफ्रीका महाद्वीप के सबसे ऊँचे पहाड़ किलिमंजारो (गिलमन पॉईट) को फतह किया है। इप्सा ने मात्र चार दिन में (5681 मीटर) करीब 19 हजार फीट का रास्ता तय कर चोटी पर तिरंगा फहराकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

उन्होंने विश्व का अकेला पर्वत जो किसी पर्वत शृंखला का हिस्सा नहीं है वहाँ भारतीय ध्वज लहराया है। इप्सा के सोमवार को कोटपूतली पहुँचने पर जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। कस्बे के मुख्य चौराहा स्थित जिला कलक्टर कार्यालय में जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल व एडीएम ओमप्रकाश सहारण द्वारा आशीर्वाद स्वरूप स्वागत किया गया।

वहीं पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना द्वारा अपने कार्यालय पर भव्य स्वागत किया गया। भाजपा नेता मुकेश गोयल ने राजमार्ग स्थित भाजपा कार्यालय पर इप्सा का भव्य स्वागत किया। इसी प्रकार कस्बे के गोकुल टॉवर के पास पूर्व पार्षद तारा पूतली के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा इप्सा का स्वागत किया गया। इस दौरान रूप स्वामी, राजन शर्मा, रूपेश वर्मा, भूपसिंह पूतली, प्रशांत आर्य, अजय सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

# सरकार आपके द्वार समस्या समाधान शिविर में शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने की जनसुनवाई

## संस्कृत महाविद्यालय के लिए ढाई करोड़ रुपए देने की घोषणा

## रामगंजमंडी में चल रहे 267 करोड़, 24 लाख रुपए के कार्य

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री तथा रामगंजमंडी के विधायक मदन दिलावर ने चेचट के महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सरकार आपके द्वार समस्या समाधान शिविर में जनसुनवाई की। घाटोली के रामकुमार दास पुत्र निर्मल दास ने शिविर में उपस्थित होकर मंत्री दिलावर को शिकायत दी की में हनुमान मंदिर का पुजारी हूं तथा घाटोली में गौशाला का संचालन कर रहा हूं। गांव का सरपंच दिनेश तिवारी मुझे बार-बार धमकी दे रहा है कि 2 लाख रुपए दो तभी गोशाला चलाने दूंगा नहीं तो गोशाला बंद करवा दूंगा। मंत्री ने शिविर में उपस्थित चेचट पुलिस थाने के थानाधिकारी को आरोपी के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए।

इससे पूर्व मंत्री श्री मदन दिलावर ने निर्धारित कार्यक्रमानुसार शिविर में पहुंचकर विभागों द्वारा लगाई गई सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का





अवलोकन किया। तत्पश्चात मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर की शुरुआत करते हुए मंत्री मदन दिलावर ने सबसे पहले क्षेत्र के स्वीकृत/ प्रारंभ हुए विकास कार्यों की जानकारी दी। दिलावर ने चेचट संस्कृत महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए 2.50 करोड़ रुपए देने की घोषणा की। नाला निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपए दिए गए है जिससे साफ सफाई के साथ पक्के नाले का निर्माण मय ढकान के होगा। मंत्री ने बताया कि चेचट में नवीन महाविद्याय इसी सत्र से प्रारंभ हो चुका है। जिसमें विद्यार्थियों का प्रवेश के साथ अध्ययन शुरू हो गया है।

**13 नवीन पशु उपकेंद्र स्वीकृत :** शिविर के प्रारंभ में शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री श्रीमद्भागवत में बताया कि रावण मंडी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ब्लाक खैराबाद में पशुपालन विभाग द्वारा 13 नवीन पशु उपकेंद्र स्वीकृत किए गए है। जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इतने सारे केंद्र एक साथ पहले कभी स्वीकृत नहीं हुए है। उन्होंने बताया कि ग्राम खीमच, खंभकोट, लखरिया, असकली, डोलियों, कल्याखेड़ी, खेड़ली, सालेड़ा खुर्द, हरियाखेड़ी, देवली खुर्द, झिरी, कुदायला तथा मंडा में एक एक नवीन पशु उपकेंद्र शीघ्र शुरू हो जाएंगे।

**लघु सिंचाई परियोजना/मध्यम सिंचाई परियोजना/हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर के लिए 144 करोड़ 89 लाख स्वीकृत :** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताएं रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र में तालाबों के पुनरुद्धार/ हरवेस्टिंग स्ट्रक्चर/ लघु सिंचाई परियोजना /मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के लिए 144 करोड़ ,89 लाख 21 हजार रुपए के कार्य स्वीकृत किए गए है।

इनमें ग्राम रघुनाथपुर में तकली नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण लागत 10 करोड़ 97 लाख 47 हजार रुपए। तकली मध्य सिंचाई परियोजना की दांई मुख्य नहर और बाई मुख्य नहर के तहत 7800 हेक्टेयर के कृषि योग्य कमांड क्षेत्र को सिंचित करने के कार्य के लिए 49 करोड़ 8 लाख रुपए की स्वीकृति शामिल है। इसके अतिरिक्त विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना में विधायक कोष से 2 करोड़ 32 लाख 88 हजार रुपए के विभिन्न कार्य विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत किए गए है। राजकीय उप स्वास्थ्य केंद्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के नवीन भवन निर्माण हेतु 3 करोड़ 85 लाख रुपए स्वीकृत किए गए है। इनमें उप स्वास्थ्य केंद्र असकली, बुधखान, दुहानिया, सालेड़ा कलां, सहरावदा, भंवरिया तथा रावता शामिल है।

### सरकारी विद्यालयों में 19 करोड़ 65 लाख के कार्य स्वीकृत

शिक्षा मंत्री मदन रावत ने बताया कि रामगंज मंडी विधानसभा क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में वर्तमान में 19 करोड़ 65 लाख 85 हजार रुपए के विभिन्न निर्माण कार्य स्वीकृत अथवा प्रगति पर है।

शीघ्र ही 7 करोड रुपए के कार्यों की अतिरिक्त स्वीकृति और जारी की जा रही है। रामगंजमंडी विधानसभा में स्कूलों में हो रहे कार्य अन्य किसी भी विधानसभा से अधिक है। कुल 68 स्कूल में निर्माण कार्य चल रहे या शुरू होने वाले है।

# ब्राह्मणी माता मंदिर कपासन पर श्रद्धालुओ में 1 क्विंटल अन्नकूट का वितरण किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नगर में स्थित ब्राह्मणी माता मंदिर पर सोमवार को नगरवासियों एवं क्षेत्रीय श्रद्धालुओ के सहयोग से ब्राह्मणी माता को 1 क्विंटल अन्नकूट महाप्रसाद का भोग लगाकर भक्तो एवं श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। जानकारी अनुसार नगर पालिका कपासन क्षैत्र के सोमानी मोहल्ले में स्थित ब्राह्मणी माता मंदिर पर श्रद्धालुओ द्वारा सोमवार सांय ब्राह्मणी माता की विधिवत पूजा-अर्चना एवं महाआरती की गयी।जिसका भक्तो एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक लाभ प्राप्त किया।इसके उपरांत बेसन से निर्मित 1 क्विंटल अन्नकूट एवं 11 किलो आटे से बनी मीठी पकौड़ी तथा 5 किलो मालपुवे का ब्राह्मणी माता को भोग लगाकर भक्तो एवं श्रद्धालुओं में कतारबद्ध महाप्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान महिलाए,पुरुष,बच्चे,युवा एवं क्षेत्रीय श्रद्धालुओ द्वारा कतारबद्ध महाप्रसाद का लाभ प्राप्त किया।



# छात्रावासों में लगेंगे मेडिकल एवं करियर गाइडेंस शिविर

## साप्ताहिक बैठक में जिला कलक्टर ने दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** साप्ताहिक समीक्षा एवं अंतर विभागीय समन्वय संबंधी बैठक सोमवार को जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की गतिविधियों की समीक्षा कर बिजली, पानी, चिकित्सा सहित आमजन से जुड़े विषयों पर आवश्यक निर्देश दिए।

कलक्टर डॉ. गोस्वामी ने निर्देश दिए कि छात्रावासों में चिकित्सा एवं करियर गाइडेंस शिविर इसी माह लगाए जाएं। इसके लिए सीएमएचओ टीम गठित करने के निर्देश दिए और करियर गाइडेंस के लिए अधिकारियों को मार्गदर्शन देने के लिए कहा। शहर की स्वच्छता एवं सौंदर्यकरण को लेकर निर्देश दिए कि डिफेसमेंट के



विरूद्ध नियमित कार्यवाही की जाए और शहर को सुंदर रूप देने के निरंतर प्रयास किए जाएं। सफाई व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के लिए नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट दी जाए। शहर की आबोहवा को शुद्ध रखने के मध्यनजर खुले में कचरा जलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए चालान बनाए जाएं। डीएपी की स्थिति की चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि किसानों को संतुलित मात्रा में डीएपी के उपयोग तथा अन्य विकल्पों को अपनाने की सलाह दी जाए। पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत सभी सरकारी विभागों के कार्यालयों में सोलर संयंत्र लगाए जाने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर आवश्यक कार्यवाही शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए गए। संपर्क पोर्टल की समीक्षा करते हुए अधिक लम्बित प्रकरण वाले विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन पोर्टल समस्याओं का समाधान कर रिपोर्ट दें। साथ ही, परिवाद निस्तारण में संतुष्टि और राहत का प्रतिशत बढ़ाएं। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, सीलिंग कृष्णा शुक्ला, शहर अनिल कुमार सिंघल, सीईओ जिला परिषद राजपाल सिंह, नगर निगम आयुक्त दक्षिण अनुराग भार्गव, अतिरिक्त आयुक्त जवाहर जैन, केडीए सचिव कुशल कोठारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# थैलेसीमिया पीड़ितों को नहीं मिल रही सही दवा, डेसिरॉक्स दवा अस्पताल से उपलब्ध कराने की मांग की

बढ़ता राजस्थान


**कोटा (का.स.)।** एमबीएस अस्पताल में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को अच्छी क्वालिटी की दवा की मांग को लेकर थैलेसीमिया वैलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सुनील जैन के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिला कलेक्टर डॉ रविन्द्र गोस्वामी जी को दिया गया ! थैलेसीमिया वैलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सुनील जैन ने बताया कि थैलेसीमिक बच्चों को लगातार अंतराल पर खुन चढ़ाना पड़ता है, जिससे बच्चों के शरीर में आयरन जमा हो जाता है जिसे निकालने के लिए चिलेशन थेरेपी दि जाती है, वर्तमान में जो आयरन चिलेशन की जो दवाईयां दी जा रही है वो बहुत ही हल्के क्वालिटी की है जिससे बच्चों में आयरन की मात्रा बढ़ने से बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव आने लगा है, पार्षद सलिना शेरी बताया कि हमें पुर्व में एमबीएस अस्पताल के निशुल्क दवा वितरण काउंटर से डेसिरॉक्स 500 बच्चों को यहां से दी जा रही थी, लेकिन इसके बाद साधारण दवा दी जा रही है जिससे कि बच्चों को नुकसान हो रहा। इसकी शिकायत कई बार की गई है, फिर भी ब्रांडेड कंपनी की दवाइयां नहीं मंगाई जा रही हैं। जो दवाइयां अभी सप्लाई में हैं उससे बच्चों के शरीर में अनेक प्रकार के परिवर्तन आ गए हैं। उनका आयरन बढ़ गया है जो कि दिल, किडनी, लिवर में जमा हो जाता है जो कि मरीज के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। बच्चे दर्द के मारे घरों में कर रहा रहे हैं थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चे जो कि एमबीएस अस्पताल में इलाज करवा रहे हैं, वह गरीब तबके के हैं। बाहर से दवा नहीं ले सकते, ऐसे में सरकारी



अस्पताल पर निर्भर हैं। ऐसे में उनकी स्थिति को देखते हुए जो छ्श्वस्ढ्ढक्रहृङ्ग-500 दवाएं पहले सप्लाई में थीं, उन्हें शुरू की जाने की मांग की ज्ञापन देने वालों में निसार अहमद, आयुष मित्तल, योगेश शर्मा एडवोकेट, दुष्यंत दीक्षित आरिफ खान सहित सोसाइटी के सदस्य एवं बच्चे उपस्थित रहे ।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रामगंज मंडी स्टेशन का कायाकल्प

## रामगंज मंडी का पुनर्विकास कार्य 52 फीसदी तक हुआ पूरा



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** मंडल के रामगंज मंडी रेलवे स्टेशन का कायाकल्प अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 18.62 करोड़ रुपये की लागत से तीव्र गति से किया जा रहा है। वर्तमान में स्टेशन का 52 फीसदी कार्य पूरा हो चुका हैं। रामगंज मंडी रेलवे स्टेशन एशिया के सबसे बड़े धनिया मंडी के लिए प्रसिद्ध है। यह स्टेशन उन्नत यात्री सुविधाओं के कायाकल्प से एक आदर्श स्टेशन बन जाएगा। स्टेशनों के कार्य प्रगति का नियमित अन्तराल पर डीआरएम श्री मनीष तिवारी द्वारा निरीक्षण एवं समीक्षा की जा रही है। इस स्टेशन का उन्नयन कार्य मार्च,2025 से पहले पूरा करने का लक्ष्य है। स्टेशन नवीनीकरण एवं उन्नत यात्री सुविधाओं से युक्त होने पर स्थानीय आमजनता को लाभ एवं आर्थिक गतिविधियों के साथ पर्यटन में इजाफा होगा। अमृत स्टेशन योजना के अन्तर्गत मंडल के 17 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है जिसमें सर्कुलेटिंग एरिया का विकास, अलग-अलग प्रवेश व निकास द्वार, टू-व्हीलर, फोर-व्हीलर और ऑटो रिक्शा के लिए अलग-अलग पार्किंग की सुविधा, यात्री क्षमता के अनुसार पर्याप्त क्षेत्र में प्रवेश हॉल का निर्माण, कोच इंडिकेशन बोर्ड का प्रावधान, वेटिंग रूम, स्टेशन बिल्डिंग के आंतरिक व बाहरी भाग में उत्कृष्ट साज-सज्जा, स्थानीय लोक कला से निर्माण, नए प्लेटफॉर्म शेल्टर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं, बेहतर साइनेज की सुविधा, 12 मीटर चौड़ाई के फुट ओवर ब्रिज इत्यादि यात्री सुविधाएं विकसित की जा रही है। अमृत स्टेशन पुनर्विकास योजनाओं से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, लोगों को आने जाने मे सुविधा होगी, स्वच्छ और आधुनिक रेलवे स्टेशनों से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्र का आर्थिक और सामाजिक विकास होगा।

# चित्तौड़गढ़ सांसद सी पी जोशी का रावतभाटा दौरा

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )।** सोमवार दोपहर चित्तौड़गढ़ के लोकप्रिय सांसद सी पी जोशी का अल्पकालिक रावतभाटा आगमन हुआ। कोटा बेरियल पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सांसद जोशी का उपर्णा पहना कर स्वागत किया। उसके बाद जोशी के साथ सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी दो दिन पहले श्रद्धालुओं से भरी बस पलटने से हुए आकस्मिक निधन के कारण शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करने पहुंचे। जिसमे रावतभाटा के बस दुर्घटना में दिवंगत हुए अरविंद सिंह,अंतिम वैष्णव ,मांगीलाल राठौड़ एवं जगदीश शाक्यवाल के घर पहुंच कर उनके परिवारों को सांत्वना प्रदान की। उसके बाद कोटा के लिए रवाना हो गए। उनके साथ भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेंद्र सिंह हाड़ा, भाजपा नगर अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा, ,पूर्व नगर अध्यक्ष मंजू लता जंगम,समाज सेवी प्रहलाद



जाट,पार्षद पद्मा सोनी, डॉ तन्वी शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष , विनीता अग्रवाल, मीना ताई,पूर्व पार्षद हरीश राठौर, पार्षद प्रतिनिधि भुवनेश नागर,हर्ष जैन,भवर सिंह,विजय गुप्ता,दिनेश सेन,जितेंद्र जैन,,अविनाश मित्तल,पप्पू पंडित,गजेंद्र सिंह,रवि प्रताप सिंह,मनोज मेवाडा,सिद्धार्थ वाधवा,राहुल नायक,किशोर चौधरी,हरिमोहन राठौर, जावदा सरपंच कुलदीप सिंह,शरद शर्मा,सुनील हेडा,रूप सिंह, मिथिलेश सिंह,मनोज मेहरा, निर्भय सिंह भाटी,यशवंत सेन, राहुल राठौर,रमाकांत शर्मा,राम लाल राव एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 4 में भव्य समारोह के साथ हुआ अखिल भारतीय अंतर परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय सांस्कृतिक सम्मेलन का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )।** रावतभाटा स्थित परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 में अखिल भारतीय अंतर परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय सांस्कृतिक सम्मेलन 2024-25 का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन परियोजना निदेशक शरत कुमार ने दीप प्रज्वलन से किया। विशिष्ट अतिथि एल.सी. लोढ़ा और अध्यक्षता जी.एन. गणेशन ने की। सम्मेलन में देशभर के 28 परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालयों के 500 से अधिक विद्यार्थियों ने लोक और कोरियोग्राफी नृत्य में 76 समूह प्रस्तुतियां दीं। निर्णायकों में अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कलाकार गरिमा भार्गव, मंजू भार्गव, कविता सक्सेना और प्रमोद व्यास शामिल रहे। कार्यक्रम का प्रतीक गीत संगीत शिक्षक जयवर्धन भटनागर ने तैयार किया। प्राचार्य दिलीप सिंह ने आयोजन को 'घूमर' नाम देते हुए इसका महत्व बताया। अतिथियों ने कला के शैक्षणिक और मानसिक लाभों पर बल दिया। आयोजन समिति और विद्यालय परिवार का उत्कृष्ट योगदान सराहनीय रहा।



# सेवा भारती झालावाड़ का बाल संस्कार शिविर सम्पन्न हुआ

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़( नि.स. )।** सेवा भारती झालावाड़ द्वारा संचालित बाल संस्कार केंद्रों पर आने वाले बालकों में संस्कार और उनकी प्रतिभा का प्रकटीकरण हो,इस हेतु 16 नवंबर सायं 4 बजे से 17 नवंबर सायं 4 बजे तक बाल संस्कार शिविर आयोजित हुआ। सर्वप्रथम खेल कालांश में प्रकल्प शिक्षिकाओं और कार्यकर्ताओं द्वारा बालकों को अलग-अलग गणों में प्रकल्प पर होने वाले खेल खिलाये गये।। रात्रिकालीन सत्र की शुरुआत प्रांत संगठन मंत्री गोविन्द, और दुलीचंद , नरेंद्र वर्मा, ममता शर्मा ने दीप प्रज्वलन करके की गयी, इसके बाद बालकों द्वारा भजन सत्संग की शानदार प्रस्तुतियां और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया । जिला मंत्री आनंद गौतम ने वर्ग कि दिनचर्या और विभिन्न सत्रों की जानकारी दी ।

17 नवंबर को प्रात:काल खेल कालांश में सामूहिक व्यायाम योग के बाद प्रकल्पों के बालकों द्वारा ही गणों में खेल खिलाए गए दिन के विभिन्न सत्रों में अंत्याक्षरी, प्रश्न-मंच और संस्कार की बातें विषय संबंधित कार्यक्रम हुए । समापन सत्र दुलीचंद (प्रांत छात्रावास प्रमुख ) ने सभी बालकों से शिविर में सीखे हुए संस्कारों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने और अपने स्वयं में विशेष योग्यता अर्जित करने के बारे में बताया । शिविर में 133 भैया-बहिन,15 प्रकल्प शिक्षिकायें और 11 सेवा भारती कार्यकर्ता उपस्थित रहे, वर्ग के अधिकतम कार्यक्रमों का संचालन बालकों द्वारा और प्रकल्प शिक्षिकाओं द्वारा किया गया सभी ने उत्साह और रुचिपूर्वक शिविर में भाग लिया अन्त में कल्याण मंत्र के साथ वर्ग का समापन हुआ ।

# लिफ्ट सिंचाई एवं पेयजल परियोजना प्रोजेक्ट की 2018 में रखी थी आधारशिला, 852 करोड़ रुपए की लागत से हो रहा काम

## 256 गांवों में 2020 तक पहुंचना था पानी, अभी 15 फीसदी काम बाकी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** 256 गांवों के लिए सिंचाई एवं पेयजल के लिए बना चंबल प्रोजेक्ट कछुआ चाल से चल रहा है। अभी तक करीब 85 प्रतिशत काम ही हुआ है, जबकि प्रोजेक्ट को 2020 में पूरा होना था। इस कारण 256 गांव के किसान हर साल सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने की समस्या से जूझ रहे हैं। फसल की अनुमानित पैदावार भी सालाना कम रहती हैं। किसानों को इस समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के शासनकाल में धौलपुर स्थित चंबल नदी की तलहटी पर वर्ष 2018 में 852 करोड़ रूपए स्वीकृत कर लिफ्ट सिंचाई एवं पेयजल परियोजना/चंबल प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी थी। लेकिन 7 साल बीत जाने के बाद भी प्रोजेक्ट पूरा नहीं हुआ है। कभी बजट का अभाव तो कभी विकास कार्यों में लेटलतीफी के कारण प्रोजेक्ट अधूरा है। ज्ञात रहे कि गहलोत सरकार ने लिफ्ट सिंचाई एवं पेयजल परियोजना के लिए अतिरिक्त बजट दिया था। इसके बावजूद परियोजना पूरी नहीं हुई है। जलसंसाधन विभाग के अनुसार लिफ्ट सिंचाई एवं पेयजल परियोजना का कार्य जुलाई 2025 तक पूरा होने की संभावना है। प्रोजेक्ट से पीएचईडी को 10 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा। जिससे शहर में पेयजल संकट पर काफी हद तक काबू पाया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि गर्मी की मौसम में शहर में पेयजल संकट बना रहा है। लोगों को पानी के टैंकर खरीदने पड़ते हैं। वहीं जल जीवन मिशन योजना के लक्ष्यानुसार अब भी कई गांव में पीने का पानी नहीं पहुंच सका हैं। जिसे लेकर कई बार लोग प्रदर्शन हुए हैं। इस प्रोजेक्ट से शहर के पेयजल संकट के दूर होने की संभावना है। लिफ्ट सिंचाई एवं पेयजल परियोजना का काम संभवत: जुलाई 2025 तक पूरा हो जाएगा। इस परियोजना से जिलें के 256 गांव के किसान लाभांवित होगें। सिंचाई के लिए किसानों को भरपूर पानी मिलेगा। साथ ही शहर का जल संकट भी दूर होगा। परियोजना का कार्य लगातार जारी हैं। सुरेश मीणा, अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन वृत धौलपुर परियोजना पूरी तरह इंटेक वेल प्रणाली पर निर्भर हैं। जिसमें चंबल नदी की तलहटी में एक गहरे कुएं का निर्माण किया गया हैं। उस कृत्रिम कुएं से जुड़ी उच्च शक्ति की निर्वात मोटर से पानी का संचय किया जाएगा। जो एक सैकंड में 6 हजार 540 लीटर जल का संचय करने में सक्षम हैं। एक अनुपात अनुसार 6 महीने में इस परियोजना के माध्यम से 102.84 लाख क्यूबिक लीटर पानी का संचय प्रति वर्ष किया जा सकेगा। उस जल का उपयोग धौलपुर जिले के किसानों के खेतों की सिंचाई और शहरवासियों की प्यास बुझाने के लिए पेयजल के रूप में किया जाएगा। परियोजना के तहत किसानों के खेतों तक सिंचाई के लिए चंबल के पानी की सीधे पहुंचाने के लिए 1550 किलोमीटर की नई पाइप लाइन ड़ालने का कार्य पूरा हो चुका हैं।



# गर्भवती की संदिग्ध मौत... भाई बोला-भैंस और 50 हजार नहीं दिए तो गला घोंट कर मार डाला

## सैंपऊ के दौनारी गांव की घटना, मृतका 5 माह की गर्भवती, 4 साल पहले हुई थी शादी

बढ़ता राजस्थान

**सैंपऊ ( नि.स. )।** दौनारी गांव में 25 साल की महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। महिला 5 माह के गर्भ से बताई। शव पर चोट के निशान मिले हैं। ससुराल पक्ष के लोग डेड बॉडी को कमरे में पड़ा छोड़कर घर से फरार हो गए। सूचना मिलते ही सीओ अनूप सिंह यादव और थाना प्रभारी गंभीर सिंह कसाना ने गांव पहुंचकर मामले की जानकारी ली और डेड बॉडी को कब्जे में लेकर घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया है। एफएसएल टीम को बुलाकर घटना की जांच और सबूत जुटाए हैं। थाना प्रभारी गंभीर सिंह ने बताया कि दौनारी गांव निवासी 25 वर्षीया जूली पत्नी शेर सिंह ठाकुर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही ससुराल पक्ष के लोग फरार हो गए थे। वही विवाहिता की लाश कमरे में पड़ी मिली। उन्होंने बताया डेड बॉडी को कब्जे में लेकर जिला मुख्यालय से एफएसएल टीम को बुलाया गया। एफएसएल टीम में घटना से संबंधित साक्ष्य लिए हैं। मायके पक्ष की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मृतका के शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए हैं। विवाहिता की मौत फांसी लगने से हुई है या हत्या की गई है। इसका खुलासा जांच के बाद हो सकेगा। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मृतका के 5 महीने का गर्भ भी बताया जाता है।

### गले में साड़ी का फंदा

पुलिस का कहना है कि मौके पर विवाहिता के गले में साड़ी का फंदा लगा मिला था। इसके अलावा मृतका के घुटने मुड़े हुए थे। पैर पर चोंट के निशान हैं, लेकिन यह पुराने जान पड़ते हैं। एफएसएल की टीम ने साक्ष्य जुटाएं हैं। इसके बाद ही कुछ फाइनली कहा जा सकेगा। मृतका के पेट में पांच माह की बेटी थी। मृतका के भाई मनीष कुमार निवासी मनसुख का पुरा जिला आगरा उत्तर प्रदेश में बताया वर्ष 2021 में बहिन जूली की शादी दौनारी गांव निवासी शेर सिंह ठाकुर के साथ हुई थी। शादी 2 लाख की नगदी समेत तमाम आभूषण एवं अन्य सामान दहेज में दिया था। लेकिन जूली की सास एवं पति शेर सिंह द्वारा अतिरिक्त दहेज के लिए दबाव बनाया जा रहा था। दहेज के लिए आरोपियों द्वारा आए दिन विवाहिता के साथ मारपीट की जाती थी। भाई ने आरोप लगाते हुए कहा कि 3 दिन से लगातार जूली की पिटाई कर रहे थे। भैंस और 50 हजार की नगदी नहीं दी इसलिए शनिवार रात्रि को जूली के साथ मारपीट कर हत्या कर दी है। थाना प्रभारी गंभीर सिंह ने बताया घटना स्थल का बारीकी संरक्षण किया था। जिस कमरे में डेड बॉडी मिली थी, उसमें खिड़कियों के शीशे टूटे मिले हैं वही सामान भी बिखरा हुआ पाया गया है। ऐसा प्रतीत हो रहा है। मरने से पूर्व मारपीट या झगड़ा हुआ हो।

# बेटे की शादी के 6 दिन बाद पिता की मौत: अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, बेटी को ससुराल छोड़कर लौट रहा था घर

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** धौलपुर के मनियां थाना इलाके में आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर हिनौता गांव के पास बेटी को ससुराल छोड़कर घर आ रहे बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बुजुर्ग की शिनाख्त कर घटना से परिजनों को अवगत कराया। बच्चू (70) पुत्र शंकरलाल निवासी सकतपुर की बेटी की हाल ही में शादी हुई थी। 12 नवंबर को बेटे की शादी में शामिल होने के लिए बेटी पीहर आई थी। शादी संपन्न होने के बाद बच्चू अपनी बेटे को ससुराल छोड़कर वापस घर लौट रहा था। घर लौटते समय आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित हिनौता गांव के पास अज्ञात वाहन ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे को देख राहगीरों ने घटना की सूचना स्थानीय मनियां थाना पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। मृतक की शिनाख्त कर घटना से परिजनों को अवगत कराया। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाया। सोमवार को परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दि दिया है। मनियां थाना प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत हुई है। शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी की जल्द पहचान कर मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# राजाखेड़ा में छाया घना कोहरा: विजिबिलिटी कम होने से वाहन चालाकों को हुई परेशानी

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर( नि.स. )।** पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में भी दिखने लगा है। सोमवार को मौसम में अचानक बदलाव के कारण सुबह से ही घने कोहरे और बर्फीली हवाओं का दौर शुरू हो गया, जिससे लोगों को ठंड का एहसास होने लगा। घने कोहरे और ठंडी हवाओं के चलते अलसुबह लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई। कम दृश्यता के कारण वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर वाहन चलाने पड़े।

### किसानों के लिए राहतभरी सर्दी

मौसम में आए इस बदलाव को किसानों के लिए लाभकारी माना जा रहा है। किसान शिवशंकर ने बताया कि इस समय आलू और सरसों की बुवाई पूरी हो चुकी है। वहीं, कई किसानों ने सूखी मिट्टी में ही गेहूं की बुवाई कर दी थी। नवंबर के आधे महीने तक तापमान में गिरावट न होने से किसान चिंतित थे, लेकिन अब तापमान में आई कमी से रबी की फसल के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं।

### अलाव का सहारा लेकर सर्दी से बचाव

सोमवार सुबह घने कोहरे और बर्फीली हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। ठंड से बचने के लिए लोग ऊनी कपड़े पहनकर बाहर निकले और अलाव जलाकर सर्दी से राहत पाने की कोशिश की। बाजार और गली-मोहल्लों में लोग अलाव के आसपास बैठे नजर आए।

### घने कोहरे के कारण वाहन चालकों को हुई परेशानी

कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम रही, जिससे सड़क पर वाहन चलाना चुनौतीपूर्ण हो गया। वाहन चालकों को दुर्घटनाओं से बचने के लिए सावधानी बरतनी पड़ी और हेडलाइट का इस्तेमाल करना पड़ा।

# समरावता घटना को लेकर शहर में निकाला युवाओ ने जुलूस सीएम के नाम एसडीएम कार्यालय में सौंपा ज्ञापन, आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

बढ़ता राजस्थान


समरावता घटना को लेकर शहर में जुलूस निकालते युवा।

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** टोंक जिले के देवली उपखंड के समरावता गांव में 13 नवंबर को हुई घटना को लेकर सोमवार को बाड़ी शहर में सर्व समाज के युवाओं द्वारा जुलूस निकाला गया और उपखंड प्रशासन को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा। ज्ञापन में युवाओं ने मांग की है की यदि समरावता की घटना के बाद गिरफ्तार किए गए ग्रामीण युवाओं और नरेश मीणा को अवलंब रिहा किया जाए साथ में मुख्यमंत्री पूरे मामले की अपने स्तर पर जांच कराए जिसमे दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए। साथ में चेतावनी दी है कि यदि कोई एक्शन नहीं लिया गया तो उग्र विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यूथ कांग्रेस के पूर्व लोकसभा महासचिव करौली-धौलपुर विक्रांत सिंह कर्णावत के साथ पंचायत समिति सदस्य बंटू मीना, युवा नेता अजय मीणा, गोविंद मीना, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष नीतीश मीना के साथ अन्य युवा सबसे पहले शहर के अंबेडकर पार्क में एकत्रित हुए। इसके बाद जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए शहर के प्रमुख मार्गो से होकर उपखंड कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने उपखंड प्रशासन को ज्ञापन सौपा। सीएम के नाम दिए ज्ञापन में युवाओं ने मांग है कि समरावता गांव में 13 नवंबर को हुई पूरी घटना निंदनीय है। इसमें पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जो भी इंवॉल्व है उसके खिलाफ जांच के बाद कार्रवाई की जाए। सीएम अपने स्तर पर मामले की जांच कराए। निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा के साथ ग्रामीण युवा जो पुलिस ने गिरफ्तार किए हैं। उन्हें अभिलंब छोड़ा जाए। आरोपी एसडीएम अमित चौधरी के साथ घटना के लिए जिम्मेदार टोंक के कलेक्टर,एसपी को बर्खास्त किया जाए। ज्ञापन में स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि उक्त मांगों पर मुख्यमंत्री ने कोई एक्शन नहीं लिया तो उग्र विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान राजकुमार गुर्जर, लज्जा धनौरा, अमित कुमार, दिनेश गुर्जर, शक्तिमान सहित दर्जनों युवा मौजूद रहे।

# पोषण भी पढ़ाई भी विषय पर प्रशिक्षण आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** सैंपऊ की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का पोषण भी पढ़ाई भी विषय पर पंचायत समिति सैंपऊ के सभागार में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में उपनिदेशक महिला बाल विकास विभाग भूपेश गर्ग ने आईसीडीएस कार्मिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्राम स्तर की महत्वपूर्ण इकाई है। बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की दृष्टि से इनकी समाज में महती भूमिका है। गर्भकाल से बच्चे के 6 वर्ष तक होने तक अच्छा पोषण और पूर्व शाला शिक्षा उसकी मजबूत नींव तैयार करते हैं। बच्चे का पोषण प्रारम्भिक बाल्यावस्था शिक्षण की गुणवत्ता बच्चे के समग्र भविष्य को तय करती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केंद्रों का ठीक प्रकार संचालन करें। दक्ष प्रशिक्षक डॉ. निर्मला सिंह एवं सरस्वती देवी ने पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम की संकल्पना पर प्रकाश डाला तथा आंगनबाड़ी कार्मिकों को साप्ताहिक कैलेंडर, नवचेतना, आधारशिला, बच्चों के शिक्षण, सामान्य घरेलू सामग्री से बच्चों के खिलोने, पोषण अभियान के विविध आयामों, बच्चे के विकास के सोपानों पर चर्चा की। इस प्रशिक्षण में सहायक लेखाधिकारी मांगीलाल आर्य, वरिष्ठ सहायक अंकुर शर्मा, लोकेश परमार, मोनू तथा चितौरा, तसीमो परिक्षेत्र के सभी केंद्रों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# जिला कारागार में बंदी की हुई मौत: सीने में थी दर्द की शिकायत, अस्पताल ले जाते समय तोड़ा दम; मेडिकल बोर्ड से कराया पोस्टमार्टम

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर( नि.स. )।** धौलपुर जिला कारागार में बंद 70 साल के बुजुर्ग कैदी की तबीयत खराब होने पर जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। घटना की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई। कोतवाली पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल के मॉर्च्यूरी में रखवाया। मेडिकल बोर्ड द्वारा जेल प्रशासन द्वारा पोस्टमॉर्टम कराया है। डिप्टी जेलर शैलेंद्र सिंह चौधरी ने बताया जिला कारागार में बंद बुजुर्ग कैदी मुकुंद माधव (70) पुत्र शिवचरण निवासी राजाखेड़ा धोखाधड़ी एवं फर्जकारी के मामले में बंद था। कैदी का अभी कोर्ट में ट्रायल चल रहा था। रविवार दोपहर के बाद बेरिक में बंद कैदी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। बंदी को सीने में दर्द होने पर जेल प्रशासन द्वारा जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही कैदी ने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई। कोतवाली थाना पुलिस एवं जेल प्रशासन ने मामले से कैदी के परिजनों को अवगत कराया।

# सफाई कर्मियों के अनुभव प्रमाण पत्र बनने हुए शुरू: काम पर लौटे कर्मचारी, हड़ताल की वजह से लगे कचरे के ढेर





बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** धौलपुर में नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि निशांत सिंह के हस्तक्षेप के बाद सोमवार से सफाई कर्मचारियों के अनुभव प्रमाण पत्र बनने शुरू हो गए हैं। अनुभव प्रमाण पत्र बनने की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही सफाई कर्मी भी काम पर लौटने लगे हैं। सफाई कर्मी के लिए होने सीधी भर्ती में अनुभव प्रमाण पत्र नहीं बनाए जाने से नाराज सफाईकर्मियों ने 15 नवंबर से हड़ताल शुरू कर दी थी। सफाईकर्मियों की हड़ताल की वजह से शहर में जगह-जगह गंदगी की ढेर लगे हुए थे।

नगर परिषद में काम कर रहे सफाई कर्मियों ने बताया कि सरकार की ओर से निकाली गई सफाई कर्मियों की सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 नवंबर तक बढ़ाई गई थी। अंतिम तिथि पास आने के बाद भी नगर परिषद की ओर से सफाई कर्मियों को फॉर्म भरने के लिए अनुभव प्रमाण पत्र नहीं दिए जा रहे थे। जिसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष मोहन सिंह थनवार के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की गई। जिस हड़ताल के बाद सोमवार को नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि निशांत सिंह की मध्यस्थता से सफाई कर्मियों के अनुभव प्रमाण पत्र बनने का काम शुरू हो गया है। जिसके बाद सफाई कर्मियों ने सोमवार शाम से शहर की सफाई शुरू कर दी है। नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि निशांत सिंह ने बताया कि नगर परिषद अधिकारियों की ओर से एक साल से काम कर रहे सफाई कर्मचारियों के अनुभव प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। नगर परिषद की सफाई निरीक्षक प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य सरकार की गाइडलाइन के मुताबिक अनुभव प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिसके बाद सफाई कर्मी भी काम पर लौटने लगे हैं।

# खाली प्लॉट में खेती करने पर पड़ोसियों ने किया झगड़ा, महिला पर हमला

## घायल महिला अस्पताल में भर्ती, शहर के अलीगढ़ रोड़ कृष्णा कॉलोनी की घटना

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के अलीगढ़ रोड पर कृष्णा कॉलोनी में खाली पड़े प्लाटों में गरीब परिवार द्वारा की जा रही खेती को लेकर पड़ोसियों को आपत्ति होने पर सोमवार को झगड़े का मामला सामने आया है। घटना में पड़ोसियों द्वारा परिवार की महिला पर हमला किया गया है। जिसमें घायल महिला को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना को लेकर पीड़ित परिवार ने पुलिस थाने में शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार शहर के गुमट चौकी क्षेत्र के अलीगढ़ रोड पर कृष्णा कॉलोनी में ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों के परिवार रहते हैं। जिनमें से कुछ बने हुए तो अधिकांश प्लाट खाली पड़े हैं। ऐसे में खाली प्लाटों में पड़ोसी गरीब तबके के लोग कृषि कर परिवार के लिए सब्जी और अन्य फसल का उत्पादन कर लेते हैं। घटना को लेकर पीड़ित निरोती पुत्र शिवलाल जाटव ने बताया कि उसके लड़के मुरारी जाटव की बहू रेनू आज उक्त पड़ोस के प्लॉट में उगाई गई सब्जी की खेती को देखने गई थी। इस दौरान पड़ोसी हरिओम के लड़को और अन्य परिवारीजनों ने हमला कर दिया। जिसमें रेनू बुरी तरह घायल हुई है। जिसे परिजनों ने तुरंत टेम्पो से शहर के सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना के पीछे खाली प्लॉट पर खेती करना मुख्य कारण है। इसको लेकर पड़ोसियों द्वारा पूर्व में भी झगड़ा किया गया था। पड़ोसी नहीं चाहते कि वह उस प्लॉट में खेती करें। इसी को लेकर आए-दिन झगड़ा होता हैं । घटना को लेकर पीड़ित निरोती ने गुमट चौकी में शिकायत की है। चौकी पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# जलभराव से परेशान लोगों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन: नई पुलिया का निर्माण कराने की मांग, विरोध में किसानों ने भी दिया धरना



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जलभराव की समस्या से जूझ रहे एक दर्जन से अधिक कॉलोनी के लोगों ने कलेक्ट्रेट, एसपी ऑफिस और एसडीएम कार्यालय पहुंच कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वाले लोगों ने रेलवे द्वारा बनाई जा रही नई पुलिया को शुरू कराने की मांग की। वहीं, पुलिया का काम रोकने के लिए पूर्व में किसान भी प्रदर्शन कर चुके हैं। जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए लोगों ने बताया कि बरसात के दिनों में जिला कलेक्टर ने जल निकासी के लिए उर्मिला विहार कॉलोनी के पास अस्थाई पुलिया बनाई थी। जिसके बाद गंगापुर धौलपुर रेलवे लाइन द्वारा उसे पुलिया को पक्का करने का काम किया जा रहा हैं। लोगों ने बताया की पुलिया बनाए जाने के बाद उनकी कॉलोनी में हो रहे जल भराव से उन्हें मुक्ति मिलेगी। वहीं, उर्मिला विहार कॉलोनी के पास रेलवे द्वारा बनाई जा रही पुलिया के विरोध में कुछ दिनों पूर्व किसानों ने प्रदर्शन किया था। किसानों के मुताबिक नई पुलिया बनने के बाद सारा पानी उनके खेतों में पहुंच रहा हैं। जिससे फसलें बर्बाद हो रही हैं। जिसको लेकर कुछ दिनों पूर्व किसान और स्थानीय लोग आमने-सामने भी हुए थे। सोमवार को जल भराव की समस्या से परेशान लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से मदद की गुहार लगाई हैं। लोगों ने बताया कि वनस्थली स्कूल के पास वाली पुलिया ऊंची होने की वजह से पानी की निकासी संभव नहीं है। ऐसे में उर्मिला विहार वाली पुलिया बनने से लंबे समय से जलभराव की समस्या से जूझ रहे लोगों को निजात मिलेगी।

कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करने के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहें।

# आप कार्यकर्ता की जागरूकता से नगर परिषद ब्यावर पर लगा 10,000 का जुर्माना

## राजस्थान उच्च न्यायालय में जवाब पेश नहीं करना आयुक्त को पड़ा महंगा

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** नगर परिषद ब्यावर द्वारा व्यवसायिक भूखण्डो की ई-नीलामी दिनांक 11.08.2023 को आनलाईन की गई थी। इस नीलामी में मिलाभगती कर अपनों के पक्ष में नियमों के विपरित जाकर नीलामी छोड़ दी गई थी। ट्रांसपोर्ट नगर की दुकान सं. 26 की बोली दिनांक 11.08.2023 को प्रात: 10 से सायं 5 बजे तक खुली थी। ई-नीलामी में 5 बजे आप कार्यकर्ता व बोलीकर्ता धीरज जैन की उच्चतम बोली 33,300/- रही थी अत: अनुसार उक्त भूखण्ड बोलीकर्ता धीरज जैन को मिलना था। लेकिन नगर परिषद ब्यावर के अधिकारियों द्वारा मिलीभगती भ्रष्टाचार पक्षपात कर नियम व शर्तो को ताक में रखकर उनका उल्लंघन कर अपने चहेते को लाभ पहुंचाने के षडयंत्र के तहत बोली को मनमाने रूप से नियम विरूद्ध तरीके से सायं 5 बजे बाद 15-15 मिनिट 4 से 5 बार बढाये जो कि नियमो के विरूद्ध था व अन्तत: बोली को अगले दिन तक के लिए बढ़ा दिया गया। जिसे लेकर धीरज जैन से आयुक्त 17.08.2023 को लिखित शिकायत प्रस्तुत की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होने पर मजबूर होकर राजस्थान उच्च न्यायालय में अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आयुक्त नगर परिषद ब्यावर के विरूद्ध रिट याचिका प्रस्तुत करनी पडी। राजस्थान उच्च न्यायालय में सुनवाई के बाद आयुक्त नगर परिषद ब्यावर को नोटिस जारी किया गया। नोटिस मिलने के बाद भी जवाब से बचने की मंशा के तहत आयुक्त उच्च न्यायालय में न तो उपस्थित हुए व ना ही उनकी ओर से जवाब पेश किया गया व इस कारण से उच्च न्यायालय को संतोष जनक जवाब नहीं मिलने पर उच्च न्यायालय ने आयुक्त नगर परिषद ब्यावर पर 10,000 रूपये का जुर्माना लगाया। जिसे आगामी तारीख पेशी से पूर्व जमा करने का आदेश दिया।

# चांगगेट पुलिस चौकी की नाक के नीचे चल रहा है नशेड़ियों का गौरखधंधा

## नगर परिषद का जर्जर भवन, जेबकतरों व नशेड़ियों की बनी शरण स्थली





बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर जिला तो बन गया लेकिन जिले जैसे हालात अभी भी नहीं बन पाये हैं। हालात इतने बदतर है कि पुलिस तो अपराधों पर अंकुश लगा पाने में नाकाम है वहीं अपराधियों के हौसले इतने बुलन्द होते जा रहे हैं कि वह पुलिसकर्मियों व अधिकारियों को भी ना समझते हुए आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं ।

ब्यावर में अफीमचियों व स्मैकियों की तो पौ-बारह हो रही है। चांग गेट पुलिस चौकी की नाक के नीचे नगर परिषद का जर्जर भवन जेबकतरों व नशेडियों की पनाह स्थली बन चुका है। 10 वर्ष से लेकर अधेड़ उम्र तक के लोग नशा करने आते हैं। जर्जर भवन में गए हाथ में लगाया इंजेक्शन या जिलेटिन पर डाला पावडर नीचे आग लगा के ली धुएं की खुशबू और रवाना हो गए। इन नशेड़ियों ने कई बार तो बाहर खड़े ठेले वाले दो जिन की रोटी कमाने वालो का गल्ला तक लूट के ले गए। ब्यावर नगर परिषद के इस भवन को जर्जर हुए लगभग 15 वर्षों से अधिक हो गये हैं। इस जर्जर भवन में रोजाना अफीम व स्मैक पीने आने वालों की लाईन लगी रहती है। इस खंडहर में कई तरह के ए.टी.एम. कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि पडे देखे गये इसे स्पष्ट आभास होता है कि नशेडिये किसी ना किसी का पर्स अथवा बैग आदि चुराकर उसमें से कैश निकालकर अपना काम कर लेते हैं और आधार कार्ड, पैन कार्ड व अनावश्यक वस्तुओं को गैर कर अपना नशा करके चल बनते है।

इसी जर्जर भवन में भारी मात्रा में माचिसें व नशे में आने वाले इंजेक्शन आदि भारी मात्रा में पड़े हैं।

# नवसृजित ब्यावर जिले को विभिन्न विभागों के लिए भूमि आवंटन प्रक्रिया के तहत मसूदा उप जिला चिकित्सालय हेतु भी 1.3591 हैक्टेयर भूमि का हुआ आवंटन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने जिले के विकास हेतु पूर्व में पुलिस लाइन, विद्युत विभाग, चिकित्सा विभाग, सर्किट हाउस सहित अन्य विभागों के लिए भूमि आवंटन प्रक्रिया पूर्ण की है उसी तरह मसूदा उपखण्ड में उपजिला चिकित्सालय हेतु 1.3591 भूमि का आवंटन कर चिकित्सालय के विकास में सहयोग प्रदान किया है। जिला कलेक्टर डॉ. खडगावत ने बजट घोषणा 2024-25 के तहत ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी मसूदा के भूमि आवंटन मांग पत्र पर उपखंड अधिकारी मसूदा ने ग्राम मसूदा के खसरा नंबर 1004, 1005 एवं 2551/1003 के कुल रकबा 1.3591 हेक्टेयर भूमि का मय अनुशंसा प्रस्ताव प्रेषित किया । उपरोक्त खसरा में से कुछ भूमि राजकीय माध्यमिक विद्यालय मसूदा के नाम दर्ज होने के कारण माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर को अनापत्ति हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया । जिला कलेक्टर ने निदेशक, माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रेषित अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर राजस्थान भूमि राजस्व नियम,1963 के तहत कुल 1.3591 हेक्टेयर भूमि का आवंटन उप जिला चिकित्सालय मसूदा के लिए चिकित्सा विभाग को किया।

उन्होंने मसूदा तहसीलदार को इंडियन रोड कांग्रेस के नियमानुसार राजस्व रिकॉर्ड में अंकन कर कब्जा सुपुर्द करने के निर्देश दिए। भूमि आवंटन के पश्चात नये भवन निर्माण के पश्चात मसूदा क्षेत्र के निवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाए उपलब्ध होगी। इसके लिए उपखंड अधिकारी एवं क्षेत्रवासियों ने राज्य सरकार व जिला कलेक्टर का आभार व्यक्त किया ।

# भूपालसागर मध्यम सिंचाई परियोजना के चुनाव कार्यक्रम की तिथि निर्धारित


बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** भूपालसागर मध्यम सिंचाई परियोजना के चुनाव कार्यक्रम की तिथि निर्धारित कर दी गई है राजस्थान सिंचाई प्रणाली के प्रबंधन में कृषकों की सहभागिता अधिनियम 2000 नियम 2002 के अंतर्गत जल उपभोक्ता संग्राम की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सदस्यों निर्वाचन हेतु चुनाव करवाए जाएंगे। सिंचाई परियोजना के जल उपभोक्ता संगम तहसील भूपालसागर के कमांड क्षेत्र में जल उपभोक्ता संगम संख्या 1 से 2 तक चुनाव कार्य वाही संपन्न होगी निर्वाचन अंतर्गत 27 नवंबर 2024 को नामांकन पत्र प्राप्त किए जाएंगे एवं आवश्यकता होने पर 28 नवंबर को मतदान कराया जाएगा। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अधिशाषी अभियंता जल संसाधन खंड चित्तौड़गढ़ राजकुमार शर्मा ने बताया कि नामांकन एवं मतदान की प्रक्रिया जल उपयोक्ता संगम क्रमांक 01 का निरीक्षण गृह एवं भूपालसागर जल उपयोक्ता संगम क्रमांक 02 का कार्यालय सहायक अभियंता जल संसाधन उपखण्ड पर पूर्ण की जाएगी।

# पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ कल से

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** आचार्य श्री आदिसागर जी (अंकलीकर) परंपरा के चतुर्थ पट्टाचार्य आचार्य श्री सन्मति सागर जी मुनिराज के लघुनंदन, प्राकृत ज्ञान केसरी, प्राकृत मार्तण्ड राश्ट्र संत आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज की मंगल प्रेरणा से एवं सकल दिगम्बर जैन समाज व पंच कल्याणक प्रतिश्ठा महोत्सव समिति के तत्वाधान में नव निर्मित श्री आदिनाथ जिनालय का भव्यतम श्रीमद् आदिनाथ जिनबिम्ब पंच कल्याणक प्रतिश्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ 20 से 25 नवम्बर तक कैलाशपुरी मधुवन स्थित अयोध्या नगरी में आयोजित किया जा रहा है। छह दिवसीय इस आयोजन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंगल विधान प्रतिश्ठाचार्य महावीर जी जैन गींगला के कर कमलों द्वारा सम्पन्न कराये जायेंगे।




पंच कल्याणक प्रतिश्ठा महोत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. ज्ञान सागर जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि वृहद् स्तरीय छह दिवसीय इस आयोजन की तैयारियां विभिन्न समितियों द्वारा की जा रही है। उन्होने बताया कि आयोजन के तहत आचार्य श्री सुनील सागर जी मुनिराज ससंघ 19 नवम्बर को दुर्ग स्थित सात बीस देवरी मंदिर पधारेंगे। डॉ. ज्ञान सागर ने बताया कि बुधवार 20 नवम्बर को प्रात: 7 बजें जलाभिशेक षांतिधारा, जल पूजन, घट यात्रा सहित विषाल षोभायात्रा जैन मांगलिक धाम से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होती हुई 9 बजें प्रतिश्ठा स्थल कैलाशपुरी मधुवन (अयोध्या नगरी) पहुंचेगी जहां ध्वजारोहण, गर्भ कल्याण (पूर्वार्द्ध) के तहत महाध्वज स्थापना, प्रतिश्ठा पाण्डाल का उद्घाटन, जिनेन्द्र अभिशेक, प्रतिश्ठा मंगल कलष, याग मण्डल कलष, जाप्य कलष स्थापना, अखण्ड दीप स्थापना, पाद प्रक्षालन, आचार्य श्री के मंगल प्रवचन एवं आषीर्वाद आदि के साथ छह दिवसीय मांगलिक आयोजन का षुभारंभ होगा। षोभायात्रा में पन्द्रह बग्गियां, दो हाथी, पांच ऊँट गाड़ी सहित तीन बैण्ड आकर्शण केन्द्र होंगे। इस छह दिवसीय आयोजन में विभिन्न मृनिवृन्द, संघस्थ दीदी सहित विभिन्न स्थानों के गणमान्य श्रेश्ठीजन शामिल होंगे।

# राजकीय विद्यालयों व अन्य सरकारी भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाना करे सुनिश्चित - डॉ. खडगावत

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर में जिला कलेक्टर डॉ. महेन्द्र खडगावत की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में जिला कलेक्टर ने राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियां शुरु करने सहित कई तरह के आदेश जारी किये, वहीं राजकीय विद्यालयों व अन्य सरकारी भूमियों से अवैध रुप से अतिक्रमण करके बैठे लोगों को हटाने की कार्यवाही को अंजाम दिया जाये। जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खडगावत ने कहा कि सरकार के आगामी समय में 1 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सभी अधिकारी स्वयं की जिम्मेदारी निभाते हुए कार्यक्रमों के बेहतर आयोजन के लिए तैयारिया शुरू करें । जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी स्वयं के विभाग से जुड़ी योजनाओं व प्रगति का विभागीय नोट संक्षिप्त में तैयार करें जिससे कि प्रभावी समीक्षा की जा सके। उन्होंने निर्देश दिए की सभी अधिकारी स्वयं के विभागों से जुड़ी जिला स्तरीय समितियों का गठन करें जिससे कि विभागीय कार्यों का संचालन एवं मॉनिटरिंग बेहतर हो । उन्होंने कहा कि जिस भी विभाग को भूमि आवंटन की आवश्यकता हो वे भूमि आवंटन के लिए आवेदन प्रस्तुत करें जिससे कि आगामी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने निर्देश दिए की राजकीय विद्यालयों व अन्य सरकारी भूमि से अवैध अतिक्रमण एवं अवैध अतिक्रमण किसी भी हाल में नहीं होने देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 181 व संपर्क पोर्टल की समीक्षा करते हुए कहा कि शिकायतों का कम समय में प्रभावी निस्तारण करें जिससे कि आमजन को राहत पहुंचे। जिला कलेक्टर ने विद्युत विभाग, चिकित्सा विभाग, पेयजल विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पंचायती राज, नगरी निकाय सहित समस्त विभागों की बारीकी से समीक्षा कर बेहतर प्रगति के निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया ने कहा कि विभागीय गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा के लिए विभागीय योजनाओ की ब्लॉकवार शीट तैयार करें जिससे कि योजनाओं की समीक्षा बारीकी से हो सके। बैठक में उपखंड अधिकारी गौरव बुडानिया, पुलिस उपाधीक्षक राजेश कसाना, जिला परिषद के एसीईओ गोपाल मीणा, नगर परिषद आयुक्त दलीप पूनिया, तहसीलदार हनुत रावत सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सरकार ने एमएसपी बढ़ाई, अब खूब करो बुआई

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** भारत सरकार एवं भारतीय खाद्य निगम मुख्यालय नई दिल्ली के दिशा निर्देशानुसार राजस्थान में इस वर्ष गेहूं की खरीद के लिए सरकारी मूल्य मे बढ़ोतरी की गयी है। न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425/- रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। भारतीय खाद्य निगम द्वारा किसानों को उनकी उपज के मूल्य का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में गेहूं बेचने के 48 घंटों में नियमानुसार कर दिया जायेगा। भारतीय खाद्य निगम, मण्डल कार्यालय उदयपुर के अधीनस्थ राजस्व जिलों उदयपुर/ बांसवाड़ा/ चित्तोडगढ़/ प्रतापगढ़/राजसमंद में रबी विपणन वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद अधिक से अधिक मात्रा में करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस उद्देश्य हेतु थ्ब्प् द्वारा उक्त जिलों में 18 खरीद केन्द्र खोले जाने है जिसके अंतर्गत राजसमंद जिले में (कांकरोली, मदारा, कुरज), चित्तौड़गढ़ जिले में (डूंगला, भादसोड़ा, कनेरा, पहुना, निम्बाहेड़ा, बस्सी, जावदा, आकोला), उदयपुर जिले में वल्लभनगर, बांसवाड़ा जिले में (छींच, बड़ोदिया, गनोडा एवं तलवाड़ा), प्रतापगढ़ जिले मे (प्रतापगढ़ एवं छोटी सादडी) खरीद केंद्र खोले गए है जिससे की ज्यादा से ज्यादा किसानो को लाभान्वित किया जा सके। भारतीय खाद्य निगम द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूं की खरीद का कार्य पार्टल के माध्यम से किया जाएगा।

# विशेष प्रीलिटिगेशन लोक अदालत में 24 लाख 90 हजार की राशि का अवार्ड पारित किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन के तत्वावधान में सोमवार को आयोजित विशेष प्रिलिटिगेशन लोक अदालत में आपसी समझाईश से प्रकरणों का निस्तारण किया गया। जानकारी अनुसार तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश कपासन डॉ. महेन्द्र सोलंकी की अध्यक्षता में गठित बैंच द्वारा प्रि.लिटिगेशन प्रकरणों का निस्तारण किया गया।साथ ही कुल 24 लाख 90 हजार रू. की राशि का अवार्ड पारित किया गया। ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन सचिव देव तिवारी ने बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्तौडगढ महेन्द्र सिंह सिसोदिया एवं अध्यक्ष ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन के निर्देशानुसार आयोजित विशेष प्रि.लिटिगेशन लोक अदालत में भारतीय स्टेट बैंक के कुल 17 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का लोक अदालत की भावना से निस्तारण किया गया।भारतीय स्टेट बैंक के कुल 296 प्रकरणों को विशेष लोक अदालत में सम्मिलित किया गया। जिसमे 17 प्रकरणों में राजीनामे से 24 लाख 90 हजार रू. के अवार्ड पारित किये गये। इस अवसर पर लोक अदालत पीठ के सदस्य अधिवक्ता सुरेश कुमार बापना,न्यायालय रीडर गोपाललाल,कर्मचारी सोहनलाल पूर्बिया,स्वयंसेवक कमलेश बारेगामा,ऋषि भट्ट,भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक तथा पक्षकारान उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन के तत्वावधान में आयोजित लोक अदालत में सभी मुकदमों का निस्तारण आपसी सुलह एवं समझाईश से कराया गया।

# ब्यावर जिला पत्रकार संघ ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## जवाजा में तैनात राजकीय चिकित्सालय के डॉ. के खिलाफ भी तत्काल कार्यवाही की मांग की

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर के पत्रकारों ने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम एक ज्ञापन जिला कलेक्टर डॉ. महेन्द्र खडगावत को सौंपकर पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने तथा सुरक्षा के निर्देश जारी करने की मांग की।

ब्यावर जिला पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष विष्णु दत्त धीमान ने कहा कि आये दिन प्रदेश में पत्रकारों के साथ कवरेज के दौरान मार-पिटाई व बदतमीजी होती रहती है। ऐसे में पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री को तत्काल प्रभाव से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करना चाहिए। उन्होने बताया कि हॉल ही में प्रदेश में दो ऐसी घटनायें हो गयी है जिस पर कवरेज के दौरान पत्रकारों पर प्रहार कर उन्हें चोटिल किया गया। उन्होने बताया कि टोंक जिले में चुनाव कवरेज करने के दौरान एसडीएम की पिटाई प्रकरण का करवेज करने गये पीटीआई के साथी पत्रकार अजीत सिंह व कैमरामेन धर्मेन्द्र कुमार के साथ भीड़ ने मारपीट की और कैमरा जला दिया। इसके अतिरिक्त ब्यावर के पत्रकार जवाजा के डॉ. हंसराज मीणा के खिलाफ आ रही खबरों को लेकर कवरेज करने पहुँचे तो तथाकथित डॉक्टर एक प्राईवेट चिकित्सालय में बैठकर मरिजों को देख रहा था इसके अतिरिक्त कई तरह की सरकारी दवाओं व अनैतिक कार्यों की भी जानकारी मिली थी।

इस दौरान भी तथाकथित डॉक्टर हंसराज मीणा ने अपने भतीजे अनुज मीणा व स्टॉफ के साथ मिलकर पत्रकारों के साथ मारपीट की थी। अभी तक ना तो डॉक्टर के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही हुई है और ना ही उसके भतीजे अनुज मीणा द्वारा फर्जी तरीके से चला रहे होस्पीटल पर कोई कार्यवाही हुई है। ब्यावर जिला पत्रकार संघ के सभी पत्रकारों ने तत्काल प्रभाव से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से तत्काल दोषी लोगों पर कार्यवाही कर उन्हें दण्ड दिलाने की कार्यवाही करें। साथ ही प्रदेश में पूर्व में जारी गाईडलाइन के अनुसार पत्रकारों से व्यवहार करने के लिए संबंधित विभागों, पुलिस थाने के प्रभारियों को निर्देशित करने के आदेश भी जारी करने की मांग की।

# श्री कालभैरव (श्री काला जी बावजी) देव स्थल पर भव्य जन्मोत्सव 22- 23 नवम्बर को

## राजस्थानी भजन गायक देंगे आकर्षक प्रस्तुतियां, श्री काल भैरव का मिलेगा विशेष आशीर्वाद

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** बोजुन्दा पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप स्थित श्री कालभैरव (श्री काला जी बावजी) देव स्थल पर कालभैरव जन्मोत्सव 23 नवंबर, अष्टमी के अवसर पर हवन, पूजन, अनुष्ठान, कलश शोभायात्रा, भजन संध्या व महाप्रसाद का आयोजन होगा। आयोजन में आसपास सहित सुदूरस्थ क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं विशिष्ट जन और जनप्रतिनिधि शिरकत करेंगे। यह जानकारी देते हुए पुजारी बाबूलाल जटिया सतखंडा ने बताया कि श्री काल भैरव जन्मोत्सव, भैरव अष्टमी, के उपलक्ष में शुक्रवार 22 नवंबर को रात्रि में नौ बजे से जागरण, और रात्रि 12=15 बजे महाआरती होगी। जबकि मुख्य आयोजन शनिवार 23 नवंबर को प्रात: 9=15 बजे हवन, 11=15 बजे श्री काल भैरव जी की शोभायात्रा एवं कलश यात्रा श्री काल भैरव सर्किल विजन कॉलेज से मंदिर तक निकाली जाएगी। दोपहर 12=15 बजे सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा संगीत की धुन के साथ महा आरती और उसके पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा । इस दौरान दिनभर मेवाड़ के प्रसिद्ध भजन गायक शंकर लक्खा एण्ड पार्टी का भजन संध्या आयोजन रहेगा। उल्लेखनीय है कि अति प्राचीन श्री काल भैरव ( श्री काला बावजी) मंदिर युगादि चमत्कारिक देवस्थल है। यहां प्रत्येक शनिवार को बावजी की गादी लगती है, और माह की प्रत्येक अष्टमी को श्री कालिका माता जी की महाआरती की जाती है। इस धर्म स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का वर्ष भर आवागमन रहता है।

# 11000 दीपकों के दीप यज्ञ के साथ गायत्री परिवार का 108 कुण्डीय महायज्ञ सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान





**भरतपुर ( आशीष वर्मा )** । अखिल विश्व गायत्री परिवार, शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार ट्रस्ट भरतपुर के मार्ग निर्देशन में कुम्हेर तहसील के बाबैन शक्तिपीठ पर आयोजित 108 कुंडीय महायज्ञ, 11000 दीपकों का दीपयज्ञ एवं संस्कार पाठ के साथ सम्पन्न हुआ । सर्वप्रथम शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे हुए आचार्य प्रमोद वार्चे ने गायत्री महायज्ञ में तीसरे दिन संस्कार एवं प्रज्ञावतार के विषय में प्रकाश डाला । 108 कुण्डीय गायत्री यज्ञशाला के यज्ञ कुण्डों पर चौथे दिन महायज्ञ में पूर्णाहुतियां दी गई । इस महायज्ञ का, गायत्री प्रज्ञा पीठ बावैन पर दिनांक 14 से 17 नवम्बर तक आयोजन किया गया था महायज्ञ के तीसरे दिन शाम को मुख्य अतिथि पूर्व सांसद पंडित रामकिशन एवं भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज, एसीजेएम अंशुमानसिंह, बाल कल्याण समिति पूर्व अध्यक्ष गंगाराम पाराशर, पूर्व विधायक रमेश खींची द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ गुरुदेव, माताजी, गायत्री माता एवं कलश का पूजन किया गया । कार्यक्रम में भरतपुर से पधारे हुए श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रिषिपाल तिवारी, अनिल शर्मा कुक्कू भैया, अमित सिंघल एडवोकेट, वाइस प्रिंसिपल बाबूलाल कटारा, सारथी महेश चिचाना का गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजनों द्वारा तिलक,अक्षत लगाकर एवं पुष्पमाला अर्पण कर स्वागत सम्मान किया गया । इस अवसर पर वरिष्ठ परिजन ट्रस्टी गायत्री तपोभूमि मथुरा रमेश चन्द पाराशर, श्यामसुंदर शर्मा, डॉ. गिरीश सारस्वत, डा. सुशील पाराशर, देवेंद्र चामड़, रविसिंह इन्दोलिया, ताराचंद शर्मा, सुरेश पाराशर, डा.भगवान सिंह, हीरालाल सोनी, साहब सिंह, नरेंद्र जोशी, श्याम सिंह, ज्ञानेंद्र शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद सेठी, सतीश सारस्वत, बहादुर सिंह सोलंकी, चरन सिंह सहित कई सैकड़ो की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।महायज्ञशाला में शान्तिकुंज हरिद्वार से पधारे हुए आचार्य प्रमोद बार्चे टोली नायक एवं टोली के आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चारण कर पूर्णाहुति दिलवाई गई। पूर्ण यज्ञाहूती के उपरान्त 108 कुण्डीय यज्ञशाला में महायज्ञ आरती की गई। पूरा गांव बावैन गायत्रीमय दिखाई दे रहा था तथा सभी गाँववासी बहुत ही उत्साहित होकर कार्यों में सहयोग कर रहे थे। कार्यक्रम में मुन्नीलाल, प्रेमसिंह, खूबीराम, जगदीश एवं बालोत्तम सहित सभी ग्रामवासियों का बहुत ही सराहनीय योगदान रहा । इसके लिए गायत्री परिवार की ओर से, सभी ग्रामवासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।

यज्ञ के अन्तिम दिन भी यज्ञशाला याजकों से खचाखच भरी हुई थी । पूर्णाहुति के बाद सभी भक्तों के लिए प्रसादी वितरित की गई।

## कौशल महोत्सव का आयोजन आज

# विधायक डॉ. गर्ग ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा



### केन्द्रीय मंत्री जंयत चौधरी युवाओं को वितरण करेंगे नियुक्ति पत्र

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की ओर से भरतपुर के महारानी श्री जया कॉलेज के खेल मैदान पर 19 नवम्बर को कौशल महोत्सव का आयोजन केन्द्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री जंयत चौधरी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। कौशल महोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों का सोमवार को पूर्व मंत्री व विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डॉ. गर्ग ने कार्यक्रम में आने वाले बेरोजगार युवाओं के पंजीयन स्थल के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। डॉ. गर्ग ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर बताया कि भरतपुर में पहली बार युवाओं को कौशल महोत्सव के जरिये रोजगार से जोडा जा रहा है। एनएसडीसी के अधिकारियों द्वारा पिछले करीब ढेड महिने से जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की पंचायतों में जाकर युवाओं के पंजीयन करने के साथ ही उन्हें टैऊनिंग देने का कार्य किया है। जिसमें युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

उन्होंने बताया कि अब तक करीब 7 हजार से अधिक युवाओं के पंजीयन किये जा चुके हैं। जिनमें से 2500 युवाओं को टेऊनिंग दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि मंगलवार 19 नवम्बर को आयोजित होने वाले कौशल विकास महोत्सव में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री जंयत चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और बेरोजगार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेगे। डॉ. गर्ग ने बताया कि कौशल मेला में करीब 70 कम्पनियां आयेंगी। जिनके द्वारा युवाओं को रोजगार दिया जायेगा।

निरीक्षण के दौरान एनएसडीसी के नेशनल हैड मंयक भटनागर, रीजनल हैड मौहम्मद कलाम के अलावा राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष संतोष फौजदार, सुरेशपाल, हरवीर सांवरा, जिम्मी बरताई, सरपंच रविपाल, सचिन सूरौता आदि उपस्थित रहे।

# पत्रकारों पर जानलेवा हमला करने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही व पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने को लेकर दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजस्थान में पिछले कुछ दिन पहले टोंक जिले के अलीगढ़ गांव में सड़क अवरोध कर प्रदर्शन कर रहे लोगों को वहां डॉ किरोड़ी लाल मीना के उन्हें सम्बोधन के दौरान पीटीआई के स्थानीय संवाददाता अजित सिंह शेखावत व उनके कैमरामैन धर्मेंद्र पर जानलेवा हमला किया गया। जिसको लेकर आज राजसमंद जिले के आईएफडब्लूयु जे राजसमंद अध्यक्ष तरुण जोशी के नेतृत्व में राजसमंद टीम द्वारा राजसमंद उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता को ज्ञापन सौपा ज्ञापन में बताया कि टोंक जिले के अलीगढ़ गांव में सड़क अवरोध कर प्रदर्शन कर रहे लोगों व तथा वहां डॉ किरोड़ी लाल मीना के उन्हें सम्बोधन के दौरान पीटीआई के स्थानीय संवाददाता अजित सिंह शेखावत व उनके कैमरामैन धर्मेंद्र पर जानलेवा हमला किया गया।इस सुनियोजित ढंग से किए गए हमले में दोनों को गंभीर चोटें आई और उनके कैमरे और माइक तोड़ दिए गए। उसके पश्चात कैमरे को जला भी दिया गया। जैसे तैसे दोनों ने डॉ किरोड़ी लाल मीना से सुरक्षा की गुहार लगाई जब तक उन्हें उन्मादी भीड़ में सम्मिलित अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों से बचाया जाता है तब तक गंभीर चोटें लगने से वह वहीं गिर पड़े। बमुश्किल उनकी जान बच पाई।इस निंदनीय जानलेवा हमले को लेकर पत्रकारों में जबरदस्त रोष है।आई एफ डब्ल्यू जे संगठन जो देश का प्रथम एवं अग्रणी पत्रकार संगठन हैं, साथ-ही-साथराजस्थान प्रदेश का भी सबसे विस्तृत इकाइयों वाला एकमात्र पत्रकार संगठन भी। इसके द्वारा लगातार पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कराने की मांग विगत आठ वर्षो से उठाई जा रही है।संगठन द्वारा पत्रकारों की इस प्रमुख मांग को लेकर विगत सरकार के समय दो बार पत्रकारों द्वाराविधानसभा का घेराव भी किया गया था।टोंक के घटनाक्रम में दोषी लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के दिशानिर्देश जारी कराए साथ ही आई एफ डब्ल्यू जे संगठन के प्रतिनिधियों को अपना अमूल्य समय प्रदान करें ताकि पत्रकार सुरक्षा कानून लागू सहित अन्य मुद्दों को आप महोदय के समक्ष प्रत्यक्ष रखा जा सके, ज्ञापन देने के दौरान राजसमंद से हेमंत दाधीच,हस्तीमल साहू,प्रदीप सोलंकी, सुरेश बागोरा सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

### विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ द्वारा नव नियुक्त महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारियों का किया सम्मान, संगठन को मजबूत करने का किया आह्वान



बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( सुरेश शर्मा )।** शहर के कृष्णा कुंज में विप्र फाउंडेशन से जिले की कार्यकारिणी में शामिल होने पर जिला संरक्षक सरोज पारीक, सुमन शर्मा, जिला सचिव निर्मला मिश्र व महिला प्रकोष्ठ की तहसील अध्यक्ष मंजु दाधिच का सम्मान विप्र फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित, प्रदेश सचिव श्याम लाल जोशी व तहसील अध्यक्ष वैध महेंद्र शर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर महिला प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ प्रभा पारीक ने सभी मातृशक्ति को संगठन का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित ने नव नियुक्त जिला पदाधिकारियों व महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष को बधाई देते हुए संगठन की रिति निति अपनाते हुए महिला प्रकोष्ठ को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव श्याम लाल जोशी ने मातृशक्ति को संगठन का हर सम्भव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन तहसील अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा ने बताया कि निसंदेह मातृशक्ति का चयन हमारे लिए बहुत बड़ी ताकत का कार्य होगा। जल्द ही हम विभिन्न कार्यक्रमों की कार्य योजना तैयार कर धरातल पर उतारने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र ने संगठन को मजबूती के लिए सहयोग के लिए संकल्पित रहने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री भरत शर्मा, शहर युवा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपुरोहित, राजेन्द्र तिवाड़ी, प्रवीण भोजक सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र दाधीच ने सभी को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम की जानकारी प्रदेश मिडिया प्रभारी पवन चोटिया ने दी।

# सीईओ बैरवा ने नरेगा कार्यस्थल एवं आवास का किया औचक निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृज मोहन बैरवा ने पंचायत समिति रेलमगरा के ग्राम पंचायत कुरज के मनरेगा कार्य स्थल पंचफल विस्तार कार्य का निरीक्षण किया। कार्यरत श्रमिकों से टास्क अनुसार पूरा कार्य करने के निर्देश दिये जिससे कि पूरी मजदूरी मिल सके, साथ ही ग्राम पंचायत कुरज को अपूर्ण पड़े नर्सरी विकास कार्य को भी पूर्ण करने हेतु निर्देश दिये। चारागाह में खादरा नाड़ी कार्य का भी निरीक्षण कर कनिष्ठ तकनिकी सहायक को विभागिय निर्देषानुसार ग्रुप अनुसार मजदूरी भुगतान हेतु निर्देषित किया। मेट को ग्रुप अनुसार कार्य देने एवं कार्य की मपती मस्ट्रोल में अंकित करने के लिए कहा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रगतिरत कार्य रामलाल भील, शान्ति भील, हीराबाई कालबेलिया, हेमराज यादव एवं बद्रीलाल जाट के आवासों का निरीक्षण कर लाभार्थियों से समय पर कार्य पूर्ण करने के लिए बोला और ग्राम पंचायत व विकास अधिकारी को समय पर उपयोगिता प्रमाण पत्र तैयार कर किस्त जारी करने का निर्देश दिये। निरीक्षण में विकास अधिकारी गिरिराज आगाल कनिष्ठ तकनीकी सहायक गौरव उपाध्याय, कनिष्ठ सहायक माधव लाल सीरवी, भगवती लाल शर्मा साथ में थे।

# अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने एनसीआर क्षेत्र में ग्रेप 4 की पालना के लिए अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

### प्रदूषण को कम करने हेतु सभी आवश्यक तैयारी हो सुनिश्चित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश ने एनसीआर क्षेत्र में ग्रेप 4 की अनुपालनाओं को सुनिश्चित करवाने तथा वायु प्रदूषण को कम करने हेतु वृहद स्तर पर आवश्यक उपाय करने के लिए संबंधित विभागों को दिशा निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि राज्य के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शीत काल के दौरान वायु प्रदुषण के निवारण एवं नियंत्रण हेतु ग्रेप 4 लगने के बाद जिला प्रशासन कोटपूतली बहरोड द्वारा आवश्यक प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने सम्बंधित विभागों के अधिकारीयों को वायू गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने की निर्देश दिए गए। उन्होंने पराली को जलाये जाने से रोका जाना, वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर नियंत्रण, सड़को से उड़ने वाली धूल के नियंत्रण हेतु नियमित सफाई एवं पानी का छिडकाव, निर्माण गतिविधियों से उड़ने वाली धूल पर नियंत्रण, ठोस अपशिष्ट के नियमित एकत्रीकरण एवं नियमानुसार निस्तारण, खुले में आग लगाये जाने पर नियंत्रण तथा औद्योगिक प्रदूषण पर नियंत्रण हेतु सम्बन्धित विभागों रीको, यातायात, कृषि, नगर परिषद तथा प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के अधिकारियों को उक्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने एवं सभी विभागों में इस हेतु नोडल ऑफिसर नियुक्त करने के निर्देश प्रदान किये। उन्होंने सभी विभागों को पालना रिपोर्ट नियमित रूप से जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय को प्रेषित किया जाना भी अनिवार्य किया गया है।

# लक्ष्य बड़े और सपने असंभव हों : इंजी. शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( आशीष वर्मा )** । 17 नवंबर 2024 को गुरु स्पोर्ट्स अकादमी का शुभारम्भ किया गया और इस अवसर पर जिले की 12 वॉलीबॉल टीम को आमंत्रित कर प्रतियोगिता करवाई गई । इस अवसर कार्यक्रम के मुख्य अथिति भरतपुर विधानसभा चुनावों में प्रत्याशी रहे इंजी. तपन शर्मा ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए जीवन में लक्ष्य के महत्व को समझाया । इस प्रतियोगिता में चिकसाना टीम प्रथम स्थान पर रही और द्वितीय स्थान पर चक दौलतपुर टीम रही । इस मौके पर भाजपा के कद्दावर नेता गिरधारी तिवारी भी मुख्य अथिति के रूप में शामिल रहे । साथ ही जसविंदर, शशिपाल परवेन्द्र सैनी , उत्कर्ष उपाध्याय आदि ने सहयोग किया । अकादमी संचालक कुलदीप राजपूत और कोच दीक्षांत उपाध्याय ने सभी खिलाड़ियों और अथितियों का माला, फेंटा, साफा पहनाकर स्वागत किया और आभार व्यक्त किया ।

# स्वास्थ्य मंदिर द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का समापन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )** । राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर चल रहे तीन दिवसीय निशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का सोमवार को राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर समापन मुख्य अतिथि सूरजमल शर्मा एवं टीकाराम अग्रवाल द्वारा किया गया। शिविर चिकित्सक डॉक्टर दिगंबर सिंह ने तीन दिन की शिविर की रूपरेखा बताते हुए कहा कि शिविर में कुल 27 लोगों ने प्राकृतिक चिकित्सा उपचार का लाभ लिया जिसमें डायबिटीज, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, घुटने के दर्द, कमर दर्द, साइटिका व मोटापा रोग के रोगी थे। प्राकृतिक चिकित्सा औषधि रहित थेरेपी है जिसके की कोई साइड इफेक्ट नहीं होते हैं प्राकृतिक चिकित्सा में प्राकृतिक संसाधनों के द्वारा रोगी की चिकित्सा की जाती है।

स्वास्थ्य मंदिर आश्रम महाराजसर पर प्राकृतिक चिकित्सा, पंचकर्म का उपचार आवासीय रहकर प्रतिदिन किया जाता है, स्वास्थ्य मंदिर द्वारा सात दिवसीय आवासीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन 24 नवंबर से 30 नवंबर तक स्वास्थ्य मंदिर आश्रम महाराजसर पर किया जाएगा।


### प्राचीन आश्रम ब्रह्मचारी बगीची में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (नि.स.)** । प्राचीन ब्रह्मचारी बगीची नीम दा गेट पर अन्नकूट प्रसादी भंडारी का आयोजन किया गया। ब्रह्मचारी बगीची के महंत बुद्ध राम ने बताया कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष गोपाष्टमी पर बड़े धूमधाम से बनाया जाता है यह दिवाली के बाद गोवर्धन पूजन के बाद में इसको हर प्रतिष्ठानों पर हर देवालय एवं बगीचियों पर बनाया जाता है इस अवसर पर गायों का पूजन कर हल्दी के थेप लगाए जाते हैं और विधि विधान से पूजा अर्चना कर गायों को गुड चार हरी सब्जी खिलाकर आरती की की जाती है तथा सभी वेद मंत्र चरणों से भोजन कराकर दक्षिणा दी जाती है । आश्रम में फूल बंगला पर रोशनी सजाकर हनुमान जी का भोग लगाकर विभिन्न व्यंजनों एवं फलों की छप्पन भोग की झांकी सजाकर विजय गया बगीची के मंदिर प्रांगण में भक्तों को अन्नकूट प्रसादी चावल बाजरा कड़ी मिक्स सब्जी खीर पापड़ लड्डू मठरी की प्रसादी हजारों भक्तों ने बैठकर पाई एवं सांय को दोनों में वितरित की गई।

# पंजाब के राज्यपाल का नाथद्वारा दौरा, गायत्री धाम के भूमि पूजन कार्यक्रम में पहुंचे गुलाब चंद कटारिया

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया आज नाथद्वारा के पास गायत्री धाम के भूमि पूजन कार्यक्रम में पहुंचे। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में सरदारपुरा गांव के पास गायत्री धाम के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।भूमि पूजन कार्यक्रम के तहत नौ कुडीय गायत्री यज्ञ किया गया। इस दौरान संतों व गायत्री परिवार सहित स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इसके बाद भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। वहीं संतों में सूरज कुंड धाम से संत अवधेश चैतन्य, उत्तम स्वामी, आई कंकू केसर मां गढवाड़ा धाम सहित अतिथि मौजूद रहे। गायत्री परिवार के जोन प्रभारी घनश्याम पालीवाल के अनुसार शिलान्यास समारोह में सवा करोड़ हस्तलिखित गायत्री मंत्र एवं देश के प्रमुख 2400 तीर्थों का जल एवं रज की स्थापना की गई। वही मेवाड़ के प्रमुख तीर्थ श्रीनाथजी, द्वारिकाधीश, चारभुजाजी, सांवरियाजी एवं एकलिंग धाम सहित मेवाड़ के प्रमुख तीर्थों की ईंटे भी स्थापित की गई।

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में श्रेयस अय्यर मुंबई के कप्तान

## 17 सदस्यीय टीम में पृथ्वी शॉ की वापसी; टूर्नामेंट की शुरुआत 23 नवंबर से

**मुंबई।**

डोमेस्टिक टी20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024-25 में मुंबई की कप्तानी श्रेयस अय्यर करेंगे। इसके लिए मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने 17 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। टूर्नामेंट 23 नवंबर से 15 दिसंबर तक खेला जाएगा। मुंबई का पहला मैच गोवा से है। पहले रिपोर्ट्स आई थी कि रणजी ट्रॉफी की तरह रहाणे ही मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी मुंबई की कप्तानी संभालेंगे। लेकिन टी20 फॉर्मेट को ध्यान में रखते हुए अय्यर को कप्तान बनाया गया है। रविवार को एमसीए के एक अधिकारी ने कहा, अय्यर सैयद मुश्ताक अली के लिए मुंबई की टी20 टीम के कप्तान रहेंगे, टीम में शॉ को भी शामिल किया गया है।

### पृथ्वी शॉ की वापसी

25 साल के पृथ्वी शॉ को फिटनेस की वजह से रणजी ट्रॉफी में टीम से बाहर कर दिया गया था। जिसके बाद उनकी टीम में वापसी हुई है। स्क्वॉड में अनुभवी खिलाड़ी अजिंक्य रहाणे, शार्दुल ठाकुर और सिद्धेश लाड जैसे नाम हैं, वहीं सूर्यकुमार यादव भी कुछ मैच के बाद टूर्नामेंट खेल सकते हैं। हाल ही में इंडिया-ए के लिए खेलने वाले तनुष कोटियान का नाम भी टीम में शामिल है।

### अय्यर शानदार फॉर्म में

भारतीय टीम से बाहर चल रहे श्रेयस अय्यर रणजी ट्रॉफी से शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने इस रणजी सीजन में 90.40 की औसत से 452 रन बनाए हैं। जिसमें 1 डबल सेंचुरी और 1 शतक भी शामिल है। उन्होंने ओडिशा के खिलाफ 228 बॉल पर 233 रन की पारी खेली थी। इनिंग में उन्होंने 24 चौके और 9 छक्के जड़े थे। इसके बाद अगले ही मैच में महाराष्ट्र के खिलाफ उन्होंने 190 बॉल पर 142 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 12 चौके और 4 छक्के लगाए। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अय्यर की कप्तानी में अजिंक्य रहाणे खेलते नजर आएंगे। श्रेयस ने भारत के लिए 14 टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान 811 रन बनाए हैं। वे 62 वनडे मैचों में 2421 रन बना चुके हैं। वहीं 51 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 1104 रन बना चुके हैं।

### आईपीएल में कोलकाता ने अय्यर को रिलीज किया

2023 में कोलकाता को तीसरी बार आईपीएल खिताब दिलाने वाले श्रेयस अय्यर को कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2025 से पहले रिलीज कर दिया है। आईपीएल-2025 का मेगा ऑक्शन 24 और 25 नवंबर को होगा। अय्यर के लिए इसमें कई टीम बोली लगा सकती है।



**मुंबई की टीम:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), पृथ्वी शॉ, अंगकृष रघुवंशी, जय बिस्टा, अजिंक्य रहाणे, सिद्धेश लाड, सूर्यांश शेडगे, साईराज पाटिल, हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), आकाश आनंद (विकेटकीपर), शम्स मुलानी, हिमांशु सिंह, तनुष कोटियान, शार्दुल ठाकुर, मोहित अवस्थी, रॉयस्टन डायस और जुनेद खान।

# इंग्लैंड-वेस्टइंडीज आखिरी टी-20 बारिश में धुला

## अंग्रेजों ने 3-1 से जीती 5 मैचों की सीरीज; साकिब महमूद प्लेयर ऑफ द सीरीज



**सेंट लूसिया।**

इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच टी-20 सीरीज का 5वां और आखिरी मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। ऐसे में इंग्लिश टीम ने 5 मैचों की सीरीज 3-1 से अपने नाम कर ली। पिछला मुकाबला वेस्टइंडीज ने 5 विकेट से जीता था।

सेंट लूसिया के ग्रोस आइलेट में रविवार को इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 ओवर में बिना नुकसान के 44 रन ही बनाए थे कि बारिश आ गई और खेल रोकना पड़ा। बाद में इसे रद्द कर दिया गया। साकिब महमूद प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। उन्होंने सबसे ज्यादा 9 विकेट झटके। वेस्टइंडीज का स्कोर 44/0, लुईस-होप नाबाद रहे खेल रोके जाने तक वेस्टइंडीज ने बिना नुकसान के 44 रन बना लिए थे। ओपनर इवेन लुईस 20 बॉल पर 29 और शाई होप 10 बॉल पर 14 रन बना चुके थे। दोनों ने 44 रन की ओपनिंग साझेदारी की। लुईस ने पहला ओवर डाल रहे जोफ्रा आर्चर की दूसरी बॉल पर चौका जमाया। फिर होप के साथ मिलकर 5वें ओवर में टर्नर की बॉल पर तीन बाउंड्री जमाते हुए 16 रन लिए। साकिब महमूद ने सबसे ज्यादा 9 विकेट झटके इंग्लिश मिडियम पेसर साकिब महमूद प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए। उन्होंने इस सीरीज के 4 मैचों में 9 विकेट झटके। वेस्टइंडीज के अल्जारी जोसेफ 4 विकेट लेकर टीम के टॉप विकेट टेकर रहे। इंग्लिश ओपनर फिल सॉल्ट ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने चार पारियों में 162 रन बनाए। इंग्लैंड के नाम रही सीरीज, शुरुआती 3 मैच जीते थे इस मैच के रद्द होने के बाद 5 मैचों की टी-20 सीरीज इंग्लैंड के नाम रही। इंग्लिश टीम ने सीरीज के शुरुआती 3 मुकाबले जीते थे, जबकि चौथे मुकाबले को जीतकर विंडीज की टीम ने वापसी की थी। वेस्टइंडीज ने जीती थी वनडे सीरीज वेस्टइंडीज की टीम ने 3 वनडे मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की थी। टीम ने पहला वनडे 8 विकेट से जीता था। फिर इंग्लैंड ने दूसरा वनडे 5 विकेट से जीतकर सीरीज में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली, लेकिन विंडीज ने निर्णायक मैच को 8 विकेट से जीतते हुए 2-1 से सीरीज जीत ली।

# पीकेएल-11 : पुनेरी पल्टन की जोरदार वापसी के बावजूद जयपुर पिंक पैंथर्स की रोमांचक जीत



**नोएडा।**

पुनेरी पल्टन ने नोएडा इंडोर स्टेडियम में रविवार रात खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 60वें मैच के 29वें मिनट में आकाश शिंदे के सुपर रेड के साथ जयपुर पिंक पैंथर्स को पहली बार आलआउट कर जोरदार वापसी की थी लेकिन अंतिम पलों के रोमांच में जयपुर ने अपने डिफेंस के दम पर शानदार जीत दर्ज की। जयपुर ने यह मैच 30-28 के अंतर से जीता।

जयपुर को 10 मैचों में छठी जीत दिलाने में डिफेंडर अंकुश राठी (6) का अहम योगदान रहा। साथ ही अर्जुन देसवाल (8) और डिफेंस से ही लकी (4) ने भी चमक दिखाई। पल्टन के लिए आकाश शिंदे (7) ही चमक सके। पल्टन को 10 मैचो में तीसरी हार मिली है। इस जीत ने जयपुर को प्वाइंट टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है।

इस रोमांचक मुकाबले के शुरुआती पलों में जयपुर ने 4-2 की लीड बना रखी थी। फिर अंकुश ने पंकज का शिकार कर पल्टन को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया। अर्जुन ने लगातार दो शिकार कर पल्टन को आलआउट की कगार पर ला दिया और फिर इसे अंजाम तक लाते हुए 11-5 की लीड ले ली।

अर्जुन ने आलइन के बाद भी लगातार तीन अंक लेकर जयपुर को 14-6 से आगे कर दिया। अगली रेड पर हालांकि अबिनेश ने उन्हें लपक लिया। अंकुश ने हालांकि पंकज का शिकार कर हिसाब चुकता किया। 10 मिनट बाद जयपुर 16-7 से आगे थे।

ब्रेक के बाद थोड़ा धीमा खेल हुआ। पांच मिनट के खेल में दोनों टीमों को 2-2 अंक मिले। पल्टन ने हालांकि एक बोनस के साथ स्कोर 10-18 कर दिया। पल्टन का डिफेंस अर्जुन को खुलकर खेलने नहीं दे रहा था। इसके बाद दोनों टीमों को डू ओर डाई रेड पर एक-एक अंक मिला।

अमन ने ने आखिरकार अर्जुन का शिकार कर पल्टन को राहत दी। हाफ टाइम तक जयपुर 19-12 से आगे थे। हाफटाइम के बाद अबिनेश ने नीरज को डैश कर इस क्रम को जारी रखा। अंकुश ने हालांकि चार के डिफेंस में मोहित को लपक फासला फिर 7 का कर दिया। फिर अभिजीत ने बोनस लिया और लकी ने पंकज का शिकार कर फासला 9 का कर दिया। पल्टन का रेडिंग विभाग बिल्कुल नहीं चल रहा था। 25 मिनट में उसके नाम सिर्फ 5 रेड प्वाइंट थे। इस बीच अर्जुन डू ओर डाई रेड पर बिना अंक के बाहर हुए। स्कोर अभी भी 22-15 से जयपुर के हक में था। इस बीच अजीत को लपक अंकुश ने हाई-5 पूरा किया लेकिन आकाश शिंदे ने एक बेहतरीन सुपर रेड के साथ 19-23 स्कोर के साथ पल्टन को वापसी की राह दिखाई और जयपुर को आलआउट की ओर धकेल दिया। फिर पल्टन ने जयपुर को पहली बार आलआउट कर स्कोर 22-24 कर दिया। ब्रेक के बाद अर्जुन ने बोनस और टच प्वाइंट लिया और आकाश ने अंकुश का शिकार कर लिया। जयपुर ने अब फासला 3 का कर लिया था। इस बीच अजीत ने बोनस लेर फासला 2 का कर दिया। अगली रेड पर भी अजीत ने एक अंक लिया। अर्जुन की रेड पर दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला।

# केएल राहुल पर्थ टेस्ट में ओपनिंग कर सकते हैं

## फिट होने के बाद प्रैक्टिस शुरू की; चोटिल गिल पहले टेस्ट से बाहर, रोहित भी नहीं खेलेंगे

**नई दिल्ली।**

टॉप ऑर्डर बैटर शुभमन गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। वे शनिवार को प्रैक्टिस मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। हाल ही में दूसरी बार पिता बने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी पहले टेस्ट में नहीं खेलेंगे। उनकी गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह कप्तान होंगे। वहीं, केएल राहुल पहले टेस्ट में ओपनिंग कर सकते हैं।

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने वाका में प्रैक्टिस शुरू कर दी है। राहुल को शुक्रवार को प्रैक्टिस मैच के दौरान दायीं कोहनी में चोट लग गई थी।

उधर, देवदत्त पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया में ही रोक लिया गया है। वे पिछले 20 दिनों से ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट खेलने गई इंडिया-ए टीम का हिस्सा थे। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय टीम मैनेजमेंट ने सिलेक्शन कमेटी से बात करने के बाद पडिक्कल को सीनियर टीम के बैकअप के लिए ऑस्ट्रेलिया में ही रोक लिया है। भारतीय टीम बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई है। टीम दौरे की शुरुआत 22 नवंबर से पर्थ में पहले टेस्ट के साथ करेगी। वहां भारतीय टीम को 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है।

रोहित दूसरे टेस्ट से पहले टीम से जुड़ेंगे क्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित दूसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम से जुड़ेंगे। रोहित ने बीसीसीआई और सिलेक्शन कमेटी को पहले ही बता दिया था कि वे पर्थ टेस्ट को मिस कर सकते हैं। दूसरा टेस्ट 4 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होगा, जो डे-नाइट मैच है। टीम इंडिया के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित दूसरी बार पिता बने हैं। उनकी पत्नी रितिका सजदेह ने 15 नवंबर को देर रात बेटे को जन्म दिया। रोहित की गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह कप्तान होंगे। वहीं, केएल राहुल पहले टेस्ट में ओपनिंग कर सकते हैं।



स्लिप में फील्डिंग के दौरान चोटिल हुए थे गिल शुभमन गिल को शनिवार को पर्थ में मैच सिमुलेशन के दौरान स्लिप में फील्डिंग करते समय उंगली में चोट लगी थी। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक उनके अंगूठे में फ्रैक्चर है और वे पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। हालांकि गिल की चोट को लेकर बीसीसीआई की ओर से अब तक कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है। राहुल पूरी तरह से सहज दिखे राहुल ने रविवार को एक्सरसाइज के बाद काफी देर तक नेट्स में बैटिंग की। बीसीसीआई फिजियोथेरेपिस्ट कमलेश जैन और योगेश परमार ने कहा, वे पूरी तरह फिट हैं, तभी उन्हें बैटिंग की इजाजत दी गई। स्कैन के बाद पता लगा कि उनकी चोट गंभीर नहीं है और ना ही कोई फ्रैक्चर है। शुक्रवार को प्रैक्टिस मैच के दौरान राहुल की कोहनी में प्रसिद्ध कृष्णा की बॉल लगी थी और वे स्कैन के लिए मैदान से बाहर चले गए थे। उन्होंने शनिवार को अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया था। रोहित की गैरमौजूदगी में ओपनिंग के ऑप्शन राहुल राहुल की वापसी टीम इंडिया के लिए राहत की खबर है। 32 साल के राहुल भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के पहला टेस्ट नहीं खेलने पर ओपनिंग के ऑप्शन हैं।

पडिक्कल ने इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू किया था देवदत्त पडिक्कल ने इसी साल मार्च में इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू किया था। उन्होंने अपने पहले ही मैच में 65 रन बनाए थे। हाल ही उन्होंने ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ इंडिया-ए के लिए खेलते हुए चार पारियों में 151 रन बनाए थे, जिसमें 88 रन की इनिंग भी शामिल है।

# मैक्ग्रा बोले- कोहली इमोशनल, उन्हें टारगेट बनाओ

## न्यूजीलैंड से हारकर दबाव में होंगे, ऑस्ट्रेलिया ज्यादा अग्रेसिव हुआ तो नुकसान भी संभव



**पर्थ।**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को विराट कोहली पर दबाव बनाने की सलाह दी है। 54 साल के इस दिग्गज ने कहा, %आउट ऑफ फॉर्म चल रहे कोहली खराब शुरुआत के चलते दबाव में होंगे। कंगारुओं को उन्हें टारगेट बनाना चाहिए। न्यूजीलैंड से हार के बाद अब ऑस्ट्रेलिया के पास उनके खिलाफ काफी गोला-बारूद है।

भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत 22 नवंबर से हो रही है। पहला मुकाबला पर्थ में खेला जाएगा। टीम इंडिया को वहां 5 टेस्ट की सीरीज खेलनी है और यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से अहम है। भारत को अपने दम पर फाइनल तक पहुंचने के लिए 5 में से 4 मैच जीतने ही होंगे।

### न्यूजीलैंड सीरीज में कोहली नहीं चले

मैक्ग्रा ने ऑस्ट्रेलियन मीडिया हाउस फॉक्स क्रिकेट से कहा, कोहली पर दबाव डालें और देखें कि वे इसके लिए तैयार हैं या नहीं। फॉक्स ने कहा कि पिछले एक दशक से ज्यादा समय से भारतीय बैटिंग के लीडर रहे कोहली खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। इस साल 6 मैचों में उनका औसत 22.72 का रहा है। न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज में भी कोहली कुछ खास नहीं कर पाए। खराब फॉर्म से जूझते रहे।

अब ऑस्ट्रेलिया में सीरीज से पहले चोटिल शुभमन गिल पहले टेस्ट से बाहर हो चुके हैं। कप्तान रोहित शर्मा पहला टेस्ट खेलेंगे या नहीं, यह अभी साफ नहीं है। कोहली पर बैटिंग लाइनअप को लीड करने का दबाव होगा।%

मैक्ग्रा की चेतावनी- ज्यादा आक्रामकता से नतीजा उल्टा भी हो सकता है मैक्ग्रा ने अपने प्लेयर्स को चेतावनी भी दी है कि कोहली को ज्यादा आक्रामक तरीके से निशाना बनाना नुकसान भी कर सकता है। हो सकता है कि कोहली दबाव से बाहर आ जाएं और खड़े हो जाएं, डट जाएं क्योंकि कोहली ऐसा खिलाड़ी है, जिसकी फॉर्म खराब चल रही है तो चल रही है, लेकिन अगर वो डट जाएगा तो डट ही जाएगा।

बता दें कि कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के पिछले चार दौरों में 54.08 के प्रभावशाली औसत से रन बनाए हैं।

# आकिब जावेद पाकिस्तान के नए हेड कोच होंगे : जेसन गिलेस्पी की जगह लेंगे, जिम्बाब्वे दौरे से शुरू कर सकते है कोचिंग

**नई दिल्ली।**

पूर्व पाकिस्तानी बॉलर आकिब जावेद पाकिस्तानी टीम के नए हेड कोच बन सकते हैं। श्वस्क्क की रिपोर्ट के मुताबिक जेसन गिलेस्पी को हटाकर आकिब जावेद को सभी फॉर्मेट की जिम्मेदारी दी जा सकती है। गिलेस्पी को हाल ही में व्हाइट बॉल फॉर्मेट के हेड कोच गैरी कर्स्टन के रिजाइन देने के बाद पाकिस्तान का कोच बनाया गया था। आकिब अभी पाकिस्तान मेंस क्रिकेट सिलेक्शन कमेटी में बतौर कन्वीनर काम कर रहे हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस डिसीजन का एनाउंसमेंट सोमवार को कर सकता है।

### जिम्बाब्वे दौरे से शुरू कर सकते है कोचिंग

पाकिस्तान क्रिकेट टीम सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा और आखिरी टी-20 मैच खेलेगी। इसके बाद टीम को जिम्बाब्वे का दौरा करना है, जहां आकिब जावेद को व्हाइट-बॉल हेड कोच बनाया जाएगा। आकिब पूर्व में पकिस्तान टीम के असिस्टेंट कोच भी रह चुके हैं। उन्हें 2013 में



श्व ने अपना हेड कोच बनाया था।

### गैरी कर्स्टन ने छह महीने में कोचिंग छोड़ी

हाल ही में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने कप्तानों और मुख्य कोचों से चयन करने का अधिकार छीन लिया है। यही कारण था कि गैरी कर्स्टन ने छह महीने बाद ही पद छोड़ दिया था।

### जावेद सिलेक्शन कमेटी के कन्वीनर

जावेद को हाल ही में पीसीबी के पांच राष्ट्रीय चयनकर्ताओं में में शामिल किया गया था। जिसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन किया और पाक टीम ने तीन साल और आठ महीने के बाद घरेलू टेस्ट सीरीज जीती। रिपोर्ट के मुताबिक जावेद ने सपाट पिचों के बजाय स्पिन के अनुकूल पिच बनाने पर जोर दिया था। ऐसा माना जाता है कि गिलेस्पी कोच थे, लेकिन जावेद फैसले ले रहे थे। वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद मिकी आर्थर ने इस्तीफा दिया आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद पीसीबी ने अपने सपोर्ट स्टाफ में कई बदलाव किए। टीम वनडे वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाइ नहीं कर सकी थी।

मिकी आर्थर, ग्रांट ब्रैडबर्न और एंड्रयू पुटिक ने वर्ल्ड कप के बाद अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था। आर्थर को अप्रैल 2023 में पाकिस्तान मेंस क्रिकेट टीम का निदेशक नियुक्त किया गया था। ब्रैडबर्न को पिछले साल की शुरुआत में टीम का मुख्य कोच घोषित किया गया था।

# हम पीकेएल में एक बार में एक गेम पर ध्यान देते हैं ~ मनप्रीत सिंह



**नोएडा।** हरियाणा स्टीलर्स प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 11 में अब तक शानदार फॉर्म में है और अपने प्रदर्शन की बदौलत वह तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। लगातार पांच जीत के साथ हरियाणा ने खुद को प्वाइंट टेबल के शीर्ष पर मजबूत किया है। हरियाणा स्टीलर्स के लगातार अच्छे प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए कोच मनप्रीत सिंह ने पीकेएल की ओर से जारी बयान में कहा, हम पीकेएल में एक बार में एक गेम पर ध्यान देते हैं। इसमें 22 गेम हैं और हम हर गेम के लिए तैयारी करते हैं। हम जीत की लय पर बहुत ज्यादा ध्यान नहीं देते। पीकेएल युवा खिलाड़ियों के लिए एक बेहतरीन प्लेटफ़ॉर्म है और उन्हें अच्छा प्रदर्शन करते देखना बहुत अच्छा लगता है। एक कोच के तौर पर युवा खिलाड़ियों के साथ काम करना बहुत अच्छा लगता है और मैं भी थोड़ा युवा महसूस करता हूं। हरियाणा स्टीलर्स के लिए, उनकी डिफेंसिव यूनिट हमेशा की तरह मजबूत रही है। तमिल थलाइवाज के खिलाफ खेल में, डिफेंडरों ने अंतिम मिनटों में खेल पर नियंत्रण करके जीत को सुनिश्चित किया। खेल के उस चरण को याद करते हुए, कप्तान जयदीप दहिया ने कहा, यह एक अच्छी जीत थी और हम एक टीम के रूप में बहुत खुश हैं। हम शुरुआत में थोड़ा जल्दबाजी कर रहे थे, फिर अंत में रक्षात्मक रूप से चीजों को नियंत्रित करने में सक्षम थे जिससे हमें जीत हासिल करने में मदद मिली। तेलुगु टाइटन्स के खिलाफ अपने आगामी मैच को लेकर कोच मनप्रीत सिंह ने कहा, अगर पवन सेहरावत खेलते हैं, तो वह वन-मैन आर्मी की तरह हैं और हमें उन पर नज़र रखनी होगी। पवन के बिना, यह हमारे लिए थोड़ा आसान हो सकता है, लेकिन हम यह ध्यान में रखते हुए तैयारी करेंगे कि वह खेलेंगे।

# बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी : भारत ने जापान को 3-0 से हराया, सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**राजगीर।**

भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को राजगीर हॉकी स्टेडियम में बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के अपने आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में जापान को 3-0 से हराया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने अजेय रहते सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका सामना 19 नवंबर को एक बार फिर जापान के साथ होगा, जो तालिका में चौथे स्थान पर रहा।

मैच में जापान ने पहले भाग में अनुकरणीय रक्षा का प्रदर्शन किया लेकिन दूसरे हाफ में नवनीत कौर (37%) और दीपिका (47%, 48%) के गोल ने भारत की जीत पक्की कर दी।

भारत ने धीमी और धैर्यपूर्ण पारी के साथ




खेल की शुरुआत की और जापान पर दबाव बनाए रखा। हालांकि पहले क्वार्टर में कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी।

जापान ने गेंद पर अधिक नियंत्रण के साथ दूसरे क्वार्टर की शुरुआत की, भारत के शूटिंग सर्कल की जांच की लेकिन अपने बचाव में कोई रास्ता नहीं ढूंढ सका।

दोनों टीमों ने सर्कल में प्रवेश किया, लेकिन दोनों टीमों को गोल करने का अवसर नहीं मिला। भारत को हाफटाइम सीटी बजने से पांच मिनट पहले पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारत इस मौके को नहीं भुना पाया। मध्यांतर तक दोनों टीमें गोल नहीं कर सकीं और स्कोर 0-0 रहा।

भारत ने तीसरे क्वार्टर की शुरुआत फ्रंटफुट पर की। लालरेम्सियामी ने केंद्र से होते हुए सलीमा टेटे को पास दिया, जिन्होंने तुरंत इसे दीपिका तक पहुंचा दिया। हालाँकि, दीपिका का टैम शॉट आसानी से दूर हो गया। मैच के 37वें मिनट में नवनीत कौर ने गोल कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। तीसरे क्वार्टर की समाप्ति पर ।भारत 1-0 से आगे रहा।

जो लोग असफलता का सामना करने से डरते हैं वे कभी भी महान नहीं बन सकते।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



## राष्ट्रपति के सचिव को सुप्रीम कोर्ट का आदेश : पंजाब के पूर्व सीएम के हत्यारे की दया याचिका राष्ट्रपति के सामने रखें

बढ़ता राजस्थान

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब के पूर्व सीएम बेअंत सिंह के हत्यारे बलवंत सिंह राजोआना की दया याचिका सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति के पास भेजी है। कोर्ट ने राष्ट्रपति के सचिव को आदेश दिया है कि इसे राष्ट्रपति के सामने रखें। साथ ही उनसे अनुरोध करें कि दो हफ्ते में इस पर फैसला ले लें। राजोआना को 1995 में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई गई थी। बेअंत सिंह का कत्ल 31 अगस्त 1995 को किया गया था। बलवंत सिंह राजोआना के बयान के अनुसार, उसने और पंजाब पुलिस के मुलाजिम दिलावर सिंह ने बेअंत सिंह को मानव बम से उड़ा दिया था। दिलावर सिंह ने मानव बम बनकर बेअंत सिंह पर हमला किया था। साजिश इस तरह रची गई थी कि अगर दिलावर फेल हो जाता तो राजोआना की तरफ से हमला किया जाना था। कोर्ट ने राजोआना को फांसी की सजा सुनाई थी।

### केंद्र के जवाब के बाद कोर्ट ने निर्णय लिया

पिछली सुनवाई में जस्टिस बीआर गवई, प्रशांत कुमार मिश्रा और केवी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र सरकार से इस मामले में जवाब तलब किया था। आज की सुनवाई में केंद्र ने जवाब दाखिल किया है। इसके बाद कोर्ट ने मामला राष्ट्रपति के पास भेजने का फैसला लिया। राजोआना ने याचिका में मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदलने की मांग की है। याचिका में दलील दी गई है कि भारत सरकार ने उसकी दया याचिका में फैसला लेने में काफी देर की है। वह करीब 29 साल से जेल में बंद है।

### अदालत में ये दलीलें रखी गईं

बता दें कि राजोआना के सीनियर वकील मुकुल रोहतगी ने दया याचिका पर फैसला करने में देरी को चौंकाने वाला बताया था। उन्होंने कहा था कि यह व्यक्ति आज तक 29 वर्षों से लगातार हिरासत में है। मूल रूप से उसे 1996 में बम विस्फोट के अपराध के लिए दोषी ठहराया गया था।

# राजस्थान में तेज होगी सर्दी, 7 जिलों में छाया कोहरा

## 5 ट्रेनें हुई लेट, जयपुर में सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में इस सीजन तेज सर्दी का दौर भले ही अब तक शुरू नहीं हुआ हो, लेकिन घना कोहरा पड़ना शुरू हो गया। रविवार को उत्तरी राजस्थान के 8 जिलों में कोहरा रहा। जयपुर में रविवार दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।

इस सीजन का जिले का सबसे ठंडा दिन रहा। वहीं, सोमवार को भी 7 जिलों झुंझुनूं, सीकर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, नीमका थाना और श्रीगंगानगर में कोहरा छाया। कोहरे के कारण 5 ट्रेनें देरी से रवाना हुई। पिछले 24 घंटे के मौसम की स्थिति देखें तो श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ के अलावा बीकानेर, झुंझुनूं, सीकर, चूरू, जैसलमेर और जोधपुर के कुछ हिस्सों में रविवार को घना कोहरा रहा। श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं में तो विजिबिलिटी 100 मीटर से भी कम होने की स्थिति को देखते हुए मौसम विभाग ने इन जिलों को ऑरेंज जोन में रखा। दिन में घने कोहरा और हल्की हवा चलने के कारण रविवार को 11 शहरों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक भी नहीं पहुंचा। इसमें जयपुर के अलावा श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, पिलानी, सिरोही, फतेहपुर, सीकर, उदयपुर, फलौदी, बीकानेर शामिल है।




### माउंट आबू में लगातार चौथे दिन पारा 10 डिग्री से नीचे

हिल स्टेशन माउंट आबू में रविवार को भी लगातार चौथे दिन रात में तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ। यहां न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सिरोही में न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस, फतेहपुर में 13, उदयपुर, सीकर, पिलानी में 14-14, भीलवाड़ा में 14.2, करौली में 14.5, बारां, चित्तौड़गढ़ में 14.8 और जालोर में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### ट्रेनों पर कोहरे का असर

- उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया- उत्तरी राज्यों जैसे यूपी, बिहार, बंगाल, झारखंड में कोहरे का असर रेल संचालन पर पड़ा है। ट्रेनें देरी से चल रही है। गाड़ी संख्या 12988- अजमेर-सियालदाह एक्सप्रेस सोमवार को दोपहर 12:50 बजे रवाना होनी थी, अब 5 घंटे की देरी से शाम 5:50 बजे चलेगी।
- गाड़ी संख्या 05538- दौराई-दरभंगा स्पेशल भी 7 घंटे की देरी से सुबह 6:45 बजे रवाना हुई। गाड़ी संख्या 12968- जयपुर-चेन्नई एक्सप्रेस 7 घंटे की देरी से रविवार रात 2:35 बजे रवाना की गई। गाड़ी संख्या 12988- अजमेर-सियालदाह एक्सप्रेस को 17 नवंबर को 3 घंटे 25 मिनट की देरी के साथ 4:15 बजे रवाना हुई थी।
- गाड़ी संख्या 05098- दौराई-टनकपुर स्पेशल भी 16 नवंबर को निर्धारित समय 4:05 बजे के बजाय 2 घंटे 55 मिनट की देरी से शाम 7 बजे रवाना हुई थी। जयपुर में रविवार को अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो औसत अधिकतम तापमान से 1.4 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। पूरे प्रदेश में पिलानी (झुंझुनूं) में रविवार को सबसे ठंडा दिन रहा। जहां का न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो यहां के औसत अधिकतम तापमान से 11 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। चूरू में 17 नवंबर को अधिकतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस (औसत से 8.7 डिग्री नीचे) दर्ज हुआ।

**अब आगे क्या :** जयपुर मौसम विज्ञान केंद्र ने राजस्थान में अगले तीन-चार दिन उत्तरी राजस्थान के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और इसके आसपास के जिलों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना जताई है। इसके साथ ही राजस्थान में अगले सप्ताह यानी 3-4 दिन में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट होने और सर्दी तेज होने की संभावना जताई है।

## पाकिस्तानी डॉन भट्टी के बाद खोखर की मिथुन को धमकी

### बोला- माफी मांग वर्ना पीछा नहीं छोड़ूंगा, बर्दाश्त नहीं हो रहा; पहले राइट हैंड धमका चुका

बढ़ता राजस्थान

**जालंधर (एजेंसी)।** भाजपा नेता और बॉलीवुड एक्टर मिथुन चक्रवर्ती को फिर से पाकिस्तान से धमकी मिली है। इस बार पाकिस्तान के सबसे बड़े माफिया डॉन फारुख खोखर ने एक्टर को धमकाया है। डॉन खोखर ने मिथुन से कहा कि तुम माफी मांग लो, वर्ना मैं तुम्हारे पीछे पड़ा रहूंगा। मिथुन का बयान मुझसे बर्दाश्त नहीं हो रहा है। 27 अक्टूबर को कोलकाता में अमित शाह की मौजूदगी में एक रैली में मिथुन चक्रवर्ती ने कहा था, एक नेता ने कहा था कि यहां 70% मुस्लिम हैं और हिंदू यहां 30% हैं। हिंदुओं को काटकर भागीरथी में बहा देंगे। मैं कहता हूं कि हम तुम्हें काटकर भागीरथी में तो नहीं बहाएंगे, लेकिन तुम्हें तुम्हारी जमीन पर जरूर दफना देंगे। इससे पहले फारुख खोखर के राइट हैंड शहजाद भट्टी ने मिथुन को धमकाते हुए कहा था कि वे माफी मांग लें, वरना इस बकवास के लिए पछताना पड़ सकता है। इस पर मिथुन ने कहा था कि उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की खेल एवं युवा मामले विभाग की समीक्षा

# खेलों में उपलब्ध करवाएंगे विश्वस्तरीय सुविधाएं, प्रदेश को खेलों में अग्रणी बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता : सीएम शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान का युवा बेहद प्रतिभाशाली है तथा यहां की खेल प्रतिभाओं में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की क्षमता है। राज्य सरकार द्वारा खेल क्षेत्र में विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जा रही हैं जिससे खिलाड़ी प्रदेश का नाम गौरवान्वित करें। प्रदेश को खेलों में अग्रणी बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में खेल एवं युवा मामले विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि युवाओं के सर्वांगीण विकास एवं खेलों को बढ़ावा देने के लिए की गई सभी बजटीय घोषणाओं का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए जिससे इन घोषणाओं एवं योजनाओं का फायदा हमारे प्रदेश के युवाओं एवं खिलाड़ियों तक जल्द से जल्द पहुंचे।

**शीघ्र लाएंगे युवा एवं खेल नीति :** मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के सर्वांगीण विकास, उन्हें प्रोत्साहित करने तथा उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए राज्य सरकार शीघ्र ही युवा नीति लाएगी। उन्होंने कहा कि युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण में भी खेलों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। प्रदेश में प्रत्येक स्तर पर खेलों के प्रोत्साहन के लिए समुचित वातावरण तैयार किया जा रहा है। खेल के बुनियादी ढांचे के साथ विज्ञान, विश्लेषण, काउंसलिंग तथा पोषण को समावेश करते हुए खेल नीति-2024 भी तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इन दोनों नीतियों को अंतिम रूप देते हुए आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का नाम खेल के क्षेत्र में उन्नति के शिखर पर ले जाने के लिए मिशन ओलंपिक- 2028 की शुरूआत की गई है। इसके माध्यम से प्रदेश के 50 सबसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को ओलम्पिक खेलों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके लिए जयपुर में 100 करोड़ रुपये की लागत से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फोर स्पोर्ट्स का निर्माण किया जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसे शीघ्र पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद एवं राजस्थान युवा बोर्ड की कार्यप्रणाली, प्रत्येक संभाग पर युवा साथी केन्द्र स्थापित करने, महाराणा प्रताप खेल विश्वविद्यालय स्थापित करने, टारगेट ओलंपिक पोडियम (टीओपी), राज्य युवा महोत्सव, पदक विजेताओं को आउट ऑफ टर्न नियुक्ति सहित विभिन्न विषयों की समीक्षा भी की।

## भाजपा में शामिल हुए कैलाश गहलोत

### कहा- ईडी-सीबीआई के दबाव में आप नहीं छोड़ी, आतिशी कैबिनेट और पार्टी से इस्तीफा दिया था




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी और दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री पद से इस्तीफा देने के 24 घंटे बाद कैलाश गहलोत सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी मौजूद थे। भाजपा में शामिल होने के बाद कैलाश गहलोत ने कहा- लोग सोचते होंगे कि रातों-रात ये फैसला ले लिया। किसी के दबाव में आकर फैसला लिया, लेकिन मैं बता दूं कि मैंने जीवन में कभी दबाव में कोई काम नहीं किया है। सुनने में आ रहा है कि ईडी, सीबीआई के दबाव में मैंने ऐसा कर दिया, लेकिन ऐसा नहीं है। गहलोत ने कहा, वकालत छोड़कर मैं आम आदमी पार्टी से जुड़ा। अन्नाजी के वक्त से जुड़ा था। हजारों-लाखों कार्यकर्ताओं ने अपनी नौकरी और काम छोड़ा। हम एक विचारधारा से जुड़े, एक पार्टी और एक व्यक्ति में हमें उम्मीद दिखी थी। लगातार दिल्लीवासियों की सेवा के मकसद से जुड़ा था, राजनीति से जुड़ने का सिर्फ यही मकसद था। उन्होंने कहा, जब अपनी आंखों के सामने जिन मूल्यों के लिए पार्टी जॉइन की थी, उनके साथ समझौता होते देखता हूं तो कष्ट होता है। मेरी पीड़ा है और हजारों-लाखों कार्यकर्ताओं की यही भावना है। आम आदमी की सेवा के लिए जुड़े थे, लेकिन वो सभी आम आदमी लगता है कि खास हो गए हैं।

## 29वीं राजस्थान आवासन मण्डल कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मण्डल कर्मचारी खेलकूद की 29वीं प्रतियोगिता के चार दिवस में हुए समापन के दिनों में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया इस संदर्भ में जानकारी देते हुये केन्द्रीय खेलकूद संचालन समिति के संयोजक दारा सिंह एवं आयोजन सचिव संजय शर्मा ने बताया कि 29वीं खेलकूद प्रतियोगिता के चार दिवस में हुये विभिन्न खेलों जैसे टेबिल टेनिस, बास्केटवाल, क्रिकेट, बॉलीवॉल, बास्केटबॉल, कैरम एवं बेडमिन्टन आदि फाईनल प्रतियोगिताऐं सम्पन्न हुई। लम्बी कूद और ऊँची कूद एकल प्रतियोगितायें आयोजित की गई। लम्बी कूद में मुख्यालय एवं ऊँची कूद में जोन-तृतीय विजेता रहे। खेलकूद आयोजन समिति एवं केन्द्रीय संचालन समिति ने बताया कि आवासन मण्डल कर्मियों की चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता के अन्तिम सत्र एवं समापन समारोह में महिला कार्मिकों की तेजचाल, म्यूजिकल चेयर एवं बेडमिन्टन 55 वर्ष से अधिक आयु के अधिकारियों की बेडमिन्टन, टेबिलटेनिस, कैरम, रस्साकसी एवं तेजचाल प्रतियोगिता के साथ ही समापन के अन्तिम दिवस पर दिव्यांग कर्मचारियों की भी खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। आयोजन समिति एवं राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री दशरथ कुमार व महामंत्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि राजस्थान आवासन मण्डल कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. रश्मि शर्मा एवं समारोह की अध्यक्षता मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल द्वारा की गई।


## बाराती ने 9 लोगों को कार से कुचला दुल्हन के भाई की मौत, 6 की हालत गंभीर

बढ़ता राजस्थान

**लालसोट (दौसा)।** शादी में पटाखे फोड़ने के विवाद में बाराती ने कार से दुल्हन पक्ष के 9 लोगों को कुचल दिया। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। लोगों ने घायलों को दौसा के अस्पताल में भर्ती कराया,जहां से 7 की हालत गंभीर होने पर जयपुर रेफर कर दिया। सोमवार सुबह इलाज के दौरान दुल्हन के चचेरे भाई की मौत हो गई। 6 घायलों का इलाज जारी है। घटना दौसा के लालसोट इलाके में रविवार रात 9:30 बजे की है। पुलिस ने कार मालिक को डिटेन किया है। हालांकि वह नशे में है और कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं है। डीएसपी दिलीप मीणा ने बताया- लाडपुरा गांव के रहने वाले कैलाश मीणा की बेटी की रविवार को शादी थी। रात करीब 9:30 बजे निवाई के भगवतपुरा से बारात आई थी। बाराती कार के बोनट और छत पर खड़े होकर पटाखे फोड़ रहे थे। दुल्हन का चचेरा भाई गोलू मीणा (22) घर आ रहा था। उसने पटाखे चला रहे बाराती से साइड मांगी, तो दोनों में विवाद हो गया। दुल्हन के भाई से बारातियों ने बेल्ट से मारपीट की। लोगों ने बीच-बचाव कर उनको छुड़ाया। इसके बाद दुल्हन पक्ष के लोग घायल गोलू को अस्पताल ले जाने के लिए गाड़ी में बैठा रहे थे। इसी दौरान बाराती ने बदला लेने के लिए अपनी कार से दुल्हन पक्ष केलोगों को कुचल दिया। इनमें से 7 लोगों को गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया था।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# झारखंड को लूटने वालों को जनता देगी जवाब, लोगों को बांटने वाले नेता समाज और देश के दुश्मन : योगी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि झामुमो-राजद-कांग्रेस ने अटल बिहारी वाजपेयी के समृद्ध झारखंड के सपने को बर्बाद कर दिया, राज्य में समृद्ध प्राकृतिक संसाधनों के बावजूद यहां के लोग गरीब हैं। राजमहल में आयोजित रैली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन ने झारखंड के विकास को रोक दिया और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भेजे गए धन को लूट लिया। उन्होंने दावा किया कि झारखंड के कुछ हिस्सों को रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठिये अवैध गतिविधियों के केंद्र में तब्दील कर रहे हैं।

योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश जैसी डबल इंजन वाली सरकार ही झारखंड में घुसपैठ, गोहत्या और महिलाओं पर अत्याचार का एकमात्र समाधान है। उन्होंने दावा किया कि राजग, झारखंड में दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाएगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि झारखंड में राजग की सरकार बनते ही घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा और डेढ़ लाख युवाओं को नौकरी दी जाएगी। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब हिंदू विभाजित हुए तो उन्हें गुलामी का सामना करना पड़ा; अब 'एक रहेंगे, सेफ रहेंगे, न बंटेंगे, न कटेंगे' का समय है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि जाति के आधार पर लोगों को बांटने वाले नेताओं से सावधान रहें, वे समाज और देश के दुश्मन हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, राजद और झामुमो ने अटल जी के विजन को चलाने का काम किया है।

प्राकृतिक रूप से समृद्ध झारखंड विकास में पिछड़ गया है। राज्य इसलिए पिछड़ गया क्योंकि उसे केंद्र सरकार और



विकास की योजनाओं से वंचित रखा गया। कांग्रेस और जेएमएम नेताओं के आवास पर पैसा मिल रहा है। योगी ने सवाल किया कि क्या ये पैसा कांग्रेस, राजद या झामुमो का है? नहीं, ये पैसा पीएम ने राज्य के विकास के लिए भेजा था जिसे जेएमएम के लोगों ने लूट लिया। इसलिए मैं आज यहां आप सभी से अपील करने आया हूं कि राज्य के विकास के लिए, राज्य के लिए डबल इंजन की सरकार महत्वपूर्ण है।